जबलपुर
बुधवार, 9 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष–14
वर्ष : 20, अंक : 70
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## 10 जुलाई को 6वीं व 9वीं कक्षाओं में एडमिशन लेने वाले 15 लाख छात्र-छात्राओं को साइकिल की सौगात भी देंगे



# मुख्यमंत्री 12 जुलाई को लाड़ली बहनों के बैंक खातों में भेजेंगे राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लाड़ली बहना योजना की 26 वीं किस्त की राशि इस बार 12 जुलाई को उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम से बहनों के बैंक खातों में डालेंगे। मुख्यमंत्री अगले महीने अगस्त की किस्त में लाड़ली बहनों को 250 रुपए राखी के त्यौहार की सौगात भी देंगे। मुख्यमंत्री इससे पहले 10 जुलाई को 6 वीं व 9 वीं कक्षाओं में एडमिशन लेने वाले 15 लाख छात्र-छात्राओं को साइकिल की सौगात भी देंगे। उधर, मुख्यमंत्री डॉ. यादव व भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई मंत्रियों व वरिष्ठ नेताओं से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 12 जुलाई को कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

लाड़ली बहनों को 250 रुपए भेजकर राखी के त्यौहार की सौगात भी देंगे

### नई दिल्ली में नड्डा शाह, राजनाथ से मुलाकात की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल मंगलवार को दोपहर बाद भोपाल से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। दोनों ने देर शाम करीब 6 बजे सबसे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से सौजन्य भेंट की। फिर गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी भेंट की। मप्र से सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और जी किशन रेड्डी से मुलाकात की।

पीएम मोदी ने **भारत का दृष्टिकोण** साझा किया

# भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने को तैयार



भारतीय वेशभूषा में पीएम मोदी का भव्य स्वागत

*पीएम ने कहा-इस दौरान 'मानवता पहले' के दृष्टिकोण के साथ वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को केंद्र में रखकर ब्रिक्स को एक नए और अधिक प्रभावशाली मंच के रूप में प्रस्तुत करेगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के रियो-डी-जनेरियो में 6-7 जुलाई को आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने 'पर्यावरण, सीओपी-30 और वैश्विक स्वास्थ्य' पर आयोजित विशेष सत्र में भारत का दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। इस दौरान मानवता पहले के दृष्टिकोण के साथ वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को केंद्र में रखकर ब्रिक्स को एक नए और अधिक प्रभावशाली मंच के रूप में प्रस्तुत करेगा।

### ब्रिक्स को क्षमता निर्माण, सहयोग का माध्यम बनाया जाएगा

प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स के वैक्सीन अनुसंधान और विकास केंद्र (2022) और अब जारी सामाजिक रूप से निर्धारित बीमारियों के उन्मूलन के लिए ब्रिक्स साझेदारी को ब्रिक्स के सहयोग को और मजबूत करने वाला बताया। उ

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखो
TATA PLAY चैनल न. 1155
airtel चैनल न. 366


**खबर संक्षेप**

### ट्रेन की चपेट में आई स्कूल बस, तीन छात्रों की मौत



**चेन्नई।** तमिलनाडु में कडलूर जिले के सेम्मनगुप्पम में मंगलवार सुबह एक स्कूल वैन के चलती ट्रेन की चपेट में आने के कारण तीन छात्रों की मौत हो गई। दक्षिण रेलवे ने इस 'दुखद घटना' के लिए माफी मांगी है और उसने बताया कि रेलवे फाटक पर तैनात 'गेटकीपर' को निलंबित कर दिया गया है तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अश्विनी वैष्णव के पिता का जोधपुर में निधन



**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का मंगलवार को एम्स, जोधपुर में निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार शाम को जोधपुर में किया गया। पिछले कुछ दिनों से दाऊलाल वैष्णव गंभीर रूप से बीमार थे और एम्स जोधपुर में उनका इलाज चल रहा था।

### बिटचैट लॉन्च: बिना इंटरनेट के चैटिंग



**नई दिल्ली।** ट्वीटर के को-फाउंडर जैक डोर्सी ने नया मैसेजिंग एप रिलीज किया है। इसकी खासियत है कि यह बिना इंटरनेट के भी काम करेगा। इस एप का नाम बिटचैट है, जो बिना सेंट्रलाइज्ड सर्वर या फोन नेटवर्क के काम करेगा। प्राइवेसी को फोकस में रखते हुए इसे फिलहाल आईफोन यूजर्स टेस्ट फ्लाइट मोड में इस्तेमाल कर सकते हैं।

हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने प्रदेश के मुख्य सचिव व सभी विभागों के प्रमुख सचिवों को इस संबंध में स्पष्ट आदेश दिया

# बड़ा फैसला : प्रदेश भर में अब सड़कों और चौराहों पर नहीं लगेंगी नई प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश में अब किसी चौराहे या सड़क पर महापुरुषों या किसी अन्य की प्रतिमा नहीं लगेगी। हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने मुख्य सचिव व सभी विभागों के प्रमुख सचिवों को इस संबंध में आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि पूर्व में भी इस संबंध में आदेश दिया जा चुका है, उसका पालन सुनिश्चित करवाया जाए। हाई कोर्ट ने यह आदेश उज्जैन जिले के माकड़ोन तहसील निवासी राजेश कुमार की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सोमवार को दिया। याचिका में कहा गया था कि माकड़ोन में कुछ समय पहले चौराहे पर लगी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को पाटीदार समाज के लोगों ने तोड़ दिया था। वे वहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा लगाना चाहते थे। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने के बाद वहां स्थिति अनियंत्रित हो गई थी। कई दिनों तक यह स्थिति बनी रही। इसके बाद कई समाजिक संस्थाओं ने माकड़ोन नगर परिषद से अलग-अलग महापुरुषों की प्रतिमा लगाने की अनुमति मांगी। परिषद ने विवाद से बचने के लिए उन्हें अलग-अलग स्थानों पर प्रतिमा लगाने की अनुमति देने का आश्वासन भी दिया।

**मुख्यपीठ** द्वारा वर्ष 2023 में दिए गए आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए

**वर्तमान में** लगीं प्रतिमाओं पर नहीं होगा कोई असर

इस फैसले को प्रदेश में सार्वजनिक स्थलों पर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और यातायात नियंत्रण को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे स्थानीय प्रशासन के निर्णयों में एकरूपता आएगी और चौराहों को लेकर होने वाले विवादों पर विराम लग सकेगा।



- ▶▶ याचिका में कहा गया- चौराहे-चौराहे प्रतिमा लग जाएंगी तो यातायात नियंत्रित करना मुश्किल हो जाएगा
- ▶▶ हर समाज अपने महापुरुष की प्रतिमा अपने पसंद के चौराहे पर लगाने के लिए अड़ेगा और फिर दूसरे समाज से लड़ेगा

मुख्यपीठ ने कहा था...

**ऐसे किसी कृत्य की अनुमति नहीं दी जा सकती, जिससे यातायात बाधित होता हो**

याचिकाकर्ता ने इस संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया, लेकिन कुछ नहीं किया गया। इसके बाद जनहित याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि हाई कोर्ट की जबलपुर मुख्य पीठ वर्ष 2023 में इस संबंध में स्पष्ट आदेश दे चुकी है। मुख्य पीठ ने चौराहों और सड़कों पर प्रतिमाएं लगाने पर रोक लगाते हुए कहा था कि ऐसे किसी कृत्य की अनुमति नहीं दी जा सकती, जिससे यातायात बाधित होता हो। इस स्पष्ट आदेश के बावजूद चौराहों पर प्रतिमा लगाने की अनुमति दे दी जाती है। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद याचिका का निराकरण करते हुए आदेश दिया कि मुख्य सचिव और सभी विभागों के प्रमुख सचिव सुनिश्चित करें कि मुख्यपीठ द्वारा वर्ष 2023 में दिए गए आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस आदेश के बाद अब प्रदेशभर में चौराहे और सड़कों पर प्रतिमाएं स्थापित करने पर रोक लगेगी। हालांकि, इस आदेश का कोई असर वर्तमान में स्थापित प्रतिमाओं पर नहीं पड़ेगा।



फाइल फोटो

### हाईकोर्ट का स्पष्ट रुख

एडवोकेट मनीष यादव और नेहुल वर्मा के मुताबिक सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह भी बताया गया कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर मुख्य पीठ ने वर्ष 2023 में ही इस विषय में स्पष्ट आदेश दे दिया था, जिसमें चौराहों और सड़कों पर प्रतिमाएं लगाने पर पूरी तरह से रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा कई बार अनुमति दे दी जाती है, जिससे कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था दोनों प्रभावित होते हैं।

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की रिपोर्ट में खुलासा

# पुलवामा अटैक में इस्तेमाल 'विस्फोटक' अमेजन की वेबसाइट से खरीदा गया था

गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेपॉल से पेमेंट हुआ

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किया जा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल किया गया विस्फोटक पदार्थ ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि किस तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का भी इस्तेमाल कर रहे हैं।



फाइल फोटो

### गोरखनाथ मंदिर के हमलावर का भी विदेशी कनेक्शन

एफएटीएफ की रिपोर्ट में दूसरा उदाहरण यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर 4 अप्रैल 2022 में हुए हमले का दिया गया। इसमें एक शख्स ने ने वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों पर धारदार दरांती से हमला किया था।

**रायपुर जा** रहे विमान में तकनीकी खराबी

## इंदौर में इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर से रायपुर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में उड़ान के करीब आधे घंटे बाद तकनीकी खराबी आ गई। विमान की इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद फ्लाइट रद्द कर दी गई।



**छुट्टियां मनाने** यूएस आया था भारतीय परिवार

## अमेरिका में हैदराबाद के एक परिवार के 4 सदस्यों की मौत

उल्टी दिशा से आ रहे ट्रक ने मारी टक्कर, आग का गोला बन गई कार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अलबामा के ग्रीन काउंटी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। उल्टी दिशा में अंधी रफ्तार से दौड़ रहे एक मिनी ट्रक ने भारतीय परिवार की कार में टक्कर मार दी। इससे कार में आग लग गई और एक ही परिवार के 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में वेंकट बेजुगम, उनकी पत्नी तेजस्विनी चोलेटी और उनके दो बच्चे, सिद्धार्थ (9) और मृदा बेजुगम (7) शामिल हैं।

**फिर हादसा :** पहले गिर गया था टेंट

## बागेश्वर धाम में अब दीवार गिरने से महिला की मौत, 12 घायल

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा भक्त गुरु पूर्णिमा पर घर पर ही पूजा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



छतरपुर के गढ़ा गांव स्थित बागेश्वर धाम में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे ढाबे की दीवार ढह गई। मलबे में दबने से उत्तर प्रदेश निवासी महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 घायल हुए हैं। इनमें 9 लोग उत्तर प्रदेश, एक उत्तराखंड जबकि दो पश्चिम बंगाल के हैं। 4 घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है। महिला की पहचान अनीता देवी खरवार (40) पत्नी राजू के रूप में हुई है।

**पटवारी पर** एफआईआर के खिलाफ कांग्रेस का न्याय सत्याग्रह

## कांग्रेस विधायक गुर्जर ने दिया 'अभद्र' बयान, सारंग बोले-जो सत्याग्रह में नहीं आए, ये बयान उनके लिए

पटवारी सहित आंदोलनकारी गिरफ्तार और तत्काल रिहा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को अशोक नगर में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में न्याय सत्याग्रह किया। इसमें हिस्सा लेने पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित बड़ी तादाद में विधायक, नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। आंदोलनकारियों को पुलिस ने मंच पर ही गिरफ्तार किया और कुछ क्षण बाद ही एसडीएम ने उन्हें रिहा करने की घोषणा कर दी।

### कांग्रेस ने किया फूहड़तापूर्ण प्रदर्शन: सारंग



सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार से फूहड़तापूर्ण प्रदर्शन की कोशिश की थी, वह पूरी तरह से फेल हो चुका है। इस मामले में कांग्रेस और जीतू पटवारी का रवैया 'चोरी और सीनाजोरी' करने वाला है।

**25 करोड़** कर्मचारी रहेंगे हड़ताल पर

# आज केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का 'भारत बंद' देशभर में प्रभावित हो सकता है कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक बार फिर नौ जुलाई देश एक बड़े श्रमिक आंदोलन का गवाह बनने जा रहा है। बैंकिंग,



बीमा, शेयर बाजार, कोयला खनन, राजमार्ग, निर्माण और डाक सेवाओं जैसे तमाम क्षेत्रों में काम करने वाले 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी और मजदूर देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने इसे 'भारत बंद' का नाम दिया है।

- ***बैंक, बीमा, कोयला खदान, राजमार्ग, पोस्ट ऑफिस सहित अन्य दफ्तर रहेंगे बंद***
- ***केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल को दिया 'भारत बंद' का नाम***

### 17 मांगों का चार्टर

यूनियनों ने पिछले साल श्रम मंत्री को 17 मांगों का एक चार्टर सौंपा था। उनका आरोप है कि सरकार ने इन मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। पिछले एक दशक से वार्षिक श्रम सम्मेलन भी आयोजित नहीं किया गया। इसे यूनियनें मजदूरों के प्रति सरकार की उदासीनता का सबूत मानती हैं।

मप्र में तेज बारिश के बाद कई डैम के गेट खोले, दो दिन भारी बारिश के बाद शुक्रवार से राहत के आसार

नरसिंहपुर में सींगरी नदी में युवक बहा, नर्मदापुरम में आज भी स्कूलों की छुट्टी

# सतपुड़ा-सारणी डैम के 7-7, छतरपुर के सुजारा बांध के 12 गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में लगातार तेज बारिश की वजह से नर्मदा समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। मंगलवार को जलस्तर बढ़ने के बाद छतरपुर और टीकमगढ़ के सुजारा बांध के 12 गेट खोले गए हैं।

इसी तरह दमोह में सतधरू और साजली बांध के तीन-तीन गेट, सारणी में सतपुड़ा डैम के 7 गेट 5-5 फीट तक खोल दिए गए हैं। नरसिंहपुर के किसानी वार्ड का रहने वाला जाकिर खान नाम का युवक सींगरी नदी में बह गया।



### शहडोल में नाले में डूबने से 3 बच्चों की मौत

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के रोहनिया गांव के केरहाई टोला में गांव के पास ही नाले में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई है। यह घटना मंगलवार के देर शाम की है। पुलिस घटना् थल पर पहुंचकर शवों को बाहर निकाला।

### यहां पुल के ऊपर पानी, आवागमन बंद

- ▶▶ नरसिंहपुर के साईखेड़ा में कोली पुल के ऊपर नर्मदा का पानी आ गया है। नरसिंहपुर जिले का रायसेन जिले से संपर्क टूट गया है। आवागमन पूरी तरह बंद है। ऐहतियातन पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।
- ▶▶ छिंदवाड़ा के हर्रई में 48 घंटे से लगातार बारिश जारी है। नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। करीब 10 गांवों का संपर्क टूट गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने बैरिकेड लगा दिए हैं।
- ▶▶ दमोह में बटियागढ़-छतरपुर मार्ग पर जूड़ी नदी का पुल डूब गया है। दमोह-कटनी मार्ग पर पटेरा के पास ब्यारमा नदी का पुल डूबने से यातायात रुक गया है।

### ट्रंप ने 14 देशों पर टैरिफ लगाया

# जापान-साउथ कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ, 1 अगस्त से लागू होगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25% टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30% से 40% तक का भारी शुल्क लगाया गया है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर साझा किए गए पत्रों में जापानी पीएम इशिबा शिगेरू और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे-म्युंग को नए टैरिफ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन देशों ने अमेरिका के खिलाफ जवाबी टैरिफ लगाए, तो जितना प्रतिशत वे बढ़ाएंगे, उतना ही अतिरिक्त शुल्क अमेरिका अपने 25% टैरिफ पर जोड़ देगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रंप ने 1 अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की।

### इन 14 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को भेजा पत्र

*जिन 14 देशों पर नए टैरिफ का ऐलान किया गया है, उनमें बांग्लादेश, बोस्निया और हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाखिस्तान, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, सर्बिया, ट्यूनिशिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड शामिल हैं। लाओस पर 40 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, थाईलैंड, कंबोडिया पर 36 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 35 प्रतिशत और इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप ने ये भी चेतावनी दी कि अगर इन देशों ने कोई जवाबी कार्रवाई की, तो वे इन देशों से आने वाले समान पर आयात कर भी लागू कर देंगे। जापान के पीएम शिगेरू इशिबा ने मंगलवार को कहा कि ट्रंप का जापान पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला बेहद खेदजनक है। उन्होंने कहा कि पारस्परिक लाभ के लिए द्विपक्षीय वार्ता जारी रहेगी।*

### यूएस भारत के साथ डील करने के करीबः ट्रंप

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। वहीं, ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा है कि ट्रंप का मॉडल कोई मुक्त व्यापार समझौता नहीं है, यह एक अमेरिकी टैरिफ प्रतिशोध समझौता है। जीटीआरआई ने आगाह किया कि अमेरिका की ओर से समझौतों को दरकिनार करने और ब्रिक्स सदस्यों पर एकतरफा शर्तें थोपने की इच्छा जाहिर करने के बाद भारत को असंतुलित समझौते के जोखिमों के मुकाबले भागीदारी के सामरिक मूल्य को परखना होगा।

### भारत और ब्राजील के बीच मजबूत साझेदारी में उठे नए कदम

ब्रासीलिया में पीएम मोदी का भव्य स्वागत

# सांबा-रेगे, शिवतांडव स्तोत्र और शास्त्रीय नृत्य की बही संगमधारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*पीएम मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि ब्रासीलिया में भारतीय समुदाय ने यादगार स्वागत किया, जो एक बार फिर दर्शाता है कि हमारे प्रवासी कितने भावुक हैं और वे अपनी जड़ों से कितने जुड़े*

पीएम नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद मंगलवार को द्विपक्षीय राजकीय यात्रा के लिए ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय पीएम की पहली यात्रा है। यहां पीएम मोदी का स्वागत पारंपरिक सांबा रेगे की संगीतमय प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर शिव तांडव स्तोत्र पाठ और भारतीय शास्त्रीय नृत्य का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया।

पीएम मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। पीएम मोदी ने लिखा कि ब्रासीलिया में भारतीय समुदाय ने यादगार स्वागत किया, जो एक बार फिर दर्शाता है कि हमारे प्रवासी कितने भावुक हैं और वे अपनी जड़ों से कितने जुड़े हुए हैं। उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उत्साहित और उत्साही प्रवासी भारतीय तिरंगा थामे पीएम मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि ब्रासीलिया हवाई अड्डे पर, बटाला मुंडो बैंड ने कुछ बेहतरीन रचनाएं बजाईं। उनका यह प्रयास एफ्रो-ब्राजीलियन पर्क्यूशन, विशेष रूप से ब्राजील के साल्वाडोर दा बाहिया के सांबा-रेगे को बढ़ावा देने का वैश्विक प्रयास है।

- प्रवासी भारतीयों ने तिरंगा थामे हाथ जोड़ पीएम मोदी का किया स्वागत
- ब्राजील के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे



### आज नामीबिया पहुंचेंगे

पीएम मोदी सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए बहुत ही उत्पादक रियो डी जेनेरियो यात्रा पूरी करने के बाद ब्राजील पहुंचे। पीएम मोदी दो जुलाई से घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील के दौरे पर हैं, अपने आठ दिनों की पांच देशों की आधिकारिक यात्रा के दौरान, दौरे की शुरुआत पीएम मोदी ने घाना से की थी। यात्रा के अंतिम चरण में पीएम मोदी 9 जुलाई को नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे। यह पीएम की नामीबिया की पहली यात्रा होगी। इस दौरान पीएम राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वे नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। पीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि ये यात्राएं वैश्विक दक्षिण में भारत के बंधन और मित्रता को मजबूत करेंगी।

**राष्ट्रपति लूला ने गले लगाया** पीएम मोदी का ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने गले लगाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उनकी पत्नी रोसेंगेला दा सिल्वा भी साथ थी। पीएम मोदी ने कहा कि ब्राजील की यह यात्रा देश के साथ घनिष्ठ साझेदारी को मजबूत करने और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान करेगी।

### कई द्विपक्षीय मुद्दों पर होगी चर्चा

*पीएम मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, तकनीकी, कृषि और स्वास्थ्य समेत कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखा कि भारत-ब्राजील के बीच मजबूत साझेदारी में नए कदम उठाते हुए।*

### सूरीनाम की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं जेनिफर



**पैरामारिबो।** दक्षिण अमेरिका के छोटे परंतु सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश सूरीनाम को उसकी पहली महिला राष्ट्रपति मिल गई है। 71 वर्षीय अनुभवी चिकित्सक और सांसद जेनिफर गीरलिंग्स-साइमंस को बीते रविवार को संसद से दो-तिहाई बहुमत मिलने के बाद राष्ट्रपति चुना गया। यह चुनाव मई में हुए आम चुनाव के बाद हुआ, जिसमें कोई स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। गीरलिंग्स-साइमंस, जो नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख हैं, 16 जुलाई को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी। उनके चुनाव के पीछे एक महत्वपूर्ण गठबंधन समझौता था।

जून में रिकॉर्ड लेनदेन

# देश के बाहर भी यूपीआई का प्रभाव बढ़ा वैश्विक साझेदारियों से मिला नया विस्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने उपयोगकर्ता अनुभव बढ़ाने के लिए यूपीआई में नई सुविधाएं शुरू की हैं। इसमें क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स, लोन और इंश्योरेंस सेवाओं के एकीकरण और अन्य अनेक सुविधाएं शामिल हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी की 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो यात्रा के दौरान यूपीआई की अंतरराष्ट्रीय पहुंच का नया उदाहरण देखने को मिला। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने डिजिटल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की।

### जून में हुए 24 लाख करोड़ मूल्य के लेनदेन

घरेलू स्तर पर भी यूपीआई लगातार नई ऊंचाईयों को छू रहा है। अकेले जून 2025 में यूपीआई के जरिए 24,03,930 करोड़ रुपए मूल्य के लेनदेन दर्ज किए गए। यह वृद्धि साल-दर-साल प्रतिशत में नहीं, बल्कि कई गुना मापी जा रही है। ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का अनुमान है कि जुलाई 2025 में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 25 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। जिसकी संभावना 80% आंकी गई है। वहीं, एनपीसीआई की वेबसाइट के मुताबिक, 7 जुलाई तक यह आंकड़ा 6,60,102 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है।




### साइप्रस ने सहमति जताई

इसके अलावा, जून 2025 में पीएम मोदी की साइप्रस यात्रा के दौरान एनपीसीआई और यूरोबैंक साइप्रस ने दोनों देशों के बीच सीमा पार भुगतान के लिए यूपीआई शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। इसका उद्देश्य उनके आर्थिक संबंधों को गहरा करना था।

### पर्यटन सम्मेलन में बोले एलजी सिन्हा

# समाज पोषित आतंकियों के प्रयासों को करें विफल, शांति के लिए यह जरूरी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि आम नागरिक सड़कों पर प्रदर्शन के जरिए पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं जो घाटी में शांति स्थापित करने के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र का विकास केवल शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में ही संभव है, और जम्मू कश्मीर के लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवादियों के, समाज से समर्थन प्राप्त करने के प्रयासों को विफल किया जाए। सिन्हा ने ये बातें शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में दो दिवसीय पर्यटन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। इस सम्मेलन में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी भाग लिया।

### ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिलेः नेतन्याहू

**वॉशिंगटन।** इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ रात्रिभोज के अवसर पर मुलाकात की।




### पश्चिम बंगाल एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई

# पाक आईएसआई से जुड़े दो लोग गिरफ्तार, 7 दिन पुलिस रिमांड पर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले से दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन पर पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से संबंध होने का संदेह है। राज्य विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों की पहचान कोलकाता के भवानीपुर निवासी राकेश कुमार गुप्ता और पानागढ़ निवासी मुकेश रजक के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि इन दोनों के पाकिस्तान की आईएसआई से संबंध हैं। दोनों पड़ोसी देश में कुछ लोगों के संपर्क में थे। दोनों व्यक्ति एक एनजीओ के लिए काम करते थे और मेमारी में किराये के मकान में रह रहे थे। यहीं से उन्हें गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ कर्मियों ने शनिवार को छापेमारी की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### अहमदाबाद विमान हादसे की जांच तेज

# विमान जांच ब्यूरो ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच तेज हो गई है। हादसे की जांच कर रही विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की टीम ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट नागरिक उड्डयन मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को सौंप दी है।

एआई 171 विमान दुर्घटना पर तैयार की गई रिपोर्ट जांच के शुरुआती निष्कर्षों पर आधारित है। एएआईबी ने जांच के लिए बहु-विषयक टीम का गठन किया है। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व डीजी एएआईबी कर रहे हैं। इस मामले में ब्लैक बॉक्स और हैंडलिंग कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) दोनों को बरामद कर लिया गया है। सीवीआर को 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं एफडीआर को 16 जून, 2025 को मलबे से बरामद किया गया।

### फ्रांसीसी रिपोर्ट ने खोला पाकिस्तान का काला चिट्ठा कहा

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान नहीं गिरा कोई राफेल विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने दो महीने पहले ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। अपने इस ऑपरेशन के जरिए भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन और पाकिस्तान की मीडिया ने बिना सबूत दिए दावा किया कि उसने राफेल समेत भारत के छह फाइटर जेट मार गिराए।

जिन्हें भारत ने खारिज कर दिया। अब फ्रांस में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना का कोई राफेल विमान पाकिस्तान के हमले में नहीं गिरा। डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर के हवाले से एक फ्रांसीसी रिपोर्ट में कहा गया है, कि भारत ने अपना एक राफेल लड़ाकू विमान खो दिया है। लेकिन उन्होंने कहा था कि ऐसा दुश्मनों के साथ युद्ध के दौरान नहीं हुआ था, लेकिन ऐसा अधिक ऊंचाई पर तकनीकी खराबी के कारण हुआ और इसकी जांच अब भी चल रही है। इसके गिरने में दुश्मन की कोई भूमिका नहीं थी।

### *अधिक ऊंचाई पर तकनीकी खराबी आई जिसकी जांच अभी चल रही*



### राफेल ने पाक को भ्रमित किया

फ्रांसीसी रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि भारत ने करीब 12 हजार मीटर की ऊंचाई पर एक राफेल लड़ाकू विमान खोया, लेकिन उस वक्त दुश्मन के एक भी रडार एक्टिव नहीं थे। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर की पहली रात को भारतीय राफेल लड़ाकू विमानों ने अपने एआई-पावर्ड एक्स-गार्ड डिकॉय सिस्टम से पाकिस्तानी जे-10सी फाइटर्स और उनके पीएल-15ई मिसाइल को भ्रमित कर दिया था। इस टेक्नोलॉजी ने पाकिस्तानी रडार को बेअसर कर दिया था।

**8 देशों को दिए हैं राफेलः** फ्रांसीसी वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलांगर ने भी कहा है कि भारत ने अपना राफेल पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध के दौरान नहीं खोया, यानि पाकिस्तान लड़ाकू विमानों ने राफेल को नहीं गिराया, बल्कि राफेल गिरने की असल वजह टेक्निकल है। उन्होंने कहा है कि आठ देशों को राफेल लड़ाकू विमान बेचे गए हैं और ये पहली बार है जब राफेल एयरक्राफ्ट को नुकसान हुआ है। फ्रांस इस बात की जांच कर रहा है कि राफेल कैसे गिरा है?



# नेक्स्ट होराइजन-बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमारो' थीम पर 11 जुलाई को इंदौर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव

▸ राज्य के शहरी विकास और निवेश के लिए नए क्षितिज खोलेगी यह कॉन्क्लेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में रीयल एस्टेट की गतिविधियों के विस्तार के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से 11 जुलाई को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। 'नेक्स्ट होराइजनः बिल्डिंग सिटीज़ ऑफ टुमारो' थीम पर आधारित यह कॉन्क्लेव राज्य के शहरी विकास और निवेश के लिए नए क्षितिज खोलने का माध्यम बनेगा। 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025' के अंतर्गत इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की नगरीय अधोसंरचना को भविष्योन्मुखी बनाना, सतत विकास को गति देना और व्यापक निवेश आकर्षित करना है।

मप्र देश के केन्द्र में रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के कारण महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसलिए यहां से आसानी से देश भर से लॉजिस्टिक संपर्क किया जा सकता है। प्रदेश में तेज गति से होता शहरीकरण, विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे शहरों में सशक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। राज्य में सस्ती भूमि और श्रम, सरल प्रशासनिक प्रक्रियाएं हैं।

### निवेश और विकास के प्रमुख क्षेत्र



प्रदेश में विकास और निवेश शहरी परिवहन (मेट्रो, ई-बस, मल्टीमॉडल हब), किफायती आवास, स्लम पुनर्विकास, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जलापूर्ति, सीवेज नेटवर्क, झील संरक्षण, डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस, भवन स्वीकृति प्रणाली और स्वच्छ ऊर्जा, हरित भवन, रिन्यूएबल इनफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। निवेशक इन क्षेत्रों में निवेश कर भविष्य में होने वाले लाभ के सहभागी हो सकते हैं।

### प्रमुख आगामी अधोसंरचना विकास परियोजनाएं

मप्र के भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल परियोजना, स्मार्ट सिटी के तहत इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर्स, इंडस्ट्रियल टॉउनशिप्स, न्यू टॉउन डेवलपमेंट प्लान, नगरीय निकायों में आधुनिक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट्स और स्ट्रीट वेंडिंग जोन, शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण जैसी परियोजनाएं चल रही हैं और कुछ भविष्य के लिए प्रस्तावित हैं।

### निवेश को साकार करने सुदृढ़ इको-सिस्टम

प्रदेश उद्योग विकास निगम उद्योगों को वन-स्टॉप सुविधा उपलब्ध करा रहा है। ई-नगर पालिका पोर्टल पर भी संबंधित सेवाएं रियल-टाइम ऑनलाइन उपलब्ध हैं। निवेशकों के लिए स्पेशल पॉलिसी इंसेंटिव्स भी प्रारंभ किये गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश के अलावा विदेश के निवेशकों से भी सघन सम्पर्क स्थापित किए गए हैं। उक्त के दृष्टिगत अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय डेवलपर्स के साथ करार होने की बड़ी संभावनाएं भी हैं। मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव राज्य को नगरीय पुनर्निर्माण और वैश्विक निवेश के पथ पर अग्रसर करेगा। यह आयोजन न केवल भौतिक अवसंरचना बल्कि डिजिटल, सामाजिक और आर्थिक विकास का भी सशक्त मंच बनेगा। प्रदेश सरकार इस अवसर को नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के एक निर्णायक कदम के रूप में देख रही है।

सीएम डॉ. यादव ने लुधियाना में उद्योगपतियों को निवेश के लिए दिया आमंत्रण

# वन टू वन चर्चा में बोले- शांति और संसाधनों का लाभ उठाएं

## जहां जरूरी होगा, वहां नियम बदलने से हिचकिचाएंगे नहीं

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गारमेंट और टैक्सटाइल सेक्टर के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं और राज्य सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है।

प्रदेश में औद्योगिक निवेश के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को लुधियाना में थे। यहां उन्होंने रोड शो किया और उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा कर उन्हें निवेश के लिए मप्र आने का आमंत्रण दिया। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में आएं और गतिशीलता, शांति, संसाधनों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जहां आपके हित में जहां जरूरी होगी, वहां हम कैबिनेट के जरिए नियम को बदलने से हिचकिचाएंगे नहीं। इसके साथ डॉ. यादव ने उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश की समावेशी, उदार और निवेश-अनुकूल नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार न केवल उद्योग लगाने और निवेश बढ़ाने के लिए तैयार है, बल्कि यदि किसी सेक्टर में संभावना दिखती है, तो आवश्यकतानुसार नियमों में परिवर्तन भी किया जाएगा।

**खास बातें**

- डॉ. यादव ने उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश की समावेशी, उदार और निवेश-अनुकूल नीतियों की जानकारी दी
- उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा कर प्रदेश की नीतियों की सराहना की




### इन उद्योगपतियों से की वन टू वन चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन टू वन चर्चा करने वाले उद्योगपतियों में टैक्सटाइल सेक्टर से नाहर ग्रुप के सीएमडी दिनेश ओसवाल, एसईएल ग्रुप के सीएफओ नवनीत गुप्ता, बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंजीत सिंह, टीके स्टील समूह के एमडी लोकेश जैन, आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स के एमडी वरिंदर गुप्ता और एमआरएम मेध्या ग्रीनटेक के डायरेक्टर पुनीत अग्रवाल ने निवेश प्रस्ताव रखे। खाद्य प्रसंस्करण और चाय उद्योग से जुड़े भगवती लैक्टो वेजिटेरियन एक्सपोर्ट्स के एमडी सुशील मित्तल और केजी एक्सपोर्ट टीम के सदस्य हरीश दुआ ने मध्यप्रदेश के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, कृषि उत्पाद उपलब्धता और फूड पार्क्स पर चर्चा की। इंजीनियरिंग सेक्टर से हीरो साइकिल के एमडी एसके राय और हाईलैंड एथनॉल के एमडी अमित कुमार मोदी ने निवेश के लिए औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त, बेक्टर्स फूड्स के एमडी अनूप बेक्टर और एवी कोटस्पिन इंडस्ट्री के डायरेक्टर दीपक गर्ग ने मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा कर प्रदेश की नीतियों की सराहना की।

### प्रदेश में निवेश के लिए 15,606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न उद्योगपतियों से प्रदेश में निवेश के लिए 15,606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे लगभग 20,275 से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है -

| कंपनी का नाम | मालिक | प्रस्तावित स्थान/ क्षेत्र | निवेश प्रस्ताव | अनुमानित रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| ट्राइडेंट ग्रुप | राजेन्द्र गुप्ता, चेयरमैन | बुधनी | 5000 | 6000 |
| रालशन टायर्स लिमिटेड | संजीव पाहवा, चेयरमैन | एसआईपी पीथमपुर | 2200 | 2000 |
| वर्धमान इंडस्ट्रीज | एसपी ओसवाल, चेयरमैन | पीएम मित्रा पार्क, धार | 1581 | |
| एबी कोटस्पिन इंडस्ट्री | दीपक गर्ग, मैनेजिंग डायरेक्टर | पीएम मित्रा पार्क, धार | 1300 | 1500 |
| नाहर ग्रुप | दिनेश ओसवाल, सीएमडी एवं | | | |
| | मैनेजिंग डायरेक्टर | पीएम मित्रा पार्क, धार | 1100 | 1000 |
| दीपक फास्टनर्स लिमिटेड | मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशियलिटीज लि. | सीहोर | 1000 | 1800 |
| मिसेज बेक्टर्स फूड | | | | |
| स्पेशियलिटीज लि. | अनूप बेक्टर, एमडी | पीथमपुर | 700 | 500 |
| हाईलैंड एथनॉल | अमित मोदी | नरसिंहपुर | 600 | 1000 |
| ए एंड एम एग्री वेंचर्स प्रालि | | भोपाल | 600 | 1000 |
| भगवती लैक्टों वेजिटेरियन | | | | |
| एक्सपोर्ट्स प्रालि | सुशील मित्तल, चेयरमैन | मोहासा बाबई, नरसिंहपुर | 500 | 300 |
| बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज | मंजीत सिंह, एमडी एवं चेयरमैन | इंदौर | 200 | 750 |
| एमआरएम मेध्या ग्रीनटेक | प्रालिपुनीत अग्रवाल, निदेशक मोहासा बाबई, | नरसिंहपुर | 100 | 125 |
| टीके स्टील एवं स्टील उद्योग समूह | लोकेश जैन, एमडी, चेयरमैन | सीआईआई लुधियाना चैप्टर | 200 | 300 |
| केजी एक्सपोर्ट्स एंड टीम | हरीश दूआ, ईपीसी सदस्य | | 400 | 1000 |
| दिनेश ओसवाल, सीएमडी एवं | | | | |
| मैनेजिंग डायरेक्टर | चैतन्य डावर, डायरेक्टर | | 125 | 500 |
| | | कुल | 15,606 | 20,275 |

### गारमेंट, टैक्सटाइल के लिए विशेष अवसर

-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गारमेंट और टैक्सटाइल सेक्टर के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं और राज्य सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि इंदौर की हुकुमचंद मिल को पुनर्जीवित करने की दिशा में कार्य हो रहा है और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सौ करोड़ रु. से अधिक के सेटलमेंट क्लीयर किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों और श्रमिकों के साथ सरकार की प्रतिबद्धता हर स्तर पर बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर की जेसी मिल और उज्जैन की हीरा मिल के मामले में भी राज्य सरकार ने सहृदयता से निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में टैक्सटॉइल, एग्री बेस्ड इंडस्ट्री, इंजीनियरिंग गुड्स, स्टील प्रोसेसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी और आईटी जैसे सेक्टरों में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

### लुधियाना और पंजाब के निवेशकों को मध्यप्रदेश में किया आमंत्रित

- निवेशकों को राज्य की औद्योगिक नीतियों से कराया अवगत
- मप्र में निवेश करें और विकसित भारत के निर्माण में बने भागीदार
- पंजाब और मप्र मिलकर करेंगे देश का विकास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में औद्योगीकरण बढ़ा है, अब हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लुधियाना भारत का मैन्चेस्टर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पंजाब की उद्योग नगरी लुधियाना में मप्र में निहित निवेश की संभावनाओं के संबंध में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करने वाले उद्योगपतियों में टेक्सटाइल सेक्टर से नाहर ग्रुप के सीएमडी ओसवाल, एसईएल ग्रुप के सीएफओ नवनीत गुप्ता और बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंजीत सिंह शामिल रहे। स्टील क्षेत्र से टीके स्टील समूह के एमडी लोकेश जैन ने प्रदेश में संभावित निवेश अवसरों पर चर्चा की।

अगले दो दिनों तक बारिश का सिलसिला थमना मुश्किल

# भारी बारिश के बीच मौसम विभाग ने दिया एक और चक्रवात का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बीते तीन दिनों से लगातार झमाझम बारिश हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने एक और चक्रवात के छत्तीसगढ़ में प्रवेश लेने के संकेत दिए है। जिसे लेकर कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। दुर्ग, रायपुर संभाग के जिलों में बीती देर रात से लगातार बारिश होने से लोग घरों में कैद रहे। बालोद में एक दिन जिले में औसत 35 मिमी बारिश दर्ज की गई। दिनभर से बारिश से जीवन प्रभावित रहा। वहीं अगले दो दिनों तक बारिश थमने वाला नहीं है।

### बढ़ा नदी-नालों का जलस्तर

मौसम विभाग की माने तो अब बारिश की गतिविधियों में इजाफा होगा। नदी नालों का जलस्तर बढ़ गया है। साथ ही जिले के प्रमुख बड़े व लघु जलाशयों में तेजी से जलभराव भी होने लगा है। इसी के साथ ही एक और द्रोणिका सक्रिय होने वाला है। इसे लेकर चेतावनी जारी किया गया है। ताजा अपडेट के अनुसार एक चक्रीय चक्रवाती सिस्टम अगले दो दिनों में उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर प्रवेश करेगा। जिसके असर से तेज बारिश होगी।

### आवाजाही पर पड़ा मौसम का असर

बारिश लगातार होने के कारण सुबह से लोग अपने घरों में दुबके रहे। स्कूल, कॉलेजों एवं सरकारी दतरों में भी विद्यार्थियों व कर्मचारियों की उपस्थिति कम रही। विभागीय कार्यालयों में लोगों की संया भी कम रही। ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक निन दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास बन गया है। साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। यह पश्चिम उत्तर, पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से गंगेटिक पश्चिम बंगाल में स्थित निम्न दाब के क्षेत्र तक, उत्तर गुजरात, मध्य मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड होते हुए 3.1 किमी से 5.8 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से उत्तरी छत्तीसगढ़ और इससे लगे मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

# कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनकी संगठन करेगा: खंडेलवाल

▸ इंदौर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का समारोह में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को इंदौर में स्वागत समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से पार्टी आज बुलंदियां छू रही है। कुशाभाऊ ठाकरे, प्यारेलाल खण्डेलवाल जैसे अनेक महापुरूषों के त्याग और तपस्या से पाटी संगठन को मध्यप्रदेश में मजबूत किया। पार्टी के संस्थापक सदस्यों ने गांव-गांव घूमकर कार्यकर्ता तैयार किए और संगठन को मजबूत बनाया। कार्यकर्ता जब-जब मुझे याद करेंगे, वे मुझे अपने बीच ही पाएंगे।

### भाजपा में कार्यकर्ता खुद को प्रदेश अध्यक्ष से कम न समझें

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा देश का एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसमें कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है। मैं भी पार्टी का सामान्य कार्यकता हूं। भाजपा संगठन का हर कार्यकर्ता खुद को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से कम न समझें। सभी कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान हमेशा बरकरार रखा जाएगा। आप सभी कार्यकर्ता किसी दायित्व में रहें या न रहें, पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करते रहे।

### कार्यकर्ता सेवा के साथ समाज की विकृति दूर करने का कार्य करते हैं: विजयवर्गीय

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यकताओं को संबोधित करते कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी ही सामान्य कार्यकर्ता को भी शीर्ष पर बैठाती है और कोई राजनीतिक दल के पास ऐसा उदाहरण नहीं है। हमें लगातार जन-जन से संपर्क करते हुए पोलिंग बूथ को मजबूत करना है। जब पोलिंग बूथ मजबूत हो जाता है तो चुनाव जीतना हमारे लिए बहुत आसान हो जाता है।

# राजीव टंडन ने ग्रहण किया मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष का पदभार



भोपाल। मप्र मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने सोमवार को मप्र मानव अधिकार आयोग में अध्यक्ष (कार्यवाहक) का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोग के समस्त वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम- 2025 में प्रशिक्षण ले रहे विधि संकाय के विद्यार्थी मौजूद रहे। जिन्होने आयोग अध्यक्ष (कार्यवाहक) राजीव कुमार टण्डन का कार्यालय में पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

बीजापुर के आवापल्ली थाना क्षेत्र की घटना

# आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229वीं बटालियन के दो जवान घायल हो गए। घटना तिमापुर और मुरदण्डा के बीच के मार्ग पर हुई। जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ 229वीं बटालियन की टीम आवापल्ली बासागुड़ा मार्ग पर आरएसओ ड्यूटी पर निकली हुई थी। इस दौरान माओवादियों द्वारा तिम्मापुर व मुरदण्डा के बीच पहले से लगाए गए आईईडी के कारण जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल बीजापुर रेफर लाया गया है। सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

दो माह पहले हुआ था विवाह, एक ही चिता पर अंतिम संस्कार

# सड़क हादसे में नवदंपति की दर्दनाक मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग में खुर्सीपार के पास रविवार और सोमवार की दरयानी रात एक सड़क हादसे में नवविवाहित दंपती कोहका सुपेला निवासी मुकेश कुर्रे 28 साल और कमलेश्वरी कुर्रे 26 की मौत हो गई। सोमवार को मृतक नवदंपती का गमगीन माहौल में एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। दोनों की एक साथ अर्थी उठी तब तमाम लोगों की आंख नम हो गई। दो माह पहले ही इनकी शादी हुई थी। मुकेश विज्ञापन का डिजाइनर था।

### जमकर हुआ हंगामा

*सड़क हादसे के बाद पति-पत्नी का शव सड़क पर पड़ा रहा। पुलिस ने रास्ता से जाम को जल्द हटाने के लिए शव को एंबुलेंस से की जगह पुलिस के वाहन में ही रखकर लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल, मरच्यूरी, सुपेला रवाना किया। इसको देखकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस के अधिकारियों ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को समझाया, तब जाकर मामला शांत हुआ। दुर्घटना उस वक्त हुई, जब नवदंपति खुर्सीपार में रहने वाली मौसी के घर से खाना खाकर अपने घर कोहका लौट रहे थे। खुर्सीपार ओवर ब्रिज नाला के समीप पावर हाउस ओवर ब्रिज के पास आईटीआई के पहले ट्रक ने दोपहिया को चपेट में ले लिया। इससे दोनों ट्रक के जद में आकर कुचल गए। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मुकेश का विवाह 9 मई 2025 को हुई थी। 9 जुलाई को दो माह पूरा होता।*

महिला टीआई की रील वायरल होने के बाद पीएचक्यू का आदेश

# जो वर्दी वाले 'रील' बनाएंगे, उन पर होगी रीयल कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों के द्वारा रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले को पुलिस मुख्यालय ने गंभीरता से लिया है। वहीं, इस तरह के मामले में पुलिस अफसर और कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि विभागीय कार्यों के अलावा सोशल मीडिया पर और कोई पोस्ट न करें। इसी को लेकर डीआईजी रीवा ने एक आदेश भी जारी किया गया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि ऐसे पुलिसकर्मी जो ड्यूटी के दौरान रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालते हैं, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

**खास बातें**

- पुलिस मुख्यालय ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है
- विभागीय कार्यों के अलावा और कोई पोस्ट न करने को चेताया

### रील बनाना पद और गरिमा के प्रतिकूल



हाल ही में रीवा जोन में पदस्थ सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा की सोशल मीडिया एक रील वायरल हुई थी जिसको लेकर वो काफी ट्रोल हुईं। वहीं, विभाग की भी किरकिरी हुई। रीवा के डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने इस मामले में सोमवार को आदेश जारी कर ऐसे पुलिसकर्मियों को चेतावनी देते हुए सख्त हिदायत दी है। जिसमें रीवा जोन में आने वाले सभी 6 जिलों के पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। उन्होने अपने आदेश में लिखा कि देखा जा रहा है कि बहुत से पुलिसकर्मी वर्दी में अथवा सिविल में अपनी रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं। पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में रहकर किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा ऐसा किया जाना अनुशासन के विपरीत होकर उसकी पद और गरिमा के भी प्रतिकूल है। जिससे जनता के बीच पुलिस की छवि पर भी अत्यधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए रीवा, सीधी, सतना, मैहर, सिंगरौली, मऊगंज जिलों के अधीनस्थ समस्त पुलिसकर्मियों को कड़ी हिदायत दी जाती है कि विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर न प्रेषित करें। इसी प्रकार किसी भी स्तर के अधिकारी / कर्मचारी द्वारा स्वयं की कोई रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड न की जाए। यदि भविष्य में इस किस्म की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रकाशित होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# लगातार हो रही बारिश से निचली बस्तियां जलमग्न

## नर्मदा और बरगी बांध सहित जलाशयों का जलस्तर बढ़ा

जबलपुर।

सोमवार की रात में हुई ताबड़तोड़ बारिश ने लोगों का दिल दहला दिया। रात भर में करीब 2 इंच हुई ताबड़तोड़ बारिश ने शहर में चारों ओर पानी ही पानी कर दिया। गली-कूचे, कालोनी में सब जलप्लावन का शिकार हो गये। नाले उफना गये। सड़कों पर पानी भर गया। मंगलवार की सुबह से मौसम खुला और एक हफ्ते बाद भगवान सूर्यदेव के दर्शन भी हुए, धूप निकल आई और उमस बढ़ने लगी। इसी बीच दोपहर में फिर बादल छाए और रूक रूककर बारिश हुई। शाम तक मौसम ठण्डा हो गया था। मौसम विभाग का कहना है कि जबलपुर में मानसून सक्रिय है। शाम को फिर बूंदाबांदी होने लगी थी। दिन रात यही क्रम चलता रहा। शहर में हो रही जोरदार बरसात का कच्ची इमारतों पर खासा दुष्प्रभाव पड़ रहा है। बस्तियां जलमग्न हो गईं। आनंद नगर कालोनी में लोगों के घरों में घुटनों तक पानी भर गया। नर्मदा का जलस्तर भी बढ़ गया है, पानी से उमाघाट भी डूब चुका है और बरगी बांध का जलस्तर भी बढ़कर 419.50 मीटर तक पहुंच गया है। लगातार बारिश के बाद कई बस्तियां पानी में डूब गईं। मंगलवार की सुबह जब पानी की झड़ी टूटी तो लोगों ने राहत की सांस ली। बरसात का ब्रेक मिलने पर लोगों ने कपड़े सुखाए और घरों के आसपास जमा पानी भी धीरे धीरे करके निकला। पूरा शहर लगातार बारिश से कीचड़ में लथपथ था। हुदहुद चक्रवात की वजह से भारी वर्षा हुई। उड़ीसा से आए मानसूनी बादल अभी सक्रिय हैं और अगले २४ घंटों के दौरान जिले में भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 93 प्रतिशत और सायंकाल 87 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 50 मिमी (2 इंच) वर्षा के बाद 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 441.0 मिमी (लगभग 17.6 इंच) दर्ज किया जा चुका है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर की रफ्तार से चलीं। सूर्योदय सुबह 5.32 बजे और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन वर्षा 16.2 मिमी हुई थी। जबकि कुल वर्षा 238.9 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।



# रेलवे स्टेशन तिराहा पर गांजा तस्करों की घेराबंदी

## क्राइम ब्रांच व थाना बरगी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 2 आरोपी गिरफ्तार, 12 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में मादक पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच और थाना बरगी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 12 किलो 16 ग्राम गांजा, जिसकी बाजार कीमत लगभग 2.40 लाख है, बरामद किया गया। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जिले भर में मादक पदार्थों की धरपकड़ को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। टीआई बरगी जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि दो युवक रेलवे स्टेशन बरगी तिराहा, खिरका मोहल्ला क्षेत्र में काले रंग के बैगों में भारी मात्रा में गांजा लिए खड़े हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। पूछताछ में युवकों की पहचान 24 वर्षीय राज सोनकर निवासी भोला नगर व 19 वर्षीय रविकांत जाटव निवासी तिगवा बेहरा, नरसिंहपुर के रूप में हुई। तलाशी में उनके बैगों से छह पैकेट गांजा, और दो मोबाइल फोन (रियलमी व ओप्पो) बरामद हुए। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### टीम की भूमिका रही अहम

इस कार्रवाई में थाना अपराध के प्रभारी शैलेश मिश्रा, एएसआई प्रशांत सोलंकी, हवलदार मन्नू सिंह, सत्यसेन, तथा बरगी थाने से एएसआई राजेन्द्र उईके, आरक्षक विपुल, विनय, मुकेश की सक्रिय भूमिका रही।

# फर्जी सदस्यता दिखाकर पंजीयन कराने पर किसान विपणन सहकारी समिति को नोटिस

**जबलपुर।** फर्जी सदस्यता दिखाकर पंजीयन कराने तथा सदस्यता शुल्क जमा करने में की गई अनियमितताओं के आरोप में सयुंक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें जबलपुर संभाग ने किसान विपणन सहकारी समिति मर्यादित बड़वारा जिला कटनी के प्रवर्तक सदस्यों तथा सभी सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि दुर्व्यपदेशन (मिस-रिप्रेजेंटेशन) के आधार पर पंजीकृत कराई गई इस संस्था का क्यों न पंजीयन समाप्त कर दिया जाये तथा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के प्रावधानों के तहत शासकीय समानुदेशिती नियुक्त कर दिया जाये। नोटिस में समिति के प्रवर्तक एवं सदस्य चाहे तो अपना पक्ष समर्थन लिखित में संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें, जबलपुर के समक्ष उपस्थित होकर अथवा कार्यालयीन समय पर सयुंक्त रूप से या पृथक-पृथक प्रस्तुत कर सकते हैं। तय समयावधि में किसी भी प्रकार का पक्ष समर्थन प्राप्त न होने की स्थिति में यह मानते हुये कि नोटिस में अधिरोपित आरोप समिति को स्वीकार हैं, उसके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंची 65 से अधिक शिकायतें

# शिकायत सुनकर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि, जबलपुर।

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए 65 से अधिक शिकायतकर्ताओं ने पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के समक्ष अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। शिकायतों में पारिवारिक विवाद, पति-पत्नी के मतभेद, भूमि विवाद, मारपीट और साइबर अपराध जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। कप्तान उपाध्याय ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले पर समय-सीमा में जांच पूरी कर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

जनसुनवाई के दौरान सीएसपी माढोताल बीएस गोठरिया एवं डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय भी उपस्थित रहे।कप्तान के निर्देश पर शहर और देहात के सभी थानों एवं चौकियों में भी समानांतर जनसुनवाई की गई, जिसमें राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्थानीय शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनी गईं और समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।



### अर्थ बिल्डर्स एवं डेवलपर्स से 6.47 हेक्टेयर शासकीय भूमि की गई अतिक्रमण मुक्त

**जबलपुर।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जबलपुर अभिषेक सिंह के निर्देशन में तहसीलदार प्रदीप तिवारी व राजस्व टीम ने मेसर्स अर्थ बिल्डर्स एवं डेवलपर्स से 6.47 हेक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। उल्लेखनीय है कि न्यायालय तहसीलदार जबलपुर (ग्रामीण) के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0011/आ 68/2024-25 में पारित बेदखली आदेश 20 जून 2025 के अनुक्रम में राजस्व अमले ने आज मौजा जोगीढाना स्थिति शासकीय खसरा नंबर 4,9,11,12,13,15, 16 एवं 33 में मेसर्स अर्थ बिल्डर्स एवं डेवलपर्स द्वारा प्रोपराइटर नीरज ललित प्रताप सिंह पिता ललित प्रताप सिंह द्वारा अवैध अतिक्रमण कर अवैध रूप से निर्मित एंट्रेंस गेट, पार्क, ऑफिस बाउंड्री, वेयर हाउस का पार्ट ध्वस्त कर 6.47 हेक्टेयर शासकीय जमीन मुक्त कराई गई।

# कुख्यात सटोरिया सरफराज के अड्डे पर पुलिस का छापा

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत काछी मोहल्ला आजाद चौक के पास अवैध रुप से सट्टा खिला रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सटोरिए के कब्जे से 30 हजार रुपए, 2 वॉकी टॉकी, 2 मोबाइल जब्त किए है। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर काछी मोहल्ला आजाद चौक रामपुर निवासी 32 वर्षीय बबलू कुरैशी के घर के सामने वाली गली में दबिश दी, जहां अज्जू कुरैशी अपने दो अन्य साथी बल्दीकोरी निवासी 34 वर्षीय प्रदीप कोरी और महाराजपुर अधारताल निवासी 57 वर्षीय मगन कोरी के साथ सट्टापट्टी लिख रहा था। पुलिस को देखकर तीनों भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।

**3 सटोरिये से 30 हजार, 2 वॉकी टॉकी, 2 मोबाइल जप्त**

सट्टा पट्टी लिखने के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी अज्जू उर्फ अजय कुरैशी ने अपने भाई बबलू उर्फ सरफराज कुरैशी के कहने पर भाई के साथ मिलकर सट्टा का काम करना बताया एवं आरोपी मगन कोरी तथा प्रदीप कोरी ने प्रतिदिन के हिसाब से 500 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से बबलू उर्फ सरफराज कुरैशी तथा अज्जू उर्फ अजय कुरैशी के लिये काम करना एवं वाकी टाकी, सट्टा पट्टी बबलू उर्फ सरफराज कुरैशी तथा अज्जू उर्फ अजय कुरैशी के द्वारा देना तथा काम खत्म होने के बाद सट्टा की लगवाड़ी रकम वाकी टाकी एवं सट्टा पट्टी बबलू उर्फ सरफराज कुरैशी तथा अज्जू उर्फ अजय कुरैशी को देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से नगद 30 हजार रूपये, 2 वाकी टाकी, 2 मोबाइल, 3 सट्टा पट्टी जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट, 49, 112 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि पकड़े गए सटोरिए अज्जू उर्फ अजय कुरैशी के विरूद्ध पूर्व से जुआ, सट्टा, आबकारी, मारपीट आदि के 11 प्रकरण पंजीबद्ध है।

## ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में कर दिए गए थे स्थानातंरण

# 8 संविदा स्वास्थ्य कर्मी के तबादले निरस्त

**जबलपुर।** जबलपुर में ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों में 8 संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के स्थानांतरण में अनियमितता पाए जाने और एक ही जावक नंबर से अलग अलग तबादला आदेश जारी करने का मामला संज्ञान आने के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के निर्देशों के बाद कलेक्टर दीपक सक्सेना ने संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का तबादला का आदेश निरस्त कर दिया है। दरअसल, मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा अपने पत्र क्रमांक एनएचएम/एचआरटी/2025/2609 भोपाल दिनांक 04.जुलाई.2025 द्वारा निर्देशित किया है कि सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 6-1/2024/एक/9 भोपाल दिनांक 29 अप्रैल 2025 के अनुक्रम में कार्यालय द्वारा दिनांक 01 मई 2025 से स्थानांतरण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त के अनुक्रम में समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में स्थानांतरण नहीं किया जाना था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर द्वारा कलेक्टर से अनुमोदन करवाकर स्थानांतरण आदेश एनएचएम/एचआरटी/ 2025-26/2781 दिनांक 17 जून 2025 जारी किया गया है। उक्त आदेश के सरल क्रमांक 13,14,18 एवं 19 में अंकित संविदा कर्मियों का स्थानांतरण ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में किया गया है। मिशन संचालक द्वारा उक्त स्थानांतरण आदेश क्रमांक 2781 दिनांक 17 जून 2025 से ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में किए गए स्थानांतरण आदेश निरस्त करने हेतु निर्देशित किया गया है।




जिन संविदा कर्मी के तबादला निरस्त किए गए हैं, उनमें सुश्री शिवानी मिश्रा स्टाफ नर्स, संजय कुमार लेब टैकनिशियन, सुश्री रिंकू कश्यप स्टाफ नर्स, अजय कुमार भारती डीईओ, सुश्री नेहा चौधरी एचटीएलएस, गीता पॉल स्टाफ नर्स, निशांक तिवारी फार्मास्टिट, डॉ वर्मा सीएचओ, का नाम शामिल हैं।

# निर्माणियों में 1 घंटे काम का बहिष्कार आज

जबलपुर।

केंद्र सरकार की मजदूर एवं किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय श्रम संगठनों द्वारा 9 जुलाई को 1 दिवसीय हड़ताल की घोषणा की गई हैं। जिसमें प्रमुखों तौर पर केंद्र सरकार द्वारा जो चार श्रम कानूनों में परिवर्तन किया जा रहा है इसके विरोध में, पुरानी पेंशन की मांग को लेकर, लगातार कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ एक दिवसीय हड़ताल की घोषणा की गई हैं। सोमवार को इस संबंध में एआईडीईएफ के संगठन मंत्री अर्नब दासगुप्ता ने जबलपुर स्थित एआईडीईएफ से संबंधित सभी यूनियनों की बैठक कर बताया कि एआईडीईएफ द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि 9 जुलाई को एक दिवसीय एक घंटे कार्य का बहिष्कार कर कर्मचारी एक घंटे विलंब से निर्माणी में उपस्थित होंगे।

**केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीति के खिलाफ प्रदर्शन होगा**

इस संबंध में उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शहर में सिविक सेंटर में दोपहर को एटक, एच एम एस, सीटू, सेवा आंगनबाड़ी आदि संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा साथ ही जिलाध्यक्ष कार्यालय में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कि जाएगी। इस बैठक में खमरिया से पुष्पेंद्र सिंह, सुकेश दुबे, शरद अलबाल, एंजिल थंगराज, निर्भय पटेल, पवन सीओडी से पी के तिवारी, अमित सिंह, वीएफजे से अम्बरीष सिंह, जीसीएफ से उत्तम विश्वास, बीरबल सिंह, विनय गुप्ता, देवेंद्र भदौरिया, जीआईएफ से राकेश दुबे, राजेश पटेल आदि ने सभी कर्मचारियों से इस हड़ताल को सफल करने हेतु निवेदन किया हैं।

## हनुमानताल पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, 5 लाख की चुराई गई 46 बैटरियां और छह चार्जर बरामद

# शौक पूरा करने टावर से चुराता था बैटरियां

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में सक्रिय चोरी की एक बड़ी वारदात को उजागर करते हुए थाना हनुमानताल पुलिस ने बीएसएनएल टावर से बैटरियां चोरी aकरने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से कुल 46 बैटरियां और 6 बैटरी चार्जर, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने जिले भर के समस्त थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध गतिविधियों और चोरी के मामलों में लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इन्हीं निर्देशों के परिपालन में एएसपी आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में हनुमानताल टीआई धीरज राज के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

### बाबा टोला मैदान से मिला सुराग

टीआई धीरज राज ने बताया कि उप निरीक्षक कनक सिंह बघेल अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी बाबा टोला मैदान में एक युवक संदिग्ध स्थिति में खड़ा मिला। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना 20 वर्षीय नाम इस्लाम उर्फ शेरू निवासी बाबा टोला बताया। उसके पास रखी तिरपाल के नीचे जब जांच की गई, तो 22 बड़ी, 24 पतली बैटरियां तथा छह बैटरी चार्जर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ये बैटरियां मंडला रोड स्थित बीएसएनएल टावर से चोरी कर बेचने हेतु छिपाकर रखी गई थीं।

### कार्यवाही जारी, मालिक की तलाश-

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 35(1)(ड) बीएनएसएस एवं 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है और बैटरियों के वास्तविक मालिकों की पहचान हेतु पतासाजी की जा रही है।



# दमोह नाका चौक से वाहनों का आवागमन अब 15 जुलाई तक बंद रहेगा

**जबलपुर।** दमोह नाका चौक से वाहनों के आवागमन की पर रोक की अवधि एक सप्ताह और बढ़ा दी गई है। फ्लाईओवर के नीचे का यह मार्ग अब 15 जुलाई तक वाहनों के आवागमन के लिये बंद रहेगा। ऐसा यहां सड़क और नाली निर्माण के शेष बचे कार्य को पूरा करने के लिये किया जा रहा है। इस मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों को पूर्व के अनुसार डायवर्टेड रूट से गुजरना होगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह ने यह जानकारी देते हुये बताया दमोह नाका चौक पर सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य वर्षा के कारण बाधित हुआ है और शेष बचे कार्य को पूरा करने इस मार्ग को वाहनों के आवागमन के लिये अब 15 जुलाई तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। कार्यपालन यंत्री श्री सिंह ने बताया कि दमोह नाका चौक को आवागमन के लिये बंद किये जाने की अवधि बढ़ाये जाने से इस मार्ग पर यातायात का डायवर्सन पूर्व के अनुसार ही रहेगा। उन्होंने बताया कि आधारताल से दमोह नाका की तरफ आने वाहन मेट्रो बस, हैवी व्हीकल, कार, ऑटो रिक्शा और ई- रिक्शा आदि को गोहलपुर थाने से अमखेरा रोड से खजरी बायपास मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे, जबकि दो पहिया वाहन शांति नगर चौक से दाहिने और डायवर्ट होते हुए पाटन मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसी प्रकार रानीताल चौक से दमोह नाका की ओर आने वाले ट्रैफिक मेट्रो बस, हैवी व्हीकल, कार, ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा आदि को बल्देवबाग चौक से एम आर-4 रोड की तरफ बाएं ओर मार्ग डायवर्ट रहेगा। इस मार्ग पर आने वाले दो पहिया वाहनों के लिये गोपाल आर्केड पिलर नम्बर 33 से बाईं ओर के मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। पाटन एवं आईएसबीटी चौक से दमोह नाका की तरफ आने वाले वाहन मेट्रो बस, हैवी व्हीकल, कार, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा आदि को आईएसबीटी से खजरी बायपास होते हुये अमखेरा रोड की ओर डायवर्सन रूट पर चल सकेंगे तथा इस मार्ग पर आने वाले दो पहिया वाहन मेट्रो हॉस्पिटल की बायीं ओर के डायवर्टेड रूट का इस्तेमाल कर सकेंगे।

## बीते 5 साल से नहीं बन पाया रेलवे ओवर ब्रिज

# सिहोरा - खितौला के रेलवे फाटक में रोजाना लग रहे जाम से परेशान आम

हरिभूमि सिहोरा।

खितौला पान उमरिया मंझगवा सिलोड़ी और खितौला बस स्टैंड सिहोरा मार्ग में रेलवे फाटक बंद होने से आए दिन लगने वाले जाम से आम लोगों को कहीं भी आने-जाने में भारी परेशान होना पड़ता है सबसे बड़ी फजीहत दोपहिया वाहन में बैठे यात्रियों की बनती है जो फाटक बंद होने की स्थिति में बारिश के मौसम में भीग जाते है।



### मुम्बई हावड़ा रेल मार्ग का प्रमुख फाटक


मुंबई हावड़ा देश के प्रमुख रेल मार्ग में खितौला रेलवे फाटक है इस फाटक को पार करने पर दो मार्ग एक पान उमरिया, ढीमरखेड़ा, शहडोल को दूसरा मार्ग मंझगवा, सिलोड़ी, कुण्डम को जाता है। इसके अलावा खितौला बस्ती क्षेत्र के तीन वार्डों के वार्ड क्रमांक 16 से 18 तक के निवासियों का खितौला बाजार सिहोरा का आवागमन इसी मार्ग से होता है इस मार्ग से यात्री रेल गाड़ियों और मालगाड़ियों का लगातार आवागमन होने के कारण फाटक कई बार बंद होने से जाम की स्थिति बन जाती है।

### वाहनों की लग जाती है लम्बी कतार

फाटक बंद होने से पान उमरिया, मंझगवा सिलोडी मार्ग में यात्री बसों चार पहिया और दो पहिया वाहनों का जाम लगता है।ज्ञात हो इसी मार्ग से प्रतापपुर घुघरी ढुबियारा हरगढ़ खनिज से भारी भरकम माल वाहक डंपर हाइवा का आवागमन सबसे अधिक होता है। पश्चिम मध्य रेल प्रशासन द्वारा खितौला रेलवे फाटक में लगने वाले जाम से निजात दिलाने रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया गया है लेकिन बीते पांच साल से बने रेलवे ब्रिज निर्माण की ज्यों की त्यों है।

### कांग्रेस ने लड़ी है लम्बी लड़ाई

इस संबंध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल का केहना है कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए कांग्रेस पार्टी ने लंबी लड़ाई लड़ी है इसके बाद वर्ष 2020 में रेलवे ओवरब्रिज की सौगात मिली लेकिन ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी द्वारा काम मंथर गति से करने से ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य अटका है निर्माण कार्य जल्दी पूरा हो इसकी चिंता लोक निर्माण मंत्री,सांसद के साथ सिहोरा विधायक को करना चाहिए जिससे शीघ्र इस जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल सके।



### मौसी के घर से आज वापस आयेंगे भगवान जगन्नाथ स्वामी

**सिहोरा।** भगवान जगन्नाथ भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ आज मौसी के घर से अपने घर वापस लौटेंगे।खितौला के नृसिंह मंदिर से खितौला वासी भगवान के रथ को हाथों से खींचते हुए बारीबाहू स्टेडियम तक लायेंगे। रथ यात्रा की जानकारी देते हुए श्यामू चौरसिया,सोनू विश्वकर्मा, नरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि यात्रा दोपहर 3 बजे नृसिंह मंदिर से प्रारंभ होकर रेलवे फाटक, खितौला बाजार, राधा कृष्ण मंदिर होते हुए बारीबाहु स्टेडियम तक जाएगी। आयोजक मंडल ने सभी भक्तगणों से रथ यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है।

### रथ यात्रा की वापसी आज

**बरेला।** स्वास्थ्य लाभ लेने के पश्चात भगवान जगन्नाथ आज अपने घर को लौटेंगे आयोजन समिति के अनुसार रथ यात्रा की वापसी राम जानकी मंदिर से शाम 4:00 बजे कुंडा स्थित मां कर्मा देवी जगदीश स्वामी मंदिर की ओर जावेगी साहू समाज परगना बरेला मां कर्मा देवी युवा मंडल एवं महिला मंडल ने सभी श्रद्धालु भक्तगणों से रथ यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## मध्यस्थता जागरुकता शिविर आयोजित

**सिहोरा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में नालसा एवं एनसीपीसी द्वारा 1 जुलाई 90 दिनों की अवधि के एक विशेष मध्यस्थता अभियान अंतर्गत तहसील विधिक सेवा समिति सिहोरा द्वारा तहसील अधिवक्ता संघ सिहोरा के सभाकक्ष में श्री सुधांशु सिन्हा जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सिहोरा की अध्यक्षता में एवं श्री श्यामसुन्दर झां, जिला न्यायाधीश (प्रथम) सिहोरा की उपस्थिति में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मध्यस्थता योग्य प्रकरणों में मीडिएशन कार्यवाही के भरपूर प्रयास किये जाने एवं मध्यस्थता प्रकिया के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई एवं बताया गया कि ऐसे पक्षकार गण जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और उसमें मध्यस्थता की आवश्यकता है तो वे अपना प्रकरण मध्यस्थता कार्यवाही हेतु न्यायालय से मीडिएशन हेतु रैफर करवा सकते हैं। जिससे उनके प्रकरण में तत्काल मध्यस्थ नियुक्त कर मध्यस्थता कार्यवाही की जा सके। मध्यस्थता जागरूकता शिविर में अधिवक्ता मीडिएटर संजय सिंह सेंगर,मुकेश कुमार तिवारी,अजय किशोर तिवारी,उमाशंकर चौरसिया एवं अधिवक्ता संघ सिहोरा के कार्यकारणी अधिकारीगण एवं सम्मानीय अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

## चड़ार समाज धर्मशाला में बैठक सम्पन्न


**भेड़ाघाट।** चड़ार समाज कल्याण विकास समिति जबलपुर द्वारा चड़ार समाज धर्मशाला भेड़ाघाट सरस्वती घाट में सामान्य सभा बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा और समाज की उन्नति हेतु बैठक का आयोजन किया गया चड़ार समाज विकास समिति जिला अध्यक्ष होरीलाल चड़ार, कार्यकारी अध्यक्ष सतीश चड़ार, इंजीनियर घनश्याम चड़र, इंजीनियर कमलेश चड़ार, संरक्षक पूरनलाल चड़ार, मुख्य संरक्षक सुरेश प्रसाद चड़ार, सविच देवकरण चड़ार, कोषाध्यक्ष नीलेश चड़ार, आदि स्वाजातीयबनधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### हमले के बाद फरार आरोपी कट्टा कारतूस सहित गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत अमखेरा रोड अमन नगर के पास एक आरोपी को कट्टा कारतूस के साथ पकड़ा गया। आरोपी ने गत 30 जून को एक युवक पर कट्टे की बट से मारपीट की थी, तभी से उसकी तलाश की जा रही थी। गोहलपुर थाना प्रभारी रीतेश पांडे ने बताया कि आरोपी घोड़ानक्काश निवासी अजय उर्फ अज्जू सोनकर ने पैसों के विवाद पर रिजवान अंसारी पर कट्टे की बट से मारपीट की थी। तभी से फरार था। इस बीच मुखबिर की सूचना पर कल रात उसे अमन नगर गली नंबर 2 में पकड़ा गया। मौके पर ही उसके पास से देशी कट्टा एवं एक कारतूस जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी अजय उर्फ अज्जू सोनकर के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## आईपीएपी अध्यक्ष ने जताया कड़ा ऐतराज

# मेडिकल यूनिवर्सिटी बंद होना, शहर के साथ विश्वासघात



**जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जबलपुर स्थित मेडिकल यूनिवर्सिटी को बंद करने के निर्णय की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे जबलपुर और महाकौशल क्षेत्र के विकास पर करारा प्रहार और भारतीय जनता पार्टी सरकार का घोर विश्वासघात करार दिया है। डॉ. तिवारी ने कहा कि वर्ष 2011 में स्थापित मध्यप्रदेश की एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी को देश की सर्वोच्च मेडिकल यूनिवर्सिटी बनाने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे। इसके लिए 400 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया था, लेकिन 2011 से 2025 तक केवल 20 करोड़ रुपये ही आवंटित किए गए। मध्यप्रदेश सरकार ने न तो पर्याप्त बजट प्रदान किया, न ही विश्वविद्यालय में प्रशासनिक और अन्य अधिकारियों की नियुक्ति की, और न ही मापदंडों के अनुसार स्टाफ की व्यवस्था की। यह सरकार की आर्थिक विफलता और विश्वविद्यालय को जानबूझकर कमजोर करने की साजिश को दर्शाता है। डॉ. तिवारी ने जबलपुर और महाकौशल के चिकित्सकों, चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों और जबलपुर से प्रेम करने वाले सभी संगठनों से अपील की है कि वे एकजुट होकर इस विश्वविद्यात के खिलाफ और जबलपुर के स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष करें।

## पर्यटन मार्ग अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू

**भेड़ाघाट।** विश्व पर्यटन स्थल पंचवटी मार्ग की दुर्दशा को देखकर ऐसा लगता है कि गांव खेड़ा की सड़क से बदत्त रहो गई है। भेड़ाघाट चौराहा पर पानी निकासी की समस्या को लेकर सड़क पर पानी भर रहा था लोक निर्माण विभाग द्वारा हार्ड मुरम डालने से दलदल में तब्दील हो गया है दो पहिया वाहन चालक गिर रहे हैं और सरस्वती घाट पर भी सड़क पर गढ्डों में तब्दील हो गई है सड़क पर पीली मिट्टी गिट्टी फैली होने से भयानक दुर्घटनाओं के आशंका की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से विश्व पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की दुर्दशा को देखकर ऐसा लगता है कि भेड़ाघाट का कोई माई बाप नहीं हैं क्या।



### भेड़ाघाट चौराहा पंचवटी मार्ग बना तालाब

**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल की सुंदरता नहाने के लिए पर्यटक दूर-दूर से जब भेड़ाघाट चौराहा पंचवटी मार्ग पर पहुंचते हैं तो भेड़ाघाट चौराहे पर सड़क पर दलदल कीचड़ से निकालना पड़ता है यदि किसी ने ध्यान नहीं दिया तो कीचड़ में गिरकर लाथपत हो जाते हैं। पंचवटी मार्ग का कोई धनी घोरी नहीं है तभी तो भेड़ाघाट चौराहा पंचवटी मार्ग की हालत नरक से बत्तर हो गई है। इस मार्ग पर जगह-जगह आवारा जानवर सड़क पर बैठे रहते हैं जिससे टू व्हीलर, फोर व्हीलर पर्यटक दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं। पंचवटी मार्ग पर मिट्टी का कटाव होने से सड़क पर कीचड़ से पर्यटन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जब पर्यटकों से यात्री कर वसूला जाता है तो सुविधाओं को दरकिनार पर्यटकों को ठगा सा महसूस होता है श्मशान घाट के ऊपर मिट्टी फिसलने से पूरी सड़क पर थोड़ी सा पानी गिरता है तो फैसलालन हो जाती है टू व्हीलर वाले पर्यटक आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं उसके बावजूद भी नगर नगर परिषद भेड़ाघाट आंखें बंद सो रही है पर्यटकों की सुविधा के लिए किसी प्रकार से कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है शासन प्रशासन शीघ्र इस मार्ग की मरम्मत एवं हो रही दुर्घटनाओं पर शीघ्र ध्यान दें जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की अनहोनी को टाला जा सके।

# छात्र नेताओं ने जिम्मेदारी, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की ली शपथ

**सेंट अलॉयसियस स्कूल पनागर में अलंकरण समारोह का आयोजन, सैन्य अधिकारियों ने बढ़ाया उत्साह**

हरिभूमि, जबलपुर।

सेंट अलॉयसियस स्कूल पनागर में सत्र 2025-26 के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन हर्ष और गौरव के वातावरण में किया गया। यह अवसर न केवल छात्रों के लिए नेतृत्व का पहला मंच बना, बल्कि उनके भीतर जिम्मेदारी और राष्ट्र सेवा का भाव भी जागृत किया। समारोह में कुल 26 छात्र नेताओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। शिवांश कुशवाहा को शाला नायक और पार्थवी पटेल को छात्रा नायिका नियुक्त किया गया, जिन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता की शपथ ली।



### वीरता और अनुशासन के प्रतीक रहे मुख्य अतिथि

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ब्रिगेडियर कृष्णकांत शर्मा, जिन्होंने कारगिल युद्ध क्षेत्र सहित पूर्वी लद्दाख में सेना की कमान संभाली है। उनके साथ उपस्थित रहीं उनकी पत्नी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल हिमांशी शर्मा, जिन्होंने 23 वर्षों तक भारतीय सेना में सेवा कर अनुशासन और समर्पण की मिसाल कायम की। अपने प्रेरणादायक उद्बोधनों में दोनों सैन्य अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का भाव है। उन्होंने कहा कि आज के छात्र कल के राष्ट्र निर्माता हैं, और उन्हें अपने जीवन में अनुशासन को सर्वोपरि रखना चाहिए।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शानदार परेड, समूह नृत्य, शपथ ग्रहण, राष्ट्रगान और विद्यालय गीत ने समारोह को जीवंत बना दिया। दर्शकों में अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ने उत्सव को विशेष रूप दिया।

### प्रबंधन और शिक्षकों की अहम भूमिका

इस सफल आयोजन के पीछे सिस्टर सरिथा एंटनी, फादर जॉस एंटनी, खेल शिक्षक अमित श्रीवास और शशांक सिंह ठाकुर सहित सभी शिक्षकों एवं शाला सहायकों का अथक परिश्रम रहा। उन्होंने सुनिश्चित किया कि हर गतिविधि अनुशासित और गरिमामयी तरीके से संपन्न हो।

### सूने घर का दरवाजा तोड़कर जेवर व नगदी चोरी

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत आगा चौक मरघटाई रोड में एक सूने घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी 8 हजार रुपए चोरी कर ले गए। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगा चौक मरघटाई रोड निवासी 50 वर्षीय विजय कुमार सेन गत 5 जुलाई की शाम घर में ताला लगाकर परिवार सहित गोटेगांव गया था। दूसरे दिन उसे फोन पर चोरी की सूचना मिली। सूचना पाकर वह फौरन घर पहुंचा तो देखा कि घर के पीछे का दरवाजा टूटा था। अलमारी मे रखी सोने की 6 अंगूठी, 1 चेन, 1 जोड कन्छडी, 1 जोड झुमकी, पांचाली, मंगलसूत्र, 2 लौंग तथा नगदी 8 हजार रूपये चोरी कर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331, 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**श्री गुरूबक्श सिंह-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री गूरूबक्श सिंह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नंद लाल जाधव-** विजय नगर रांझी निवासी श्री नंद लाल जाधव (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विकास अविद्रा-** बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला निवासी श्री अशोक अविद्रा के पुत्र श्री विकास अविद्रा (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल जायसवाल-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री अनिल जायसवाल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूल मंधन-** हाथीताल गुप्तेश्वर निवासी श्री चंद्र प्रकाश मंधन की धर्मपत्नी श्रीमती फूल मंधन (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद सोंधिया-**




छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री जगदीश प्रसाद सोंधिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली गुप्ता-** हाथीताल निवासी श्री छिन्दू लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली गुप्ता (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नंदी लाल राजपूत-** कवर्धा हाउस पुल नं. 2 के पास निवासी श्री नंदी लाल राजपूत (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रशेखर बेन-** इंद्रानगर बिलपुरा व्हीकल रोड निवासी श्री चंद्रशेखर बेन (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमलेश साहू-** गाड़ासरई डिंडोरी निवासी श्री राम कुमार साहू की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश साहू (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल मेहतो-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री अनिल मेहतो (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग :- 9303308294, 9407362100

## बदमाशों ने चार युवकों को चाकुओं से किया घायल

**जबलपुर।** लार्डगंज और पनागर थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने चार युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिनेकी बिलहा मोहल्ला पाटन निवासी 24 वर्षीय टेंट संचालक हरिकिशन रजक गत रात लगभग 10.15 बजे गोरखपुर से लौट रहा था, लगभग 10.30 बजे उसे शुभम चौधरी ने कॉल करके सूर्या होटल के पास कलारी के सामने बुलाया तो वह रात लगभग 10.40 बजे कलारी के सामने पहुंचा, जहां शुभम चौधरी उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो शुभम चौधरी उसकी जेब में हाथ डालकर पैसे निकालने लगा, उसने विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो राजा उर्फ शुभम चौधरी ने उसे पकड़ लिया और शुभम चौधरी ने चाकू से उसके गाल पर हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह पनागर में सुभाष वार्ड पनागर निवासी 28 वर्षीय मजदूर हरिओम चक्रवर्ती गत रात लगभग 9 बजे अपने घर के पास खड़ा था, उसी समय मोहल्ले के मनोज प्रजापति, सोनू प्रजापत्ति एवं रजीत प्रजापति तीनों उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर तीनों गाली गलौज करने लगे और रंजीत प्रजापति ने चाकू मार कर माथा, सीने हाथ की कलाई में चोट पहुंचा दी। उसके बड़े दाऊ का लड़का दिलीप प्रजापति एवं पिता मंगल प्रजापति दोनों बीच बचाव करने आए तो तीनों ने मिलकर दिलीप प्रजापति एवं पिता मंगल प्रजापति के साथ भी मारपीट कर सिर, पैर, गाल एवं सीने में चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप




### इंडियन बैंक ने सरकार को 1,616 करोड़ लाभांश दिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने बीते वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,616 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश चेक केंद्र सरकार को सौंपा है। इंडियन बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा कि बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बिनोद कुमार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,616.14 करोड़ रुपये का लाभांश चेक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। इस मौके पर वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### फास्टैग से टोल संग्रह बढ़कर 20,682 करोड़ रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईसीटी) के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में फास्टैग के जरिये



राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह 19.6 प्रतिशत बढ़कर 20,681.87 करोड़ रुपये हो गया। एनईटीसी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में टोल उपयोगकर्ताओं की संख्या भी 16.2 प्रतिशत बढ़कर 117.3 करोड़ हो गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 100.98 करोड़ थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक अप्रैल, 2025 से देशभर के राजमार्ग खंडों पर टोल शुल्क में औसतन 4-5 प्रतिशत की वृद्धि की थी।

### ट्रैवल फूड आईपीओ को दूसरे दिन तक 25% अभिदान

**नई दिल्ली।** ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के दूसरे दिन मंगलवार को 25 प्रतिशत




अभिदान मिला। एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ को 33,02,858 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं जबकि 1,34,12,842 शेयरों की पेशकश की गई है। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के लिए कोटा में 28 प्रतिशत अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 24 प्रतिशत अभिदान मिला।

### रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 85.68 प्रति डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार



को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे बढ़कर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने और मजबूत घरेलू शेयर बाजार ने रुपये को और मजबूत किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.75 पर खुला और 85.64-85.80 के सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की बढ़त है।

### हिंदुस्तान पावर ने उप्र में सौर परियोजना शुरू की

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पावर ने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में 435 मेगावाट पीक (एमडब्ल्यूपी) सौर



ऊर्जा परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि अप्रैल 2025 में एक प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा प्रदान की गई यह परियोजना अगले 25 वर्ष तक राज्य को स्वच्छ बिजली की आपूर्ति करेगी।

# टमाटर में उछाल से जून में महंगी हुई वेज और नानवेज थाली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टमाटर के महंगा होने से जून में घर का बना खाना या थाली की कीमत पिछले महीने की तुलना में बढ़ गई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत मई में 26.2 रुपये की तुलना में जून में तीन प्रतिशत बढ़कर 27.1 रुपये हो गई, जबकि मांसाहारी थाली की कीमत मई में 52.6 रुपये की तुलना में जून में चार प्रतिशत बढ़कर 54.8 रुपये प्रति थाली हो गई।

प्याज के मामले में, ताजा आवक के अभाव और रबी स्टॉक को नियंत्रित ढंग से बाजार में जारी किये जाने के कारण कीमतों में मामूली वृद्धि की उम्मीद है, जबकि टमाटर की गर्मियों में कमजोर बुवाई के कारण कीमतों में बढ़ोतरी होगी।

## घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की रिपोर्ट

### टमाटर की कीमतों में 36 फीसदी की वृद्धि आई

घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की मासिक 'रोटी, चावल, दर' रिपोर्ट में बताया गया है कि आवक में आठ प्रतिशत की गिरावट के कारण इस महीने टमाटर की कीमत में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे थाली की कीमत बढ़ गई। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को आलू की कीमत में चार प्रतिशत की वृद्धि का सामना करना पड़ा।



### ब्रॉयलर की कीमतों में वृद्धि से नानवेज थाली हुई महंगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि मांसाहारी थाली के मामले में ब्रॉयलर की कीमतों में पांच प्रतिशत की वृद्धि से भी नुकसान हुआ है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थाली की लागत क्रमिक रूप से बढ़ेगी।

### वेज थाली में सालाना आधार पर आठ फीसदी की कमी आई

रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना आधार पर तुलना करने पर शाकाहारी भोजन की कीमतों में आठ प्रतिशत की गिरावट आई है। मांसाहारी भोजन में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह काफी हद तक जून, 2024 के उच्च आधार स्तर के कारण है।

बांग्लादेश, थाइलैंड सहित एक दर्जन पर लगा उच्च शुल्क

# अमेरिका के कदम से भारत को कपड़ा व फुटवियर क्षेत्रों में होगा लाभः निर्यातक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश और थाइलैंड सहित एक दर्जन से अधिक देशों पर उच्च शुल्क लगाने के अमेरिका के फैसले के बाद भारत के परिधान और 'फुटवियर' जैसे निर्यात क्षेत्रों को वहां के बाजार में प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने की उम्मीद है। निर्यातकों ने यह बात कही।

- अमेरिकी फैसले से भारत को लाभ मिलने की उम्मीद

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को जापान, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, ट्यूनीशिया पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। वहीं दक्षिण अफ्रीका, बोस्निया-हर्जेगोविना पर 30 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, बांग्लादेश, सर्बिया पर 35 प्रतिशत, कम्बोडिया, थाइलैंड पर 36 प्रतिशत और लाओस और म्यांमा पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाने का ऐलान किया। ये शुल्क एक अगस्त से लागू होंगे।

**खास बातें**

- अमेरिका को परिधान निर्यात करने वाला बांग्लादेश तीसरा बड़ा देश
- परिधान क्षेत्र में भारत का अमेरिका को 2.5 अरब डॉलर का था निर्यात



### बांग्लादेश की बाजार हिस्सेदारी 13.15 फीसदी

बांग्लादेश 2024 में 13.15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अमेरिका को परिधान (बिना बुना हुआ) का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में भारत का अमेरिका को निर्यात 2.5 अरब डॉलर था। लेकिन भारत शीर्ष तीन देशों में नहीं है।

### कम्बोडिया भी परिधान निर्यात में भारत से आगे

बुने हुए परिधानों में कम्बोडिया की हिस्सेदारी करीब छह प्रतिशत है और वह भारत (5.09 प्रतिशत) से आगे है। एक निर्यातक ने कहा, "अमेरिकी परिधान बाजार में भारत को बांग्लादेश और वियतनाम से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। बांग्लादेश पर उच्च शुल्क से अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।"

### भारत के रबड़ के निर्यात में भी हो सकेगी वृद्धि

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो (फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि चमड़ा और परिधान जैसे क्षेत्रों को भारत के प्रतिस्पर्धी देशों से प्रतिस्पर्धी लाभ मिल सकता है। मुंबई के एक निर्यातक ने कहा कि थाइलैंड पर बढ़े हुए शुल्क से रबड़ और उसके उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी हो सकती है।

### हमें चमड़ा क्षेत्र में लाभ मिलेगा

थाइलैंड, अमेरिका को रबड़ का सबसे बड़ा निर्यातक है। उसकी हिस्सेदारी 15.16 प्रतिशत है, जबकि भारत 2.93 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ चौथे स्थान पर है। निर्यातक ने कहा, "हमें चमड़ा क्षेत्र में भी लाभ मिलेगा।"

### समझौते को अंतिम रूप देने में सावधानी से आगे बढ़े भारत : जीटीआरआई

आर्थिक शोध संस्थान टैंक जीटीआरआई ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देते समय भारत को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने कहा, "अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 'मॉडल' मुक्त व्यापार समझौते का नहीं बल्कि अमेरिकी जवाबी शुल्क के सामने झुकने का है।"

# चीनी पेशेवरों की वापसी से आईफोन 17 के उत्पादन पर कोई असर नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एप्पल वेंडर के संयंत्र से चीनी प्रौद्योगिकी पेशेवरों की वापसी से आगामी आईफोन-17 के उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल भारत में उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार आगे बढ़ रही है।

- एप्पल भारत में उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार आगे बढ़ रही

सूत्रों के अनुसार, भारत में एप्पल के वेंडर फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी चीन से पूंजीगत वस्तुओं की आपूर्ति में ढील का अनुभव किया है। ये वस्तुएं आईफोन के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण हैं। आईफोन विनिर्माण के घटनाक्रम से अवगत एक सूत्र ने बताया, "फॉक्सकॉन से चीनी पेशेवरों की वापसी से आईफोन के उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ा है। भारत में आईफोन-17 का उत्पादन तय समय के अनुसार होगा।" इस मामले पर एप्पल, फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को भेजे गए सवालों का कोई जवाब नहीं मिला। कई सूत्रों ने बताया कि फॉक्सकॉन इंडिया के संयंत्रों में काम करने वाले सैकड़ों चीनी पेशेवर पिछले दो माह में चीन लौट गए हैं। उन्होंने बताया कि ये इंजीनियर निर्माण श्रृंखला और कारखाना डिजाइन को संभाल रहे थे। इन पर उपकरण और मशीनों को संभालने के लिए प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी भी थी।

### एप्पल की योजना में कोई बदलाव नहीं

एक सूत्र ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने की एप्पल की योजना में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एप्पल ने इस साल आईफोन उत्पादन को बढ़ाकर छह करोड़ इकाई करने की योजना बनाई है, जो 2024-25 में लगभग 3.5-4 करोड़ इकाई था।

# टाटा मोटर्स की वैश्विक बिक्री में नौ फीसदी की गिरावट

**कंपनी ने अप्रैल-जून तिमाही में 2,99,664 इकाई बेची**




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स की अप्रैल-जून तिमाही में कुल वैश्विक बिक्री नौ प्रतिशत घटकर 2,99,664 इकाई रह गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 3,29,847 इकाइयां बेची थीं। कंपनी ने मिनी ट्रक 'टाटा ऐस प्रो' पेश करने की घोषणा भी की।

- टाटा ने मिनी ट्रक टाटा ऐस प्रो देश करने की घोषणा की

टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में यात्री वाहनों की वैश्विक थोक बिक्री सालाना आधार पर 10 प्रतिशत कम होकर 1,24,809 इकाई रही। जगुआर लैंड रोवर की बिक्री अप्रैल-जून तिमाही में 87,286 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में टाटा मोटर्स के सभी वाणिज्यिक वाहनों और टाटा देवू रेंज की वैश्विक थोक बिक्री 87,569 इकाई रही। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही की तुलना में यह छह प्रतिशत कम है। इस बीच, कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, टाटा मोटर्स ने नया मिनी ट्रक 'टाटा ऐस प्रो' पेश किया है। यह 3.99 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर उपब्ध है। यह भारत का सबसे सस्ता मिनी ट्रक है।

### टाटा ऐस प्रो सुरक्षा देने बनाया गया

टाटा मोटर्स के कार्यकारी अधिकारी गिरीश वाघ ने कहा कि नया 'टाटा ऐस प्रो' स्थिरता एवं सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। इससे महत्वाकांक्षी उद्यमियों की कमाई की संभावनाएं बढ़ती हैं।

सोना बढ़कर 99,120 रुपए प्रति दस ग्राम

# सोना 550 रुपए चढ़ा और चांदी रही स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,570 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

सर्राफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसके अलावा, चांदी की कीमतें मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में भी



1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 11.42 डॉलर या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,325.09 डॉलर प्रति औंस रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - कमोडिटीज, सौमिल गांधी ने कहा, व्यापार युद्ध के फिर से शुरू होने की आशंका बढ़ने के कारण सोने ने कल के नुकसान को उलट दिया और मंगलवार को बढ़त दर्ज की गई।

घरेलू आभूषण परिचालन में 18 फीसदी की वृद्धि हुई

# टाइटन का कारोबार जून तिमाही में 20 प्रतिशत की दर से बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा समूह की कंपनी टाइटन ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अपने उपभोक्ता कारोबार में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। टाइटन कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

- सोने की कीमतें बढ़ने से खरीदारी में नरमी देखी गई

कंपनी ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव से उपभोक्ता धारणा प्रभावित होने के बावजूद उसके घरेलू आभूषण परिचालन में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। टाइटन ने कहा, "अक्षय तृतीया के अवसर पर अच्छी मांग देखी गई लेकिन मई से जून मध्य तक सोने की कीमतें बढ़ने से ग्राहकों की खरीदारी में कुछ नरमी देखी गई।" बीती तिमाही में कंपनी ने भारत में इस खंड के तहत 19 नए स्टोर खोले जिनमें से तीन तनिष्क, सात स्टोर मिया ब्रांड और नौ कैरेटलेन ब्रांड के थे। वहीं घरेलू बाजार में घड़ियों के क्षेत्र में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने कहा कि सोनाटा ब्रांड ने नए उत्पादों के साथ वृद्धि का नेतृत्व किया, उसके बाद टाइटन और फास्टट्रैक तथा अंतरराष्ट्रीय ब्रांड का समर्थन रहा।




### टाइटन के शेयर में छह फीसदी की गिरावट

टाटा समूह की कंपनी टाइटन के शेयर में मंगलवार को छह प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। कंपनी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए कारोबारी सूचना से निवेशकों को खुश करने में विफल रही, जिसके चलते यह गिरावट हुई। टाइटन का शेयर बीएसई पर 6.17 प्रतिशत गिरकर 3,440.60 रुपये पर आ गया।

# सोभा की पहली तिमाही में बिक्री बुकिंग 11 प्रतिशत बढ़ी



**बेंगलुरु।** रियल एस्टेट कंपनी सोभा लिमिटेड चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,078.8 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग दर्ज की। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 1,873.7 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की थी। सोभा लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल-जून अवधि में उसने 14.44 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा जबकि पिछले साल उसने 11.75 लाख वर्ग फुट क्षेत्र की बिक्री की थी। अप्रैल-जून तिमाही में 10.7 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र पूरा किया और विभिन्न परियोजनाओं में 594 मकानों को ग्राहकों को सौंपा। देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक सोभा ने अपनी स्थापना के बाद से करीब 14.5 करोड़ वर्ग फुट का निर्माण किया है।

# साइप्रस की कंपनियां भारत के पोत परिवहन में करेंगी निवेश

**नई दिल्ली।** साइप्रस की कंपनियों इंटरओरिएंट नेविगेशन कंपनी लिमिटेड और डैनशिप एंड पार्टनर्स लिमिटेड ने भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है।

इंटरओरिएंट ने बयान में कहा कि यह निवेश भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अबतक का सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) है। इस क्षेत्र को 2005 में 100 प्रतिशत एफडीआई के लिए खोला गया था। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 15 जून, 2025 को साइप्रस यात्रा के कुछ दिन बाद की गई है।

मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स के साथ औपचारिक चर्चा की थी। बयान के अनुसार, इस निवेश के तहत सभी जहाज भारतीय ध्वज के तहत पंजीकृत होंगे।

**JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA COLLEGE OF HORTICULTURE, REHLI-470227 DISTRICT-SAGAR (MP)**
E.mail: cohrehli@gmail.com

No./COH/Rehli/2025-26/ 09 Date 07-07-2025

**Empanelment for teaching on honorarium basis**

**WALK IN INTERVIEW**

Eligible candidates may submit their application in prescribed proforma up to 17th July, 2025 on email id: cohrehli@gmail.com and may appear in "walk Interview" along with the original documents and hard copy of application form (with self- attested photograph and photocopy of all documents) for verification in the office the Dean, College of Agriculture, Jabalpur on 21st July, 2025 at 10:00 am. For othe details and application proforma visit http://www.jnkvv.org.

IPRO/Rehli/2025/46

DEAN
COLLEGE OF HORTICULTURE
REHLI

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-2687/राजस्व/न.पा.नि./2025 **आवश्यक सूचना** रीवा, दिनांक 08.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी। तत्पश्चात नामांतरण की विधिवत कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति) | इन्द्राजी का नाम | नामांतरण ग्रहिता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 462 | 12/825 उर्रहट, जिला - रीवा (म.प्र.) | स्व. श्री छविलाल पाण्डेय पिता श्री जमुना प्रसाद पाण्डेय | श्रीमती सुशीला पाण्डेय पति स्व श्री छविलाल पाण्डेय | वारिसाना |
| 2 | 471 | 02/9/1 ट्रांसपोर्ट नगर, जिला - रीवा (म.प्र.) | श्रीमती मीना श्रीवास्तव पति श्री माधव प्रसाद श्रीवास्तव | श्री मनोज श्रीवास्तव पिता श्री माधव प्रसाद श्रीवास्तव | पंजीकृत वसीयत |
| 3 | 438 | 31/328 तरहटी जिला - रीवा (म.प्र.) | श्री ओमप्रकास जगदीश, कन्हैयालाल पिता श्री कपूरचन्द्र सोनी | 1. श्रीमती सीता सोनी पति श्री दयाशंकर सोनी 2. श्री सन्तोष कुमार सोनी पिता श्री दयाशंकर सोनी | क्रय-विक्रय |
| 4 | 469 | 07/773/1 हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोदाबाग, जिला - रीवा (म.प्र.) | श्रीमती अरूण दीक्षित पति स्व. श्री एमपी दीक्षित | श्री आशीष कुमार दीक्षित पिता स्व. श्री महेश्वरी प्रसाद दीक्षित | वारिसाना |

उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, कोठी रोड, सिविल लाईस, सतना (म.प्र.)**
PHONE No. 07676-299470 E-mail:-dpepiusatna2@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 18/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू. डी./भवन/1707 रीवा, दिनांक :- 25.06.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वषार्काल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_432621_1 | शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना से संबद्ध नवीन चिकित्सालय का निर्माण कार्य सह जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सतना | 30637.81 | 5000000.00 | 50000 | 24 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 30-06-2025 समय 10 :00 से दिनांक 22-07-2025 समय 18 :00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-15349/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, सतना

## चिंतन

# अमेरिका से टैरिफ वार्ता में अधिक सावधान रहे भारत

अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को अंतिम रूप देने में भारत को अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी। अमेरिका अपने जीएम समेत अन्य कृषि व पोल्ट्री उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को गिद्ध नजर से देख रहा है। यह नजर बहुत लंबे समय से है। भारत ने जब अंतरराष्ट्रीय दबाव में गैट (अब डब्ल्यूटीओ) समझौते को वर्ष 1994 में स्वीकृति दी थी, उसके बाद से ही भारत पर अपने कृषि व संबद्ध क्षेत्र को खोलने का अमेरिकी दबाव है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत पर शुल्क (टैरिफ) को लेकर अधिक दबाव है। अमेरिका को लगता है कि भारत अपने सामानों पर अमेरिका से अधिक टैरिफ वसूलता है, जबकि अमेरिकी सामानों पर कम शुल्क देता है। बेशक वस्तुओं के व्यापार भारत के पक्ष में हैं, लेकिन अमेरिका भूल जाता है कि सेवाओं के ट्रेड में अमेरिका का पलड़ा भारी है। भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड वार्ता में सर्विस ट्रेड के मुद्दे को प्रमुखता से रखना चाहिए। अमेरिका ने नौ जुलाई तक जवाबी शुल्क को निलंबित कर दिया था। इस कारण भारत पर दबाव था कि वह नौ जुलाई से पहले ही ट्रेड वार्ता पूरी कर ले, लेकिन अब अमेरिका ने अपनी समय सीमा को एक अगस्त तक बढ़ा दिया है। यानी कि अब एक अगस्त तक पुराने टैरिफ तरीके से ही व्यापार चलते रहेंगे। इससे भारत के निर्यातकों को राहत मिली है, इसी के साथ भारत को ट्रेड वार्ता के लिए अब तीन हफ्ते का वक्त और मिल गया है। ऐसे में भारतीय वार्ताकारों को असहमति वाले मुद्दों को सुलझाने में निगोशिएट करने को अधिक सोच-विचार का समय होगा। हालांकि, यदि भारत इस महीने के अंत तक अमेरिका के साथ कम से कम वस्तुओं पर बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौता) को अंतिम रूप दे देता है तो तुलनात्मक रूप से अधिक फायदे में होगा। वित्त वर्ष 2021-22 से अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है। वस्तुओं का आपसी व्यापार 2024-25 में 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। इसमें 86.51 अरब डॉलर का निर्यात व 45.33 अरब डॉलर का आयात था। भारतीय कृषि संगठनों ने सरकार से अमेरिकी कृषि व पोल्ट्री उत्पादों के लिए भारतीय बाजार न खोलने की अपील की है, हालांकि नीति आयोग के कई सदस्य जीएम फसलों की पैरवी कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जरूर दावा किया है कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौता करने के करीब हैं, लेकिन भारत को किसी भी अमेरिका झांसे व दबाव में नहीं आना चाहिए, ट्रेड और टैरिफ में अपना हित देखना जरूरी है। भारत को अपने कृषि व संबद्ध क्षेत्र और एमएसएमई की रक्षा करनी चाहिए। सरकार को आर्थिक शोध संस्थान थिंक टैंक जीटीआरआई के अमेरिका के साथ व्यापार समझौते संबंधी सुझावों को गंभीरता से लेना चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने चेताया है कि डोनाल्ड ट्रंप का 'रेसिप्रोकल टैरिफ मॉडल' मुक्त व्यापार समझौते का नहीं, बल्कि अमेरिकी धौंस है। इसलिए भारत को अमेरिकी समय सीमा के जाल में नहीं फंसना चाहिए। जिन टैरिफ मुद्दों पर आपसी सहमति बनती जा रही है, उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करते जाना चाहिए। असहमति वाले मुद्दों पर वार्ता जारी रखनी चाहिए। एकतरफा अमेरिकी शुल्क वृद्धि विश्व व्यापार संगठन के नियमों का भी उल्लंघन है और इससे वैश्विक व्यापार प्रवाह बाधित होने, अमेरिका में उपभोक्ता कीमतों में वृद्धि होने और वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला में जटिलताएं उत्पन्न होने की आशंका है। शुल्क वृद्धि अमेरिका पर भारी पड़ेगी, भारत को तनिक भी डरने की जरूरत नहीं है।



आर्थिकी
प्रो. अश्वनी महाजन

# अमेरिका से ट्रेड समझौते में रुकावटें

**अमेरिका अपने व्यापार भागीदारों पर अमेरिकी उत्पादों पर उनके द्वारा लगाए गए शुल्क को कम करने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने के लिए दबाव डालता हुआ दिखाई दिया, ताकि अमेरिका द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाए जाने से बचा जा सके। उधर, भारतीय नीति आयोग द्वारा तैयार कार्य पत्र ने किसान संगठनों में भारी रोष पैदा कर दिया है। उनका कहना है कि अगर ये सुझाव मान लिए गए तो इससे बहुत नुकसान हो सकता है। इसी तरह, समझौते में लघु उद्योग क्षेत्र के हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है। डेटा संप्रभुता और आईपीआर भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। ऐसा लगता है कि अमेरिका हमे जितना दे सकता है, उससे कहीं अधिक मांग कर रहा है।**

भारत अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते पर 2017 से ही चर्चा चल रही है, लेकिन अभी तक इस समझौते को मूर्त रूप नहीं मिल पाया है। कई बार तो यह समझौता इतना नजदीक नजर आता था कि मीडिया ने एफटीए के मुख्य तत्वों की घोषणा भी कर दी थी, लेकिन अचानक कुछ बाधाएं सामने आतीं और एफटीए ठंडे बस्ते में चला जाता। आखिरी बार ऐसी घटना 2020 में हुई थी। मीडिया में खबरें आ रही थीं कि भारत-अमेरिका एफटीए पर हस्ताक्षर होने वाले हैं और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) का भारत दौरा प्रस्तावित था, लेकिन अचानक पता चला कि यूएसटीआर ने अपना भारत दौरा रद कर दिया है और तब से भारत-अमेरिका एफटीए पर कोई चर्चा नहीं हुई।

हाल ही में इस एफटीए, तो कभी सीमित एफटीए के बारे में खबरें फिर से आना शुरू हुई। पिछले चार महीनों में जब से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में सत्ता की बागडोर संभाली है, तब से ये चर्चाएं एक बार फिर सामने आने लगी हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने व्यापार भागीदारों पर पारस्परिक शुल्क लगाने का फैसला किया, जिससे अब शुल्क अमेरिका के लिए डब्ल्यूटीओ द्वारा सहमत बाध्य दरों के आधार पर नहीं, बल्कि राष्ट्रपति ट्रम्प की सनक के आधार पर, पारस्परिकता के तथाकथित विचार पर तय किए जा रहे थे। अमेरिका अपने व्यापार भागीदारों पर अमेरिकी उत्पादों पर उनके द्वारा लगाए गए शुल्क को कम करने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने के लिए दबाव डालता हुआ दिखाई दिया, ताकि अमेरिका द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाए जाने से बचा जा सके। ऐसी परिस्थितियों में, व्यापार विशेषज्ञ, जो मुक्त व्यापार के समर्थक माने जाते हैं, ने कहना शुरू कर दिया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने का यह सही समय है, अब एफटीए के पक्ष में तर्क दिया जा रहा है ताकि हम पारस्परिक शुल्क से बच सकें, और अमेरिका के साथ पूर्ण मुक्त व्यापार समझौते के आधार पर भारत-अमेरिका व्यापार को बढ़ावा दे सकें।

बातचीत चल रही थी और मीडिया में यह बताया जा रहा था कि भारत-अमेरिका एफटीए किसी भी समय हो सकता है और किसी भी दिन इस पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। हालांकि शुक्रवार, 13 जून को ऐसी खबरें आना शुरू हो गई कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में एक बार फिर से बाधा आ गई है और शायद भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द ही नहीं होगा। इस बार तथाकथित अवरोध भारत के इस स्पष्ट रुख से आया है कि वह जीएम खाद्य उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं दे सकता, जबकि अमेरिका जीएम खाद्य उत्पादों के लिए भारत के बाजार को खोलने पर जोर दे रहा है। अमेरिकी व्यवसायों द्वारा भारत में डेटा होस्ट करने के लिए सर्वर की अनुमति नहीं देने के खिलाफ डेटा स्थानीयकरण पर हमारा जोर, और कुछ अन्य मुद्दों के कारण प्रस्तावित एफ़टीए फिर से खटाई में पड़ता दिखाई दे रहा है। 2006-08 के आसपास, रणनीतिक और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने की व्यापक बातचीत के बीच भारत-अमेरिका एफटीए का विचार सामने आया था। हालांकि, प्रमुख मतभेदों के कारण कोई औपचारिक वार्ता शुरू नहीं हुई। यह उल्लेखनीय है कि अमेरिका भारतीय



बाजारों में, विशेष रूप से खुदरा, कृषि आदि में, अधिक पहुंच और आईपीआर पर डब्ल्यूटीओ के तहत अनुमत से अधिक रियायतें चाहता था, जिसे हम डब्ल्यूटीओ प्लस कहते हैं। भारत के इस रुख के कारण, कि इस समझौते से नीतिगत गुंजाइश खत्म हो सकती है, खासकर कृषि, दवा, आईपीआर और निवेश नियमों के मामले में। जबकि कई विशेषज्ञ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खाके के बारे में चिंता जता रहे हैं, हमें अमेरिका की मांगों को समझने की जरूरत है, और किसी एक या अधिक मुद्दों पर झुकने से भारत को कैसे नुकसान हो सकता है, इस पर बहस करने की जरूरत है।


हमें यह जानने की जरूरत है कि चूंकि कई अमेरिकी टैरिफ भारत द्वारा निर्यात नहीं किए जाने वाले उत्पादों को लक्षित करते हैं, इसलिए पारस्परिक शुल्क भारतीय निर्यातकों को महत्वपूर्ण रूप से नुकसान नहीं पहुंचा सकते हैं। हम व्यापार सौदों के माध्यम से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को बढ़ावा देने का प्रयास कर सकते हैं, जो कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो पार्ट्स और सौर उपकरण जैसे विनिर्माण उद्योगों को भारत के मेक इन इंडिया अभियान के साथ तालमेल बिठाते हुए, अमेरिकी बाजारों तक पहुंचने और पैमाने हासिल करने में मदद कर सकता है। अगर यह सीमित व्यापार सौदों के माध्यम से भी हासिल किया जा सकता है, तो यह एक बेहतर विकल्प हो सकता है, क्योंकि एक पूर्ण मुक्त व्यापार समझौते से सरकारी खरीद, कृषि सब्सिडी, आईपी अधिकार और उदारीकृत डेटा प्रवाह पर दबाव आयेगा। ये वे क्षेत्र हैं, जिनका भारत लंबे समय से विरोध करता रहा है। पूर्ण व्यापार सौदे का एक और नकारात्मक पहलू यह है कि अमेरिका भारत पर ऊर्जा और रक्षा वस्तुओं के आयात को बढ़ाने का दबाव डाल सकता है, जब तक कि इसका प्रतिकार नहीं किया जाता है, तब तक भारत की व्यापार स्थिति खराब हो सकती है। इसलिए, यह उचित होगा, अगर भारत शून्य से शून्य टैरिफ की पेशकश करे, जैसे कि यह संवेदनशील क्षेत्रों को छोड़कर कम जोखिम वाली श्रेणियों में टैरिफ में कटौती का आदान-प्रदान हो। साथ ही हमें सेवाओं, सरकारी खरीद, आईपी और कृषि पर बाध्यकारी समझौतों से बचने की जरूरत है। प्रस्तावित भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते में दो प्रमुख विवादास्पद मुद्दे कृषि और एमएसएमई के हैं। हम जानते हैं कि कृषि भारत के 45 प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोजगार देती है, और कोई भी समझौता जो कृषि को प्रभावित करता है, वह राष्ट्र की आजीविका और खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। इस बीच, आश्चर्यजनक रूप से नीति आयोग ने एक कार्य पत्र जारी किया है, जिसमें अमेरिका से आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) सोयाबीन और मक्का जैसे कृषि उत्पादों के आयात पर शुल्क कम करने और साथ ही पोल्ट्री और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करने का सुझाव दिया गया है।

नीति आयोग द्वारा तैयार कार्य पत्र ने किसान संगठनों में भारी रोष पैदा कर दिया है। उनका कहना है कि अगर ये सुझाव मान लिए गए तो इससे बहुत नुकसान हो सकता है। इसी तरह, समझौते में लघु उद्योग क्षेत्र के हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है। डेटा संप्रभुता और आईपीआर भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। ऐसा लगता है कि अमेरिका हमे जितना दे सकता है, उससे कहीं अधिक मांग कर रहा है। हमें यह समझने की जरूरत है कि अमेरिका के साथ समझौता हो या न हो, भारत से अमेरिका को निर्यात बिना रोक-टोक जारी रहेगा और कोई कारण नहीं है कि हम एक सीमा से अधिक रियायतें दें, जिससे भारतीय कृषि, लघु उद्योग और अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास को नुकसान पहुंचे।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## नाली व्यवस्था

पंकज चतुर्वेदी



# ऐसे शहर तो डूबेंगे ही

पिछले एक दशक में 25 हजार करोड़ बस इस बात को खर्च किए गए कि देश के प्रगति के प्रतिमान कहलाने वाले शहर बरसात में दरिया न बन जाएं, लेकिन हालत बदले नहीं। मौसम की बरसात के शुरुआत में ही दरिया बन गए और जो समाज कुछ दिनों पहले तक नालों में पानी की एक-एक बूंद के लिए त्राहि-त्राहि कर रहा था, अपने गली-मुहल्लों में गर्दन तक पानी में डूब गया। जो चौड़ी सड़कें या फ्लाईओवर यातायात को फर्राटे से निकालने के लिए बने हैं, वहां मीलों तक वाहनों का जाम हो जाता है। यह रोग अब महानगरों में ही नहीं, जिला स्तर के नगरों में भी आम है। चूंकि बरसात के दिन कम हो रहे हैं, सो लोग इसे अस्थाई दिक्कत मानकर बिसरा देते लेकिन जान लें कि अब हमारा देश भी शहरीकरण की ओर अग्रसर है। उसके चलते जल्द ही जलभराव गंभीर समस्या का रूप ले लेगा। पिछले साल बजट सत्र के आखिरी दिनों में यह बात संसद में स्वीकार की गई थी कि केंद्र सरकार बारिश के पानी की निकासी के लिए शहरों पर बीते 10 वर्षों में 25 हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। इसके बावजूद हर बारिश के दौरान शहरों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं और पानी उतरने में घंटों लगते हैं। दुखद तो यह है कि देश के 100 शहर जिन्हें स्मार्ट सिटी घोषित कर दिया गया, पहले से अधिक डूब रहे हैं। सरकार कहती है कि जुलाई 2024 तक, 100 शहरों ने स्मार्ट सिटी मिशन के हिस्से के रूप में 1,44,237 करोड़ की राशि की 7,188 परियोजनाएं (कुल प्रोजेक्ट का 90 प्रतिशत) पूरी कर ली हैं। 19,926 करोड़ की राशि की शेष 830 परियोजनाएं भी पूरा होने के अंतिम चरण में हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत देश के 35 शहरों में बाढ़ की समस्या के निपटने के लिए 1,005 करोड़ रुपये के 87 प्रोजेक्ट बनाए गए। इतना ही नहीं, 100 स्मार्ट सिटी में से 97 शहरों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज में सुधार के लिए 603 प्रोजेक्ट बनाकर 21,182 करोड़ रुपये खर्च हुए। कहने की जरूरत नहीं कि ये सभी शहर बरसात में जलभराव के कारण ठप हुए। शहरीकरण आधुनिकता की हकीकत है और पलायन इसका मूल, लेकिन नियोजित शहरीकरण ही विकास का पैमाना है। गांवों का कस्बा बनना, कस्बों का शहर और शहर का महानगर बनने की प्रक्रिया तेज हुई है। विडंबना है कि हर स्तर पर शहरीकरण की एक ही गति-मति रही, पहले आबादी बढ़ी, फिर खेत में अनाधिकृत कॉलोनी काटकर या किसी सार्वजनिक पार्क या पहाड़ पर कब्जा कर अधकच्चे, उजड़े से मकान खड़े हुए। कई दशकों तक ना तो नालियां बनीं या सड़क और धीरे-धीरे इलाका 'अरबन-स्लम' में बदल गया। गौर करने लायक बात यह भी है कि साल में ज्यादा से ज्यादा 25 दिन बरसात के कारण बेहाल हो जाने वाले ये शहरी क्षेत्र पूरे साल में आठ से दस महीने पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसते हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना का एक शोध बताता कि नदियों के किनारे बसे लगभग सभी शहर अब थोड़ी सी बरसात में ही दम तोड़ देते हैं। दिक्कत अकेले बाढ़ की ही नहीं है, इन शहरों की दुरमट मिट्टी में पानी सोखने की क्षमता अच्छी नहीं होती है। शहरों में अब गलियों में भी सीमेंट पोत कर आरसीसी सड़कें बनाने का चलन बढ़ गया है और औसतन बीस फीसदी जगह ही कच्ची बची है, सो पानी सोखने की प्रक्रिया नदी-तट के करीब की जमीन में तेजी से होती है। शहरों में बाढ़ का सबसे बड़ा कारण तो यहां के प्राकृतिक नदी-नालों, तालाब-जोहड़ों और उन तक नी लाने वाले मार्ग पर अवैध कब्जे, भूमिगत सीवरों की ठीक से सफाई ना होना है। इससे बड़ा कारण है हर शहर में हर दिन बढ़ते कूड़े का भंडार व उसके निबटान की माकूल व्यवस्था ना होना। जाहिर है कि बरसात होने पर यही कूड़ा पानी को नाली तक जाने या फिर सीवर के मुंह को बंद करता है। महानगरों में भूमिगत सीवर जलभराव का सबसे बड़ा कारण हैं।

जब हम भूमिगत सीवर के लायक संस्कार नहीं सीख पा रहे हैं तो फिर खुले नालों से अपना काम क्यों नहीं चला पा रहे हैं ? एक बात और बंगलूरू या हैदराबाद या दिल्ली में जिन इलाकों में पानी भरता है यदि वहां की कुछ दशक पुरानी जमीनी संरचना का रिकार्ड उठा कर देखें तो पाएंगे कि वहां पर कभी कोई तालाब, जोहड़ या प्राकृतिक नाला था। महानगरों में बाढ़ का मतलब है परिवहन और लोगों का आवागमन ठप होना। जलभराव और बाढ़ मानवजन्य समस्याएं हैं और इसका निदान दूरगामी योजनाओं से संभव है ; यह बात शहरी नियोजनकर्ताओं को भली-भांति जान लेना चाहिए और इसी सिद्धांत पर भविष्य की योजनाएं बनाना चाहिए। शहर को डूबने से बचाना है तो कूड़ा कम करने, पॉलीथिन पर पाबंदी, सीवरों की ईमानदारी से नियमित सफाई जरूरी है। शहरों में अधिक से अधिक खाली जगह यानि कच्ची जमीन हो, ढेर सारे पेड़ हों। जलभराव वाली जगह भूजल रिचार्ज के प्रयास हों। प्राकृतिक जलाशयों, नदियों को उनके मूल स्वरूप में रखने तथा उसके जलग्रहण क्षेत्र को किसी भी किस्म में निर्माण ना हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी



संकलित
**दर्शन**

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

# गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ। गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुवर कृपा कर के आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिए, राजा ने विनती की। गुरूजी ने कहा: राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### सरकार फर्जी लोन एप्स से कड़ाई से निपटे

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं। इसलिए सरकार को इन फर्जी एप्स से कड़ाई से निपटना चाहिए।

*– रविंद्र जोशी, बिलासपुर*


## ट्रेंड

### बिहार युवा आयोग गठित



बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है।
-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

### आपदा प्रभावितों का दर्द




आपदा प्रभावितों का दर्द सुनकर मन बहुत ही व्यथित है। समाज अभी भी दर्द में डूबा है। त्रासदी ने हमारी दशकों की मेहनत को कुछ सेकंड में ही तहस-नहस कर दिया। हमारे कई लोगों को हमसे छीन लिया। ईश्वर उन्हें सद्गति दे।
-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल

### भारत की शानदार जीत



एजबेस्टन में भारत की शानदार जीत। निडरता से खेले और इंग्लैंड को लगातार परेशान किया। सभी ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सिराज और आकाश ने इस पिच पर जिस तरह की गेंदबाजी की, उसके लिए उनका विशेष उल्लेख है।
-विराट कोहली, क्रिकेटर

### चिंता रॉकिंग चेयर जैसी



चिंता रॉकिंग चेयर के जैसी होती है, जो हमें हिलाती है पर ले कहीं नहीं जाती। समस्या के बारे में सोचना 'चिंता' है और समाधान के बारे में विचारना 'चिंतन'। चिंता स्वीकारे बिना हम चिंतन तक नहीं पहुँच सकते।
- आशुतोष राणा, अभिनेता

## करंट अफेयर

# चीन ने वीजा नियमों में ढील दी 74 देशों को नहीं लगेगा वीजा



चीन ने अपने वीजा नियमों में ऐतिहासिक रूप से ढील दी है, जिससे 74 देशों के नागरिक अब बिना वीजा के 30 दिनों तक इस एशियाई देश की यात्रा कर सकते हैं। इस नीति का उद्देश्य पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। पिछले वर्ष दो करोड़ से अधिक लोग बिना वीजा के चीन गए थे, जो 2023 के मुकाबले दोगुनी संख्या है। वीजा नियमों में ढील दिए जाने के बाद अब विदेशी पर्यटक चीन जा रहे हैं। ऑस्ट्रिया में रह रहे जॉर्जिया के एक नागरिक जॉर्जी शावाद्जे ने बीजिंग में 'टेम्पल ऑफ हेवन' की अपनी हालिया यात्रा के बारे में कहा, 'यह वास्तव में यात्रा को आसान बनाता है क्योंकि वीजा के लिए आवेदन करना और उसकी पूरी प्रक्रिया से गुजरना एक झंझट होता था। हालांकि, अधिकांश पर्यटन स्थल अब भी घरेलू पर्यटकों से भरे हैं, लेकिन पर्यटन उद्योग विदेशी आगंतुकों की संभावित बढ़ोतरी के लिए तैयार हो रहा है। कोविड-19 के कारण लगे कड़े प्रतिबंधों को हटाने के बाद चीन ने 2023 की शुरुआत में पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं फिर से खोल दी थीं, लेकिन उस वर्ष केवल 1.38 करोड़ लोग ही चीन गए थे, जो महामारी से पहले 2019 के 3.19 करोड़ के आंकड़े के आधे से भी कम है। दिसंबर 2023 में चीन ने फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्पेन और मलेशिया के लिए बिना वीजा के यात्रा की घोषणा की थी।

## ऑफ बीट

# चैटजीपीटी का उपयोग ठप कर सकता है मस्तिष्क को



चैटजीपीटी के लगभग तीन साल पहले आने के बाद से, सीखने पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीकों के प्रभाव पर व्यापक रूप से बहस हुई है। क्या वे व्यक्तिगत शिक्षा के लिए उपयोगी उपकरण हैं, या अकादमिक बेईमानी के प्रवेश द्वार हैं? सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बात की चिंता है कि एआई के इस्तेमाल से व्यापक रूप से "मूर्खता" पैदा होगी, या आलोचनात्मक ढंग से सोचने की क्षमता में गिरावट आएगी। तर्क यह है कि अगर छात्र बहुत जल्दी एआई टूल का इस्तेमाल करते हैं, तो उनमें आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान के लिए बुनियादी कौशल विकसित नहीं हो सकते। क्या वाकई ऐसा है? एमआईटी के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि निबंध लिखने में मदद के लिए चैटजीपीटी का उपयोग करने से संज्ञानात्मक समझ और 'सीखने के कौशल में संभावित कमी' हो सकती है। तो अध्ययन में क्या पाया गया? चार महीनों के दौरान, एमआईटी टीम ने 54 वयस्कों से एआई (चैटजीपीटी), एक खोज इंजन या अपने स्वयं के मस्तिष्क (केवल मस्तिष्क समूह) का उपयोग करके तीन निबंधों की एक श्रृंखला लिखने के लिए कहा।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जापानी वैज्ञानिकों ने बनाया कृत्रिम रक्त, ब्लड ग्रुप की चिंता किए बिना भी चढ़ सकेगा

टोक्यो। दुनियाभर में हर रोज दुर्घटनाओं या आपातकालीन स्थिति में जरूरी खून की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। आंकड़ों से पता चलता है कि हर साल ऐसे लाखों मरीज सिर्फ इसलिए दम तोड़ देते हैं, क्योंकि वक्त पर उन्हें खून नहीं मिल पाता। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की साल 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, हर साल दुनिया में लगभग 118.5 मिलियन यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, लेकिन जरूरत के मुकाबले मात्र 87 मिलियन यूनिट रक्त एकत्र हो पाता है। जनवरी 2024 में अमेरिकन रेड क्रॉस ने चिंता जताई कि उसे आपातकालीन रक्त की कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पिछले 20 वर्षों में रक्त देने वाले लोगों की संख्या सबसे कम है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे असली रक्त के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इतना ही नहीं, सबसे खास बात ये है कि इसका उपयोग किसी भी ब्लड ग्रुप के लिए किया जा सकता है और इसे बिना रेफ्रिजरेशन के लंबे समय तक सुरक्षित भी रखा जा सकता है। विशेषज्ञों का मामला है कि यह आपातकालीन चिकित्सा के दौरान सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौती को दूर करने और लोगों की जान बचाने में काफी मददगार हो सकती है।

**शोधकर्ताओं की टीम क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने जा रही :** खबरों के मुताबिक जापान स्थित नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम इस साल एक क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने जा रही है, जिसमें परीक्षण किया जाएगा कि क्या सामान्य रूप से फेंक दिए जाने वाले एक्सपायर हो चुके रक्त को कृत्रिम लाल रक्त कोशिकाओं में बदलकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है?

## जिंदगी बचाने वाली खोज, लंबे समय तक रखा जा सकता है सुरक्षित



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

इंग्लैंड के ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ बायोकेमिस्ट्री में सेल बायोलॉजी के प्रोफेसर एश टॉय कहते हैं, ह्यूमन हीमोग्लोबिन से प्राप्त कृत्रिम रक्त का उपयोग करके जापान में एक नए नैदानिक परीक्षण की शुरुआत संभावित रूप से रोमांचक कदम है। इस क्षेत्र में लंबे समय से संभावनाएं हैं, इससे पहले किए गए प्रयासों को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, विशेष रूप से सुरक्षा, स्थिरता और ऑक्सीजन वितरण प्रभावकारिता को लेकर। इस परीक्षण को न केवल यह प्रदर्शित करने की आवश्यकता होगी कि कृत्रिम रक्त मनुष्यों में सुरक्षित है, बल्कि यह भी कि यह कई नैदानिक स्थितियों के तहत विश्वसनीय रूप से कार्य कर सकता है।

### दुष्प्रभाव और प्रभाविकता के लिए जांच

स्थानीय समाचार आउटलेट क्योडो न्यूज के अनुसार, नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के परीक्षण के शुरुआती चरणों में मार्च में 16 स्वस्थ वयस्कों को 100 से 400 मिलीलीटर कृत्रिम रक्त दिया गया था। इस ट्रायल के अगले चरण में उपचार की प्रभावकारिता और सुरक्षा की जांच की जानी है। फिलहाल रिपोर्ट में इस बात का जिक्र नहीं है कि प्रतिभागियों को मार्च में कृत्रिम रक्त दिए जाने के बाद किसी भी दुष्प्रभाव का अनुभव हुआ है या नहीं? चूंकि इस कृत्रिम रक्त में विशिष्ट मार्कर नहीं होते हैं जो आमतौर पर इसके ग्रुप को निर्धारित करते हैं (जैसे ए, बी, एबी या ओ)। ऐसे में इसे क्रॉस-मैचिंग के बिना किसी भी रोगी में सुरक्षित रूप से चढ़ाया जा सकता है।




### शुरुआती परिणाम आशाजनक

नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हिरोमी साकाई ने जापान टाइम्स को एक रिपोर्ट में बताया कि जब रक्त आधान की तत्काल आवश्यकता होती है, तो हमें कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कृत्रिम लाल रक्त कोशिकाओं के साथ, रक्त प्रकारों के बारे में चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है, इसलिए आधान प्रक्रिया जल्दी से की जा सकती है। यह तकनीक अभी भी नैदानिक परीक्षण के चरणों में है, लेकिन शुरुआती परिणाम आशाजनक हैं।

## रोचक खबरें

## वर्दी में आई खूबसूरत हसीना, 16 फुट लंबे किंग कोबरा को कर लिया बस में



**त्रिवेंदम।** केरल की फॉरेस्ट बीट ऑफिसर जीएस रोशनी का एक हैरान कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में रोशनी जंगल के बीच में एक 16 फीट लंबे विशालकाय किंग कोबरा का रेस्क्यू करते हुए नजर आ रही हैं। वीडियो रिटायर्ड फॉरेस्ट ऑफिसर सुशांत नंदा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में एक छोटा सा झरना नजर आ रहा है। रोशनी एक उथली धार में स्नेक कैचिंग स्टिक की मदद से सांप को बेहद सधे हुए अंदाज में पकड़ती हैं। जानकारी में सामने आया कि स्थानीय लोग इस झरने के पास नहाने के लिए आते थे। किंग कोबरा नजर आने पर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फॉरेस्ट विभाग की रैपिड रिस्पॉन्स टीम मौके पर पहुंची। रोशनी भी इसी टीम का हिस्सा हैं। रोशनी ने बिना घबराए सांप को पकड़ने के लिए मोर्चा संभाला। स्नैक कैचिंग स्टिक से कुछ ही मिनटों में उन्होंने किंग कोबरा को पकड़ लिया। हालांकि, इस दौरान कोबरा ने कई बार आक्रमण करने की भी कोशिश की, लेकिन रोशनी पूरी बहादुरी से डटी रहीं।उन्होंने सांप को पकड़कर जंगल के अंदर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। सुशांत नंदा ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'फॉरेस्ट अफसर जीएस रोशनी ने 16 फुट लंबे किंग कोबरा का रेस्क्यू किया है।

### बचा चुकी हैं 800 सांपों को

वह 800 से ज्यादा सांपों का रेस्क्यू कर चुकी हैं। जंगल की रानियों को मेरा सलाम।' सोशल मीडिया पर रोशनी की हिम्मत और शांत स्वभाव की खूब सराहना की गई। एक यूज़र ने लिखा, क्वीन ने किंग को बहादुरी से संभाला। वाकई यह प्रेरणाणादायक है। एक अन्य यूजर ने लिखा, रोशनी की बहादुरी को सलाम है। रोशनी पिछले 8 साल से केरल फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में काम कर रही हैं। वह अब तक 800 से जहरीले सांपों को बचा चुकी हैं।

## पेरू में मिला 3,500 साल पुराना खोया हुआ शहर सबसे पुरानी सभ्यता पर खुलेंगे नए राज!

**लीमा।** दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में पुरातत्वविदों ने एक बेहद महत्वपूर्ण खोज की है। पुरातत्वविदों को यहां एक प्राचीन शहर मिला है। यह शहर बरांका प्रांत के उत्तरी इलाके में है। करीब 3,500 साल पुराने इस शहर का नाम पेनिको है। शुरुआती रिसर्च में सामने आया है कि यह शहर एक समय में व्यापार का बड़ा केंद्र था। यह प्रशांत तट के समुदायों को एंडीज पर्वत और अमेजन बेसिन से जोड़ता था। एक्सपर्ट का कहना है कि इस खोज से कैरल सभ्यता के बारे में कई नई जानकारी सामने आ सकती हैं। कैरल अमेरिका की सबसे पुरानी सभ्यता माना जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, खोजा गया शहर पेनिको पेरू की राजधानी लीमा से 200 किमी उत्तर में है। यह समुद्र तल से 600 मीटर ऊपर है। शहर के बीच में गोल ढांचा है और यह एक पहाड़ी पर बना है। इसके चारों ओर पत्थर और मिट्टी की इमारतें हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि यह शहर 1,800 और 1,500 बीसी के बीच बना था। उसी समय अरब और एशिया में भी सभ्यताएं विकसित हो रही थीं। आठ साल की खोज में 18 इमारतें मिली हैं। इनमें मंदिर और घर शामिल हैं।



## ये है भारत की पहली 'डॉग पेंटर'! वॉटरकलर से अब तक बना चुकी 37 से ज्यादा पेंटिंग

**हैदराबाद।** हैदराबाद के मणिकोंडा इलाके में एक अनोखी कलाकार रहती है– नाम है 'दाली'. दो साल की ये लैब्राडोर डॉगी आज देश की पहली वॉटरकलर पेंटिंग करने वाली श्वान मानी जाती है। लेकिन, दाली की शुरुआत बहुत दर्दभरी थी। सिर्फ 45 दिन की उम्र में उसे एक जगह बांधकर छोड़ दिया गया था। उसी हालत में एक कपल- स्नेहांशु देबनाथ और होई चौधरी ने उसे रेस्क्यू किया और गोद ले लिया। उन्होंने हाल ही में अपने पुराने डॉगी 'पाब्लो' को खोया था, और दाली अब उनके लिए एक साथी से भी बढ़कर बन गई। होई खुद एक आर्टिस्ट हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन दाली स्टूडियो में आई और आसपास की चीज़ों को ध्यान से देखने लगी। होई को लगा कि दाली भी इस क्रिएटिव प्रोसेस का हिस्सा बनना चाहती है। इसके बाद उन्होंने दाली के लिए एक खास ब्रश बनाया जो उसके मुंह में आराम से आ सके और फिर सात महीने की उम्र में दाली ने पहली बार वॉटरकलर में ब्रश डुबोकर अपनी पहली पेंटिंग बना दी। होई बताती हैं कि दाली को कभी किसी तरह की ट्रेनिंग नहीं दी गई। सब कुछ उसके खुद के जिज्ञासा और खेलने के तरीके से होता है। अब तक दाली 37 से ज्यादा एब्स्ट्रैक्ट आर्टवर्क बना चुकी है। ये पेंटिंग्स वो बिना किसी दबाव के बस मस्ती-मस्ती में बनाती है। 2024 में दाली की 12 पेंटिंग्स को एक कैलेंडर में छापा गया। इस कैलेंडर की बिक्री से 35,000 रुपए इकट्ठा हुए, जो 'मार्ग' नाम की हैदराबाद की एक एनिमल रेस्क्यू संस्था को दिए गए। हैरानी की बात ये है कि इस कैलेंडर की डिमांड अमेरिका, कनाडा, चीन और थाईलैंड जैसे देशों से भी आई।



## खुलासा

## 60 करोड़ साल पहले 24 नहीं 21 घंटे का होता था एक दिन

### भविष्य में एक बार फिर पृथ्वी धीमी होने लगेगी

**वॉशिंगटन।** साइंस में हर दिन नए खुलासे होते हैं। हाल ही में एक ऐसा खुलासा हुआ है जिसको जानकर आप भी चौंक जाएंगे। पूरे दिन में कितने घंटे होते हैं। इस सवाल का आप बड़ी ही आसानी से जवाब दे सकते हैं। 24 घंटे, लेकिन अगर मैं यह कहूं कि 60 करोड़ साल पहले एक दिन 24 नहीं, बल्कि 21 घंटे का होता था। मेरी बात सुनकर आप शायद विश्वास न करें।लेकिन, चलिए आपको साइंस की ऐसी स्टडी बताते हैं, जिससे मेरी बात को समझने और इस पर विश्वास करने में आपको आसानी होगी। एक दिन में 24 घंटे होते हैं यानी 86,400 सेकंड। एक दिन के 24 घंटे यह वो समय होता है, जितने समय में पृथ्वी को एक बार घूमने में समय लगता है। हालांकि, पृथ्वी बिल्कुल समान रूप से नहीं घूमती है।



### कैसे आया बदलाव

दिन की लंबाई में जो समय के साथ यह बदलाव आया है यह कई चीजों की वजह से आया है। जिसमें चांद और सूरज के ज्वारीय प्रभाव,पृथ्वी के अंदर कोर-मेंटल युग्मन और ग्रह पर मास का वितरण शामिल है। इसी के साथ भूकंप यानी भूकंप की गतिविधि, ग्लेशियर, मौसम, महासागर और पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र भी दिन की लंबाई पर असर डालता है।

### 2020 में सामने आई स्टडी

साल 2020 में वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाली खोज की थी। उन्होंने पाया था कि पृथ्वी धीमी होने के बजाय तेजी से घूमने लगी है। यह अब पिछले 50 वर्षों में किसी भी समय की तुलना में अधिक तेजी से घूम रही है। जहां एक समय में सामने आता था कि पृथ्वी का रोटेशन धीमा हो रहा है।

### जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

अभी तक, वैज्ञानिक पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं कि पृथ्वी की रोटेशन दर में जो यह तेजी आ रही है, इसके पीछे की वजह क्या है। लेकिन, कुछ ने सुझाव दिया है कि यह 20 वीं शताब्दी के दौरान ग्लेशियरों के पिघलने या नॉर्थ हेमिस्फीयर के ग्लेशियर में बड़ी मात्रा में पानी के इकट्ठा होने के कारण हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह पृथ्वी की रोटेशन में जो यह तेजी आई है या अस्थायी है, यह कुछ ही समय के लिए है। भविष्य में एक बार फिर पृथ्वी धीमी होने लगेगी।



### रोजाना के जीवन पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव

लेकिन, अब सवाल उठता है कि क्या अभी के लिए, क्या हमें चिंतित होना चाहिए? हालांकि, इसका हमारे रोजाना के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन जीपीएस उपग्रह, स्मार्टफोन, कंप्यूटर और संचार नेटवर्क जैसी टेक्नॉलोजी पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जो सभी बेहद सटीक समय सिस्टम पर निर्भर हैं। लेकिन, ऐसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। तो नहीं, हमें चिंतित नहीं होना चाहिए, जब तक कि दिन का छोटा होना मानव गतिविधि के कारण न हो।

## 'मेरी बिल्ली पाल लो, सारी प्रॉपर्टी दे दूंगा', शख्स ने दिया ऐसा ऑफर, दौड़े-दौड़े आने लगे लोग



**बीजिंग।** जब हम कोई पालतू जानवर पालते हैं, तो उसे लेकर हमारा लगाव हर दिन के साथ बढ़ता रहता है। उन्हें हम धीरे-धीरे अपने घर का ही सदस्य मानने लगते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ चीन के रहने वाले एक शख्स के साथ, जिसे अपनी बिल्लियों से इतना प्यार हो गया कि उम्र बढ़ने के बाद उसे उनकी इतनी चिंता हुई कि गजब का ऑफर निकाल दिया। बुजुर्ग शख्स का कहना है कि अगर कोई उसकी बिल्लियों को प्यार से रखेगा, तो वे उसे अपनी सारी संपत्ति दे देंगे। ये कहानी चीन के गुआंगडोंग प्रांत में रहने वाले 82 वर्षीय लॉन्ग नामक बुजुर्ग की है। उन्होंने अपनी मृत्यु के बाद अपनी प्यारी बिल्ली, शियानबा की देखभाल के लिए एक अनोखी शर्त रखी है। वे अपनी सारी संपत्ति उस व्यक्ति को देने को तैयार हैं जो शियानबा की बिना शर्त देखभाल करेगा। इस खबर ने चीन के सोशल मीडिया पर हंगामा मचा रखा है। लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक लॉन्ग के पास कोई संतान नहीं है और उनकी पत्नी का दस साल पहले ही निधन हो चुका है। उन्होंने एक बारिश के दिन चार आवारा बिल्लियों- शियानबा और उसके तीन बच्चों को गोद लिया था।

### अब तक नहीं मिला कोई सही कैंडिडेट

लॉन्ग के मुताबिक अभी तक उन्हें सही कैंडिडेट नहीं मिल सका है। सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया आ रही है। इस ऑफर के लिए बहुत से लोग आगे आए, लेकिन उन्हें इसके साथ ही ये डर लग रहा है कि संपति पर बाद भी लॉन्ग के रिश्तेदार दावा ठोक सकते हैं। एक यूजर ने कहा कि अगर कोई इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर रहा तो या तो वे बिल्लियों से सच्चा प्यार नहीं करता या लॉन्ग की शर्तें बहुत सख्त हैं।

## दुनिया की सबसे महंगी मछलियां कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश

**लंदन।** दुनिया में मांसाहारी खाना खाने वालों की कोई कमी नहीं है। मांसाहारी खाना खाने वाले लोगों के भोजन में मछली भी शामिल होती है। भारत के कुछ इलाकों में लोग सबसे ज्यादा मछली खाना पंसद करते हैं। खासकर तटीय इलाकों में तो ज्यादा लोगों का मुख्य भोजन मछली होती है। आज हम आपको अपनी इस खबर में दुनिया की सबसे महंगी मछलियों के बारे में बताएंगे।

### ब्लूफिन टूना



सबसे महंगी मछली की बात की जाए तो, सबसे पहला नाम ब्लूफिन टूना का है। मछली का आकार टूना प्रजाति की मछलियों में सबसे बड़ा होता है और यह बहुत तेज तैरती हैं। विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी यह मछली पंडुब्बी से निकलने वाले टॉर्पीडो हथियार की तरह होती है। इस आकार की वजह से यह समुद्र में लंबी दूरी तक तेज रफ्तार में तैर सकती है। इस मछली की कीमत 5000 डॉलर प्रति पाउंड (4 लाख 20 हजार रुपए) तक होती है। यह बेहद स्वादिष्ट मछली है।

### अमेरिकन ग्लास ईल मछली


अमेरिका के उत्तर पूर्वीय तटों में यह मछली नॉर्थ पाई जाती है। यह भी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। दुनिया की दूसरी सबसे महंगी मछली है। यह मछली एक सांप की तरह दिखती है। इस मछली की कीमत 3000 डॉलर प्रति पाउंड यानी 2,52,181 रुपए तक होती है।

### वाइल्ड अलास्का किंग सैल्मन



अलास्का में मिलने वाली यह मछली अपने स्वाद और आकार के लिए जानी जाती है। इसे लोग खाना पसंद करते हैं। आमतौर पर यह मछली 70 डॉलर प्रति पाउंड यानी 5,884 रुपए तक मिलती है। यह अलास्का में पाई जाने वाली सबसे बड़ी सैल्मन मछली है।

### स्वॉर्डफिश



इस मछली का नाम तलवार जैसी चोंच के कारण यह पड़ा है। अटलांटिक महासागर में यह मछली मिलती है। इस मछली का वजन करीब 100 किलो तक होता है। यह मछली 60 डॉलर प्रति पाउंड यानी 5100 रुपए में मिल जाएगी। आपको यहां बता दें कि एक पाउंड करीब आधा किलोग्राम के बराबर होता है।

## वैज्ञानिकों ने भारत से 7556 किमी दूर खोजी बर्फ में दबी टाइम मशीन



**वॉशिंगटन।** भारत से लगभग 7,500 किलोमीटर दूर अंटार्कटिका की बर्फीली जमीन के नीचे एक ऐसा रहस्य खोजा गया है, जिसने वैज्ञानिकों के भी होश उड़ा दिए हैं। 12 लाख साल पुरानी ये बर्फ धरती के जलवायु इतिहास को समझने में मदद कर सकती है। वैज्ञानिक इसे टाइम मशीन भी कह रहे हैं। बियॉन्ड एपिका नाम के प्रोजेक्ट के तहत 4 सालों तक चली रिसर्च के बाद इस बर्फ के नमूनों को निकाला गया है।

**बर्फ में छिपी टाइम मशीन :** वैज्ञानिकों की टीम का कहना है कि इस बर्फ के टुकड़े में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों की जानकारी छिपी हुई है। इस अध्ययन से पता चलेगा कि सूर्य की किरण, ज्वालामुखी ने धरती की जलवायु को कैसे प्रभावित किया। 10 लाख साल पहले हिमयुग में बदलाव आया था, जिसमें आदि मानवों के अस्तित्व को चुनौती दी थी।



### कैसे हुई ये जादुई खोज?

इंटरनेशनल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वैज्ञानिकों की टीम ने 9,186 फीट लंबा आइस कोर निकाला है, जिसमें लाखों साल पुराने वायुमंडल के बुलबुले फंसे हुए हैं। यह पृथ्वी के जलवायु डाटा को बेहतरी से समझने में मदद करेगा। बर्फ की अच्छे से स्टडी की जा सके इसलिए इस 1 मीटर के छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा गया है।

### 25 साल पुरानी खोज

1966 में शुरू हुए एक प्रोजेक्ट का विस्तार है ये खोज। उसमें वैज्ञानिकों ने 8 लाख साल पुराने जलवायु और ग्रीनहाउस गैसों के संबंध को समझा था। यह नई खोज धरती के जलवायु इतिहास का खुलासा करने में मदद कर सकती है। इस प्रयास में 12 यूरोपीय संस्थानों के विशेषज्ञों ने मिलकर 200 दिनों से अधिक समय तक काम किया।


## रहस्यमयी

### दुनियाभर में सबसे अनोखे इस झरने को देख वैज्ञानिक भी हैरान

## हजारों साल से जल रही 'आग', पानी-बर्फ भी बेअसर!

**लंदन।** दुनियाभर में कई रहस्यमयी जगहें हैं, जिनके बारे में जानकर हर कोई हैरान रह जाता है। आज हम आपको एक ऐसे अनोखे झरने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दिखने में तो आम झरने जैसा है, लेकिन इसकी खास बात यह है कि इसके पीछे हमेशा आग जलती रहती है।

हम जिस झरने की बात कर रहे हैं, वो न्यूयॉर्क में मौजूद है। इसका नाम इटरनल फ्लेम फॉल्स है। इस झरने के नीचे से प्राकृतिक गैस का रिसाव होता है, जिसके चलते आग लगातार जलती रहती है। चेस्टनट रिज पार्क, एरी काउंटी में 18 मील क्रीक और वेस्ट ब्रांच कैज़ेनोविया क्रीक घाटियों के बीच मौजूद पहाड़ियों की एक सीरीज के उत्तरी छोर पर है, जो करीब 1213 एकड़ में फैला हुआ है। इसे 'इटरनल' यानी हमेशा जलने वाली लौ कहा जाता है, लेकिन यह कभी-कभी बुझ भी जाती है। लेकिन, अगला आने वाला हाइकर इसे दोबारा जला देता है।



### सड़े हुए अंडे जैसी आती है बदबू

झरने से सड़े हुए अंडे जैसी बदबू आती है, जो प्राकृतिक गैस की होती है। ये गंध चट्टानों की परतों के बीच से बाहर निकलती है। ये गैस उन जीवों के सड़ने-गलने की की वजह से निकलती है जो बहुत पहले चट्टानों में दबकर मर गए थे. और इस झरने के अंदर एक बड़ी दरार है , जहां से यह गैस बाहर आती है। इसी वजह से वहां अगर आग लगाई जाए तो वह लगातार जलती रहती है। झरने के आसपास और भी कई जगहों से गैस निकलती है, लेकिन उन्हें ढूंढना थोड़ा मुश्किल होता है। वहां आग जलाना अक्सर नामुमकिन होता है। कुछ गैस के स्रोत झरने के नीचे पानी में होते हैं, और वहां से ऊपर उठते बुलबुलों के रूप में दिखाई देते हैं।

### गुफा से बाहर निकलती है प्राकृतिक गैस

इटरनल फ्लेम फॉल्स बहुत हद तक बारिश और बर्फ के पिघलने वाले पानी पर निर्भर है। यह झरना आमतौर पर सिर्फ शुरुआती वसंत ऋतु में या भारी बारिश के बाद ही बहता है। इसकी ऊंचाई करीब 30 फीट होती है, और यह दो हिस्सों में ढलान वाली शेल चट्टानों पर गिरता है। झरने के दाहिनी तरफ पानी के रास्ते से करीब 5 फीट ऊपर एक छोटी सी गुफा है। इसी गुफा से प्राकृतिक गैस बाहर निकलती है जिसे जलाकर 4 से 8 इंच ऊंची लौ बनती है। इटरनल फ्लेम फॉल्स वाकई में दुनियाभर में सबसे अनोखे झरनों में से एक है।

# जीव के माया रूपी आवरण का हरण ही चीरहरण : ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी

## श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस में चीरहरण, रुक्मिणी विवाह व कंस-वध प्रसंग पर आध्यात्मिक विमर्श

हरिभूमि, जबलपुर।

बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस पर पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने दिव्य कथा का अमृतपान कराते हुए चीरहरण लीला, रासलीला, कंस वध तथा रुक्मिणी विवाह जैसे गूढ़ प्रसंगों की अद्वितीय व्याख्या की। उन्होंने कहा जब तक जीव माया के आवरण में लिप्त रहता है, तब तक वह प्रभु की लीला में प्रवेश नहीं कर सकता। माया रूपी वस्त्रों का हरण कर भगवान ने जीव को शुद्ध और पात्र बनाया यही चीरहरण की आध्यात्मिक व्याख्या है। ब्रह्मचारी जी ने बताया कि गोपियाँ प्रतीक हैं उस जीवात्मा की, जो भौतिक सुखों, अहंकार और विषय-वासनाओं में उलझकर भगवान से दूर रहती है। भगवान श्रीकृष्ण ने जब चीरहरण किया, तो वह कोई सांसारिक प्रसंग नहीं बल्कि जीवात्मा के शुद्धिकरण की महालीला थी।

### रासलीला- आत्मा और परमात्मा का दिव्य मिलन

ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने कहा कि रासलीला केवल नृत्य या श्रृंगार की कथा नहीं, यह तो वह पावन प्रसंग है, जहाँ आत्मा परमात्मा के सान्निध्य में, पूर्ण समर्पण भाव से, नृत्य करती है। यह काम-विजय की लीला है, जहाँ इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर भक्त भगवान में लीन हो जाता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी में भगवान शिव का समावेश यह दर्शाता है कि यह लीला केवल वैष्णव नहीं, संपूर्ण सनातन तत्वों का योग है।

### कंस वध-अंतःकरण के अहंकार का विनाश

ब्रह्मचारी जी ने कंस-वध की व्याख्या करते हुए कहा कि कंस केवल एक राक्षस नहीं था, वह अहंकार का प्रतीक है। जब व्यक्ति अपने भीतर की ईर्ष्या, क्रोध और अहंकार को समाप्त करता है, तभी वह कृष्ण अर्थात प्रेम और करुणा की ओर बढ़ता है। कंस के अंत के साथ ही भक्त के भीतर की सीमाएं टूटती हैं और वह प्रभु की गोद में स्थान पाता है।



### श्रवण की शक्ति, रुक्मिणी विवाह का रहस्य

रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाते हुए ब्रह्मचारी जी ने कहा कि सत्संग और कथा श्रवण का प्रभाव इतना दिव्य होता है कि रुक्मिणी जी जैसी राजकुमारी ने भी कथा सुनकर श्रीकृष्ण को ही अपने जीवनसाथी रूप में चुन लिया। उन्होंने लिखा पत्र, भेजा ब्राह्मण और अंततः श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर विवाह संपन्न किया। श्रवण से भाव जागृत होते हैं और जैसा भाव होगा, भगवान वैसा ही फलश्रुति प्रदान करते हैं। यही भक्ति का रहस्य है।

### भक्ति का संदेशः सत्संग ही जीवन की दिशा

कथा समापन पर ब्रह्मचारी जी ने कहा सत्संग जीवन की नाव को पार लगाने वाली पतवार है। जैसे रुक्मिणी जी ने कथा से जीवन की दिशा पाई, वैसे ही हम भी अपने अंतर्मन में भक्ति का दीप जलाएं। जब भाव शुद्ध होंगे, भगवान स्वयं पधारेंगे। सप्ताह के आगामी दिवसों में सुदामा चरित्र, श्रीकृष्ण विदाई, वंश विस्तार, परीक्षित मोक्ष जैसे प्रसंगों का वर्णन होगा। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन सहभागिता कर रहे हैं।

### व्यासपीठ पूजन में श्रद्धा और भक्ति का संगम-

इस दिव्य अवसर पर व्यासपीठ का पूजन बड़े ही भक्ति भाव और श्रद्धा से सम्पन्न हुआ। पूजन करने वालों में बरगी विधायक नीरज सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक सुशील तिवारी (इन्दु), पूर्व विधायक अंचल सोनकर, कीर्ति अभिलाष पाण्डेय, संदीप जैन, समर्थ सेठ, घनश्याम मिश्रा, दीप्ति मनीष पांडे, राजेंद्र-ममता मिश्रा, अर्पिता खरे, संतोष यादव, महेश पुरुस्वानी, विवेक गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, शिवम-अपूर्वा चतुर्वेदी, वसुंधरा पांडे, राजेश-राधा शुक्ला, उर्मिला पांडे, अंजना शुक्ला, गोविन्द प्रीति साहू, आराधना-आशीष चौकसे, अखिल तिवारी, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, सुनील गुप्ता, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, गौरव चौबे, विनोद अरोरा, नवीन यादव, रोहित तिवारी, सोनू कुरेले, मनोज सेन, सतेंद्र असाटी, शंकरलाल गुप्ता, आयुष गुप्ता, भावेश सिंह, रामनाथ सेन, सुबोध पहाड़िया, विवेक सुहाने, मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# रादुविवि ने एक परीक्षा के बांटे दो अलग-अलग प्रश्नपत्र

## बीए-एलएलबी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में गत दिवस उस वक्त अफरातफरी मच गई। जब एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने परीक्षा में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि बीए एलएलबी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में दो अलग-अलग प्रश्न पत्र दिए गए। जिनमें कुछ आउट ऑफ सिलेबस थे। इससे न केवल उनका पेपर बिगड़ा है। बल्कि उन्हें मानसिक तनाव का सामना भी करना पड़ा। छात्रों ने परीक्षा फिर से कराने व दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने रादुविवि में छात्रों ने मिलकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि बीएएलएलबी चौथे सेमेस्टर के इकोनॉमिक्स पेपर में परीक्षा के दौरान दो अलग-अलग प्रश्न पत्र बांटे गए है। जिनमें से कुछ प्रश्न पत्र पाठ्यक्रम से बाहर के थे। इससे कई छात्रों की परीक्षा प्रभावित हुई। प्रदर्शन में शामिल एनएसयूआई प्रभारी अचलनाथ का कहना था कि ऐसी परिस्थितियों में विद्यालय की साख खराब हो रही है। उन्होंने मांग की है कि इकोनॉमिक्स की परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित किया जाए या सभी छात्रों को जनरल प्रमोशन दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने और इस मामले को लेकर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ आरके बघेल का कहना था ऐसी गलतियां पहले भी हो चुकी हैं, अब इन शिकायतों की गंभीरता से जांच की जाएगी। डॉ बघेल ने बताया कि परीक्षा से जुड़ी सभी आपत्तियों की जांच के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। जो पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नर्मदा पंचकोषी स्वर्ण कलश परिक्रमा कल

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 4 माह चातुर्मास विश्राम के अवसर पर नर्मदा पंचकोषी स्वर्ण कलश लड्डू गोपाल जी तुलसी मैया भगवान राधा कृष्ण की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन के माध्यम से आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में आषाढ़ पूर्णिमा10 जुलाई को प्रात 6 बजे की जाएगी साथ में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा।



यह कलश परिक्रमा चातुर्मास की प्रथम परिक्रमा है ज्ञात हो 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा महाकुंभ का आयोजन हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में आयोजित होगा।
उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डा सुधीर अग्रवाल, परिक्रमा संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, मनोज गुलाबबनी, विशाल पांड्या, कैलाश विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, दुर्गा पटेल, गुड्डू नेता ने की हैं।

# बॉलीवुड सिंगर शरद को भा गया ओशो होम आश्रम

## कलाकारों के साथ घूमा भेड़ाघाट



जबलपुर।

बॉलीवुड सिंगर और सारेगामापा फेम शरद शर्मा अपने मुंबई के साथियों संग गत दिवस भेड़ाघाट स्थित ओशो होम आश्रम पहुंचे। जहां आश्रम के संचालक स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने कलाकारों का स्वागत किया। उन्होंने गायक शरद शर्मा को ओशो की पुस्तक भेंट की। स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने बताया कि बॉलीवुड के कलाकारों को मां नर्मदा के घाटों पर बहुत सुकून व आनंद की प्राप्ति हो रही है। विगत कुछ वर्षों में पद्मविभूषण पं. हरी प्रसाद चौरसिया, प्रख्यात लेखक संदीप नाथ, गिरीश विश्वा, ड्रमण शिवमणि जैसे कलाकार ओशो होम आश्रम पहुंचे हैं। ओशो की नगरी में उन्होंने आध्यात्मिक ऊर्जा को महसूस किया है। उनका कहना है कि जिस तरह बॉलीवुड के महान कलाकार यहां ओशो साधना में लीन हो रहे हैं, उसी तरह संस्कारधानीवासी भी ओशो के विचारों, ऊर्जा को यहां आकर महसूस कर सकते हैं। मां नर्मदा के किनारे बना यह आश्रम ध्यान साधना का एक अद्भुत केंद्र है, जहां कण कण में बस ओशो का आनंद है, आनंद में ओशो हैं। स्वामी प्रेम पारस ने बताया कि शरद शर्मा व साथियों को संगमरमरीवादियां भी खूब पसंद आईं। फेमस सिंगर शरद सारेगामापा में रनरअप रह चुके हैं, उन्होंने प्रसिद्ध संगीतकार हिमेश रेशमिया के संगीतबद्ध किए हुए गीतों को भी सुरों से सजाया है।


**उपनाम (सरनेम) परिवर्तन सूचना**

मैं SHASHANK SONI उम्र 35 वर्ष S/O PRAKASH KUMAR SWARNKAR मेरी 10th, 12th की अंकसूची मे मेरा नाम SHASHANK SWARNKAR लिखा हुआ है जो की गलत है मेरा सही नाम SHASHANK SONI है जो मेरे आधार और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अतः मुझे मेरे सही नाम SHASHANK SONI से जाना पहचाना जाए।
नया नाम
SHASHANK SONI
पुराना नाम
SHASHANK SWARNKAR
पता :-105 त्रिमूर्ति नगर जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. JC 703808H RANK-SUB NAME NK MURUGAN S/O LATE N. KARUPPAN CHETTIAR OF UNIT MH JABALPUR (M.P.), R/O - H NO 196, MAIN ROAD-3, NEAR MANTHAI, MAMSAPURAM, SIVANDIPATTI, VIRUDHUNAGAR, MOHAMED SAHIBPURAM, TAMIL NADU 626110. I state that in my Son, Aadhar card and Birth certificate my Son Name (K.M.DHAMODHARAN) which is true and correct but in my Army service Record my Son name is recorded DHAMODHARAN Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Son is K.M. DHAMODHARAN and same Name shall be corrected in my Army service Record.
CORRECT NAME
K.M. DHAMODHARAN
INCORRECT NAME
DHAMODHARAN

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS KUSUM SANJAY KESHWANI I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS KUSUM KESWANI W/O SAJAY KUMAR KESWANI RESIDENT OF KESWANI BHAWAN, BASANT BAHAR VALO KE SAMNE, NAI BASTI, JAI PRAKASH WARD N 10, KATNI (M. P.) 483501.





# ओवर टाइम की मांग को लेकर जीसीएफ में धरना प्रदर्शन

**जबलपुर।** गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) में ओवर टाइम की मांग को लेकर मजदूर संघ के द्वारा मंगलवार को मुख्य द्वार पर भोजन अवकाश के समय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। कर्मचारी नेताओं का कहना है पिछले वित्तीय वर्ष में हम अपना उत्पादन लक्ष्य हासिल करने में असमर्थ थे एवं इस वित्तीय वर्ष में पिछले वित्तीय वर्ष से ज्यादा उत्पादन लक्ष्य है दिनों दिन कर्मचारियों के सेवानिवृत होने से कर्मचारियों की संख्या लगातार घटती जा रही है प्रशासन को कई बार पत्र एवं ज्ञापन के माध्यम से ओवरटाइम की मांग की गई, लेकिन इसे अनदेखा किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। धरना प्रदर्शन में जीसीएफ मजदूर संघ हथोड़ा के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ ऑर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया व्हीकल फैक्ट्री जीआईएफ सीओडी के लाल झंडे के सभी पदाधिकारी शामिल हुए।

# प्रभु प्रेमी संघ का गुरुपूर्णिमा महोत्सव कल

**जबलपुर।** जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी के जबलपुर के शिष्य परिवारों द्वारा गुर पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरू-शिष्य परंपरा की महिमा का स्मरण, आध्यात्मिक साधना की प्रेरणा, तथा धर्म, भक्ति और श्रद्धा के भावों का विस्तार करना है। प्रभु प्रेमी संघ, जबलपुर द्वारा दिव्य - भव्य गुरूपूर्णिमा के पावन अवसर पर आध्यात्मिक आयोजन 10 जुलाई को श्री दत्त मंदिर परिसर गोलबाजार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 आयोजित किया जायेगा। नवनीश जौहरी, डॉ विजयकांत तिवारी एवं समस्त सहयोगी प्रभु प्रेमी संघ ने सभी गुरू महाराज के शिष्य परिवार जनों एवं जनसामान्य से इस पुण्य अवसर पर उपस्थिति की अपील की है।



# किसानों को जबरन थमाई जा रही यूरिया और डीएपी की बोतल

**सिस्टम से नाराज भारत कृषक समाज ने सीएस को भेजा ईमेल**

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में खाद के वितरण में बहुत अनियमित्ताएं हो रही है। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा काला बाजारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उर्वरक वितरण में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नगद उर्वरक वितरण हेतु आन लायन टोकन प्रणाली की व्यवस्था की गई है। जिसमे किसानों को टोल फ्री नंबर 0761 181 पर बुकिंग हेतु कहा जा रहा है, यह सिस्टम ठीक कार्य नहीं कर रहा है, ऐसा लगता है की इसे केवल कुछ खास किसानों की मदद करने के लिए बनाया गया है। इस आशय का आरोप भारत कृषक समाज द्वारा लगाया गया है और समस्या के समाधान के लिए मुख्य सचिव को ईमेल भेजा गया है। ईमेल में भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि खाद बाजार में महंगे दामों में बिक रही है। कुछ लोग इसका लाभ ले रहे है। इस पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। इस प्रणाली में पहले तो आम किसान का फोन उठता ही नहीं, और यदि कभी किसी का उठ भी गया तो उसका नंबर आने में कई दिन लगते हैं। वितरण केंद्रों से पहले से ही बुकिंग की जाकर खाद निकाल ली जाती है, आम किसान का नंबर ही नही आ पाता।

इसमे प्रभावशाली, दबंग, और कुछ बड़े किसान ही लाभ ले पा रहे हैं, उनको खाद का वितरण हो जाता है, आम और छोटे किसान भटकते रह जाते हैं। सिस्टम में सुधार की मांग मुख्य सचिव से की गई है। भारत कृषक समाज महाकौशल के अध्यक्ष केके अग्रवाल ने मुख्य सचिव को भेजे गए ईमेल में ये भी कहा है कि जबलपुर जिले में कलेक्टर द्वारा खाद के साथ नेनो यूरिया एवं नेनो डीएपी की बॉटल दिये जाने के निर्देश जारी किये गये है। किसानों को जबरजस्ती बोतलें थमाई जा रहीं है। जो की एफ्सीओ 1985 एवं उर्वरक संचलन आदेश तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 का स्पष्ट उलंघन है। एक्ट के अनुसार इस तरह की बाध्यता अवैधानिक है। शिकायत की प्रतिलिपि सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, संभाग कमिश्नर, कलेक्टर जबलपुर को भी भेजी गई हैं।


**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 08/07/2025
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमेश तिवारी पिता श्री लालमन तिवारी ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वरदास रोहाणी के भवन क्रमांक प्लाट नं. 13 प्रियदर्शनी कॉलोनी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002151551 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 740 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सांमत आहूजा पिता श्री रनवीर राय आहूजा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/74
दिनांक:- 01/07/2025
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति श्वेता अग्रवाल पति श्री अरूण अग्रवाल ने मकान नं. 1205/पेन्ट हाउस नं.-2 वार्ड पं. स्वामी दयानंद सरस्वती चतुर्थ तल 1250 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर


# पशु पालन के क्षेत्र में नई तकनीकों को सीखे : विश्नोई

## जबलपुर वेटरनरी कॉलेज का 78वां स्थापना दिवस मनाया गया

जबलपुर।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर का 78 वां स्थापना दिवस एवं जेवीसी अल्युमिनाई मिलन का आयोजन मंगलवार को महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अजय बिश्नोई, पूर्व मंत्री एवं विधायक पाटन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर गोविंद प्रसाद मिश्रा, संस्थापक कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं पशु पालन विश्वविद्यालय रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर जेपी शिव संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं मध्य प्रदेश शासन, विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉक्टर एस एस तोमर ,अध्यक्ष जेवीसी एल्यूमीनाई संगठन डॉ सुनील नायक तथा अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर डॉ राजेश कुमार शर्मा मंचासीन रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियो द्वारा मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, शाल -श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। साथ ही कार्यक्रम में पधारे भूतपूर्व छात्र व एल्यूमिनाई का स्वागत पुष्प से किया गया।महाविद्यालय द्वारा गत 77 वर्षों की गौरव यात्रा का प्रदर्शन एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में किया गया। स्वागत उद्बोधन जेवीसीए अध्यक्ष डॉक्टर सुनील नायक द्वारा किया गया ।अधिष्ठाता डॉ आरके शर्मा द्वारा महाविद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक अजय विश्नोई ने सभागार में उपस्थित सभी को स्थापना दिवस की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि महाविद्यालय पशु सेवा तथा पशुपालकों के लिए बहुत बढ़िया काम कर रहा हैं उन्होंने छात्र छात्राओं को प्रेरित किया कि पशुपालन क्षेत्र में नई तकनीकों को सीखें और एंब्रियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी, सेक्स सीमेंन आदि को ज्यादा से ज्यादा प्रायोगिक तौर पर करें तथा पशुधन को मजबूत बनाएं जिससे पशु चिकित्सक का कद और बढ़ सके। अपने उद्बोधन में संस्थापक कुलपति ने अपने शिक्षकों को याद करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय की नींव बहुत मजबूत है तथा इतिहास गौरवशाली है।

जेवीसीए की ओर से छात्राओं को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर 21 स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन डॉ पायल जैन ने किया तथा आभार डॉ आदित्य मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया।


**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 08/07/2025
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मिताली आगस्तय पति श्री प्रियंक आगस्तय ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 313/1, 313/1/2P-4 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382102 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 2875 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री आशीष गुप्ता पिता श्री ताराचंद गुप्ता का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**आम-सूचना**

मैं अपने पक्षकार अब्दुल कादिर खाँ आत्मज स्व. गफूर खाँ निवासी-1597 हनुमानताल, जबलपुर म.प्र. की ओर से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार मैनेजिंग पार्टनर अनवर खाँ महबूब खान कंपनी का सन् 1978 में बराबर-बराबर का हिस्सा हो गया था एक हिस्सा अनवर खाँ महबूब ताज बीडी जिसके पार्टनर मकबूल अहमद बनें और दूसरा हिस्सा अनवर खाँ महबूब चांद बीडी कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर अब्दुल कादर खाँ है। उपरोक्त दोनों व्यक्ति मैनेजिंग पार्टनर है किन्तु मेरे पक्षकार को यह ज्ञात हुआ है कि मकबूल अहमद स्वयं को मैनेजिंग डायरेक्टर बनाकर उक्त संपत्ति को विक्रय करने की कोशिश कर रहे है अतः आम सूचना जारी की जाती है कि बिना किसी अन्य पार्टनरों की सहमति के अनवर खाँ मेहबूब चांद बीड़ी अनवर खाँ मेहबूब ताज बीड़ी की कोई भी संपत्ति बिना सभी पार्टनरों की सहमति के क्रय न करें। अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करने के लिए तत्पर होगें जिसके समस्त परिणामों के लिए क्रेता एवं विक्रेता स्वयं उत्तरदायी होंगें।
जबलपुर, दिनांक : 07/07/2025
भवदीय
(शबाब खान) अधिवक्ता
मो.नं. 7987585748

### मूंग खरीदी में अभी तीन से चार दिन और लग सकते है

# दूसरे दिन भी चलता रहा मूंग उपार्जन केंद्र की तैयारी का दौर

**तौल कांटा बारदाना और हम्माल कुछ नहीं**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



समर्थन मूल्य पर 7 जुलाई से मूंग की खरीदी का दावा किया जा रहा था लेकिन मंगलवार को निश्चित तिथि के दूसरे दिन भी उपार्जन केंद्र स्थापित किए जाने की तैयारियां जारी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भोपाल तहसील में सेंट्रल वेयरहाउस, कोलार तहसील में वैष्णव वेयरहाउस और बैरसिया तहसील में भव्य वेयरहाउस को बतौर मूंग उपार्जन केंद्र घोषित किया गया है,लेकिन इन उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य 8682 रुपए प्रति क्विंटल की दर न तो मूंग और समर्थन मूल्य 7400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उड़द का एक दाना खरीदा खरीदा गया है क्योंकि सरकार ने जिस विभाग को मूंग उपार्जन का जिम्मा सौंपा है उसने अभी तौला कांटा, बारदाना और हम्माल आदि की कुछ व्यवस्था नहीं की है। गौरलतब है कि भोपाल जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग विक्रय करने के लिए 1600 से अधिक किसानों अपना पंजीयन पोर्टल पर दर्ज कराया है। मगर मूंग उपार्जन की निर्धारित तारीख के दूसरे दिन उपार्जन व्यवस्था सुचार ढंग नहीं होने से किसानों ने अपनी उपज नहीं बेचीं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार समर्थन मूल्य पर उपार्जन शुरू नहीं होने पाने का मुख्य कारण जिले में केंद्रों का निर्धारण नहीं होना और केंद्रों पर बारदान व कांटे सहित अन्य व्यवस्थाएं मौजूद नहीं होना हैं। हालांकि कृषि विभाग मूंग खरीदी किए जाने की बात कह रहा है। इसके विपरीत व्यवस्थाओं का अभाव यह स्पष्ट कर रहा है कि मूंग खरीदी में अभी भी तीन से चार दिन लग सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा किसानों के लंबे विरोध के बाद समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी किए जाने का निर्णय लिया था। पिछले दिनों आए आदेश के तहत प्रति हेक्टेयर 12 क्विंटल की दर से किसानों से मूंग की खरीदी की जाएगी।

#### मप्र में 2.94 लाख किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ

*मध्य प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की सरकारी खरीदी के लिए 2.94 लाख किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जबकि उड़द के लिए 11,495 किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया। केन्द्र सरकार द्वारा 2024-25 के मार्केटिंग सीजन के लिए मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रुपए प्रति क्विटंल तथा उड़द का समर्थन मूल्य 7400 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।इसी मूल्य स्तर पर किसानों से दलहनों की खरीद की जाएगी। केन्द्र सरकार ने इस बार 3.51 लाख टन मूंग एवं 1.23 लाख टन उड़द की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है।*

#### प्रदेश के इन जिलों में किसानों से मूंग की खरीद

*जबलपुर, गुना, सागर, देवास, सीहोर, हरदा, रायसेन, नरसिंहपुर, विदिशा, दमोह, कटनी, खंडवा, खरगोन, नर्मदा पुरम,बालाघाट, इंदौर, अशोक नगर, शिवपुरी, मंडला, राजगढ़, धार, उमरिया, छतरपुर, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, भोपाल, सिवनी, भिंड, श्योपुर, मुरैना, बैतुल, बड़वानी एवं सतना शामिल है। इसके साथ-साथ बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, पन्ना, शिवनी, डमरिया, दमोह जबलपुर, नरसिंहपुर एवं कटनी जिलों में उड़द की सरकारी खरीद की जाएगी।*

### जमाखोरी और कृत्रिम तेजी पर सरकार का बड़ा एक्शन

# तेल कंपनियों पर निगरानी, पैक साइज होंगे तय, ग्राहकों को मिलेगा फायदा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खाद्य तेल की लगातार बढ़ती कीमतों और जमाखोरी की शिकायतों को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने 'वेजिटेबल ऑयल प्रोडक्शन एंड अवेलेबिलिटी ऑर्डर 2025' का ड्राफ्ट जारी कर दिया है, जिसका उद्देश्य है बाजार में पारदर्शिता बढ़ाना, कीमतों को नियंत्रण में रखना और उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना। इस प्रस्ताव पर सभी हितधारकों से 11 जुलाई 2025 तक सुझाव मांगे गए हैं।

#### कंपनियों की हर गतिविधि पर सरकारी नजर

*ड्राफ्ट के तहत, खाद्य तेल कंपनियों को अब हर महीने अपने उत्पादन, स्टॉक, बिक्री, आयात और निर्यात की जानकारी सरकार को देनी होगी। अभी तक यह विवरण अनिवार्य नहीं था, जिससे सरकार को बाजार की स्थिति का सटीक आकलन करना मुश्किल हो रहा था। यदि कोई कंपनी नियमों का उल्लंघन करती है तो सरकार प्लांट निरीक्षण से लेकर कानूनी कार्रवाई तक कर सकेगी।*

#### मानक पैक साइज फिर से होंगे अनिवार्य

*पिछले कुछ वर्षों में 800 ग्राम, 810 ग्राम और 850 ग्राम जैसे अनियमित पैकेट साइज के नाम पर उपभोक्ताओं से 1 किलो के बराबर कीमत वसूल की जा रही थी। अब सरकार इन धांधलियों पर अंकुश लगाने के लिए 500 ग्राम, 1 किलो, 2 किलो और 5 किलो जैसे मानक पैक साइज को फिर से अनिवार्य करने की योजना पर काम कर रही है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार इससे उपभोक्ता स्पष्ट रूप से समझ पाएंगे कि वह कितना उत्पाद खरीद रहे हैं और क्या सही कीमत चुका रहे हैं। इससे न केवल भ्रम की स्थिति खत्म होगी, बल्कि मूल्य हेरफेर पर भी रोक लगेगी।*


#### उपभोक्ता विश्वास बहाल करने की कोशिश

*सरकार को उम्मीद है कि ये सख्त नियम न केवल बाजार को स्थिर और पारदर्शी बनाएंगे, बल्कि जमाखोरी और ठगी पर लगाम लगाकर उपभोक्ताओं के विश्वास को फिर से मजबूत करेंगे।*

### फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नेतृत्व में हुई वर्चुअल मीटिंग

## शैक्षणिक आदान-प्रदान पर भोपाल के प्रमुख विवि एवं स्मोलेंस्क के विवि के मध्य बनी सहमति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) द्वारा भोपाल के प्रमुख विश्वविद्यालयों एवं स्मोलेंस्क (रूस) के विश्वविद्यालयों के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान के लिए वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में भोपाल के विश्वविद्यालयों में आईईएस विश्वविद्यालय के चांसलर बीएस यादव एवं डायरेक्टर प्रो. मनीषा कावथकर, सेज विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. नवीन ढींगरा, डॉ. शैफाली त्रिपाठी एवं डॉ. आरती उपाध्याय, एलएनसीटी विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अनुपम चौकसे, जागरण लेकसिटी विश्वविद्यालय के चेयरमेन अभिषेक मोहन गुप्ता, राजमाता सिंधिया एग्रीकल्चर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, ग्वालियर से डॉ. अखिलेश सिंह एवं टुबा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर श्याम राठौर ने भाग लिया। जबकि रूस के स्मोलेंस्क शहर के स्मोलेंस्क ब्रांच ऑफ द रशियन इकॉनोमिक यूनिवर्सिटी, स्मोलेंस्क स्टेट यूनिवर्सिटी, स्मोलेंस्क ब्रांच ऑफ द रिसर्च यूनिवर्सिटी (मॉस्को पॉवर इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट), स्मोलेंस्क ब्रांच ऑफ द फायनेंशियल एकेडमी अंडर द गर्वमेंट ऑफ द रशियन फेडरेशन, स्मोलेंस्क इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनोमिक (ब्रांच ऑफ सेंट पिट्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, मेनेजमेंट एण्ड इकानॉमिक्स), स्मोलेंस्क स्टेट एग्रीकल्चरल एकेडमी ने भाग लिया। इस मीटिंग में दोनों शहरों के विश्वविद्यालयों के बीच शार्ट ऑनलाईन कोर्स, समर स्टुडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, डिग्री प्रोग्राम, प्रोफेशनल्स के बीच ज्वाइंट साईंटीफिक रिसर्च प्रोग्राम, ड्यूल डिग्री प्रोग्राम, हेकॉथान एवं स्टार्टअप एक्टीविटी प्रारंभ करने पर सहमति बनी।

## महिंद्रा 'फुरियो' सर्वाधिक माइलेज और मुनाफा देने वाला ट्रक बना

**मुंबई** । महिंद्रा ग्रुप की इकाई महिंद्रा ट्रक एंड बस ने अपने आधुनिक हल्के वाणिज्यिक वाहन रेंज महिंद्रा फुरियो 8 को औपचारिक रूप से बाजार में लांच किया। महाराष्ट्र स्थित महिंद्रा की अत्याधुनिक निर्माण इकाई में निर्मित फुरियो 8दो वेरिएंट में उपलब्ध है 4-टायर कार्गो और 6-टायर कार्गो, जो एलसीवी श्रेणी में विभिन्न व्यवसायों की जरूरतों को पूरा करते हैं। अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया यह ट्रक सर्वोत्तम माइलेज, अधिक पेलोड क्षमता और उन्नत केबिन के साथ आता है, कंपनी के समूह कार्यकारी बोर्ड के सदस्य विनोद सहाय ने कहाकि महिंद्रा फुरियो 8 की यह नई रेंज 'सबसे ज्यादा माइलेज नहीं मिला तो ट्रक वापस कर दें' की गारंटी के साथ आती है।

## हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर सेगमेंट में सोनालीका की बड़ी छलांग, 43,603 ट्रैक्टरों की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



सोनालीका ट्रैक्टर्स अपने हेवी ड्यूटी ट्रैक्टरों द्वारा नए मानक स्थापित करने के लिए जाना जाता है, जो किसानों को बेहतर उत्पादकता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अनुकूलित हैं। इस दृष्टिकोण ने कंपनी को अप्रैल-जून 2025 के दौरान कुल 43,603 ट्रैक्टरों के साथ अब तक की सर्वाधिक क्यू1 बिक्री दर्ज करने में मदद की है। यह महत्वपूर्ण छलांग हर किसान के लिए 'दम आगे बढ़ने का' वादा और 20-120 एच पी ट्रैक्टर सेगमेंट में कंपनी की अत्याधुनिक इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रमाण है।कंपनी के पास 400 से ज़्यादा कुशल इंजीनियरिंग विशेषज्ञ हैं जो सबसे उन्नत तकनीक से चलने वाले ट्रैक्टर विकसित करने के लिए हर किसान की प्रतिक्रिया पर कार्य करते हैं। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहाकि हमने हर किसान की यात्रा में अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों से 'दम आगे बढ़ने का' के वादे के साथ सार्थक योगदान देने का लक्ष्य रखा है। हमने कुल 43,603 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक क्यू1 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है।

## एयर टर्मिनल परियोजना के लिए पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन को मिला पांचवां ठेका

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड को राजस्थान में प्रतिष्ठित उदयपुर एयर टर्मिनल परियोजना के लिए न्याती इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से पांचवां महत्वपूर्ण कार्यादेश प्राप्त हुआ है। इस नवीनतम ठेके की कुल मूल्य 2.59 करोड़ है, जो भारत के प्रमुख विमानन केंद्रों में से एक के बुनियादी ढांचे को आकार देने में पीआईजीएल की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करता है। इस नए आदेश में उदयपुर एयर टर्मिनल पर ईएलवी रेसवे और केबल ट्रे कार्यों की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है।

### पीएनबी का मॉनसून बोनान्ज़ा रिटेल ऋण अभियान शुरू

*भोपाल। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 01 जुलाई 2025 की प्रभावी तिथि से पीएनबी मानसून बोनान्ज़ा 2025 रिटेल ऋण अभियान लांच किया है। इस अभियान का उद्देश्य आवास ऋणों, कार ऋणों व अन्य रिटेल ऋण के क्षेत्रों में बेहतर ग्राहक अनुभव के साथ लक्षित ऑफरों के माध्यम से रिटेल ऋण की वृद्धि को बढ़ावा देना है। अभियान की अवधि के दौरान पीएनबी ग्राहकों के लिए ऋण को अधिक किफायती बनाने के लिए कई आकर्षक रियायतें दे रहा है। 50 लाख रुपए से अधिक के आवास ऋण अधिग्रहण के लिए एनईसी/विधि एवं मूल्यांकन प्रभार बैंक द्वारा वहन किया जाएगा। सुबोध कुमार, महाप्रबंधक, आरएबीडी, पीएनबी ने कहाकि हमारे 'पीएनबी मॉनसून बोनान्ज़ा 2025 अभियान के माध्यम से हम अपने ग्राहकों के लिए ऋण को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।*

### बैंक, आईटी शेयरों में खरीदी से सेंसेक्स 270 अंक चढ़ा

**मुंबई**। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,500 अंक के ऊपर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के साथ बैंक तथा चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,712.51 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में 18 लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,522.50 अंक पर बंद हुआ।विशेषज्ञों के अनुसार, शेयर बाजार लगभग पूरे कारोबार के दौरान सीमित दायरे में रहा। कारोबार समाप्त होने से पहले कुछ शेयरों में लिवाली हुई। निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में ठोस प्रगति का इंतजार है। इस बीच, अमेरिका ने जवाबी शुल्क लगाने की समयसीमा बढ़ाकर एक अगस्त कर दी है।

# अब नहीं पड़ेगी बैंक खाते में न्यूनतम बैलेंस रखने की जरूरत?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ वित्त मंत्रालय ने सभी सरकारी बैंकों को दिया निर्देश

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अब न्यूनतम बैलेंस की शर्त को हटाने पर विचार कर रहे हैं। कैनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक और इंडियन बैंक जैसे दिग्गज सरकारी बैंकों ने हाल ही में न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता को हटा दिया था। हाल ही में वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और बैंकों के बीच हुई एक बैठक में यह मुद्दा उठा। मंत्रालय ने सीधा सवाल किया कि जब अधिकांश बैंकिंग सेवाएं डिजिटल हो चुकी हैं, तो फिर ग्राहकों पर बैलेंस का बोझ क्यों डाला जा रहा है। मिनिमम बैलेंस से मतलब एक बैंक खाते में बनाए रखे जाने वाली वह रकम है, जिसके न रहने पर ग्राहक को जुर्माना चुकाना पड़ता है। आसान भाषा में कहें तो बैंक चाहता है कि आपके खाते में हमेशा कुछ न कुछ पैसा रहे, ताकि खाता चलता रहे। सरकारी बैंकों की बजाय निजी बैंकों के मिनिमम बैलेंस को लेकर नियम ज्यादा कड़े हैं।




#### जनधन खातों से मिली सीख

बैंकों का कहना है कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खोले गए खातों से एक नई सीख मिली है। शुरुआत में भले ही ये खाते निष्क्रिय रहे, लेकिन समय के साथ इनमें रकम जमा होनी शुरू हो गई। यही अनुभव अब नीति परिवर्तन की ओर इशारा कर रहा है।

#### स्टेट बैंक ने सबसे पहले हटाई पाबंदी

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पहले ही साल 2020 में यह फैसला ले लिया था। उसने न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया था, जब एक आरटीआई में सामने आया कि जुर्माने से हुई कमाई बैंक के मुनाफे से ज्यादा थी! इस पर काफी आलोचना भी हुई थी।

#### निजी बैंक अभी भी सख्त

हालांकि, निजी बैंक अभी भी इस नियम को लेकर सख्त नजर आते हैं। हालांकि जनधन और सैलरी अकाउंट पर वे भी ढील देते हैं। इसके अलावा वे उन ग्राहकों को भी छूट देते हैं, जिनके खाते में निवेश, फिक्स्ड डिपॉजिट आदि के रूप में 'रिलेशनशिप वैल्यू' बनी रहती है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## घर के खाने की बात है निराली


**सितारों का भी है मानना**

**मुंबई**। लंबे शूटिंग ऑवर्स में सिर्फ टैलेंट और स्टैमिना नहीं, बल्कि अच्छा और पोषण से भरपूर खाना भी ज़रूरी होता है। यह एक्टर्स को न सिर्फ एनर्जेटिक रखता है, बल्कि उन्हें जुड़े रहने का एहसास भी देता है। कई एक्टर्स के लिए उनका टिफिन सिर्फ खाना नहीं, बल्कि उसमें घर का स्वाद, परंपरा और रिश्तों की मिठास भी होती है। एण्डटीवी की अभिनेत्रियों सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी) ने बताया कि वो सेट पर किस तरह का खाना लेकर जाना पसंद करती हैं। सपना सिकरवार, जो 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, "मेरे लिए खाना सेट पर मूड फिक्सर है! चाहे शूट कितना भी बिज़ी या भागदौड़ भरा क्यों न हो, लंच ब्रेक का इंतज़ार रहता है। मेरा डब्बे में घर का बना सादा और स्वादिष्ट खाना होता है- जैसे कि रोटी-सब्ज़ी, दाल-चावल या कभी-कभी बेसन या सूजी का चीला। शाम के लिए स्नैक्स भी लेकर आती हूं, जैसे पोहा, उपमा या मसाला मूंगफली। व्रत वाले दिन साबूदाने की खिचड़ी, केले-सेब जैसे फल और थोड़ा दही सहारा बनते हैं। लेकिन एक चीज़ जो हमेशा टिफिन में होती है, वो है अचार-चाहे आम का हो, नींबू का या मिक्स, उसका तीखा चटपटा स्वाद खाने में जान डाल देता है। पर लंच को सबसे खास बनाता है साथ खाना। सिर्फ आप क्या लाए हैं, ये ज़रूरी नहीं, बल्कि आप किसके साथ खा रहे हैं, वो भी मायने रखता है। मेरे लिए वो साथी हैं मेरी को-एक्टर और दोस्त गीतांजलि मिश्रा, जो ऑनस्क्रीन बहन भी हैं और रियल लाइफ में कमाल की कुक भी! उनके टिफिन में मटर पनीर, स्टफ्ड पराठे और कभी-कभी हलवा जैसे पकवान होते हैं। पूरे शूट के बीच वो एक लंच ब्रेक किसी छोटे फैमिली लंच जैसा लगता है।" शुभांगी अत्रे, ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी ने कहा, "मेरे लिए खाना सिर्फ भूख मिटाने का ज़रिया नहीं है बल्कि यह मेरी एनर्जी, मूड और यहां तक कि स्किन से भी जुड़ा है। टिफिन में आमतौर पर नरम फुल्के और मौसमी हरी सब्ज़ियां जैसे लौकी, टिंडा, भिंडी या पालक पनीर होती हैं। हल्के खाने के दिन मूंग दाल का चीला या सब्जियों वाली खिचड़ी खाना पसंद करती हूं। सलाद मेरी डेली डाइट का हिस्सा है-जिसमें चुकंदर, खीरा, गाजर या स्प्राउट्स होते हैं। थोड़ी एनर्जी के लिए भीगे हुए बादाम, अखरोट और खजूर एक छोटे डब्बे में रखती हूं, ताकि शूट के बीच झटपट खा सकूं। फल भी ज़रूरी हैं। सेब, अनार, पपीता और गर्मियों में खरबूजा, ये न सिर्फ ताज़गी देते हैं बल्कि भूख भी कंट्रोल में रखते हैं। मैं ऑर्गेनिक और सीज़नल चीज़ें खाने की कोशिश करती हूं और कभी-कभी छाछ या डिटॉक्स ड्रिंक भी शामिल करती हूं। साफ-सुथरा और संतुलित खाना मुझे न सिर्फ फिट रखता है बल्कि मानसिक रूप से भी शांत और फोकस्ड बनाए रखता है। मेरा फूड मंत्रा है-'हल्का खाओ, सही खाओ।'"



हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5922



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -5921 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5932

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5931 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style



# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।

हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता



**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2

## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।

**आप जैसा कोई** : आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत



शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2** : केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टी: एक नई पहचान** : मिट्टी: एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

## चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

*मुंबई। 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

# विंबलडन : कोहनी की चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद सिनर पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

## तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे

एजेंसी ▶▶| लंदन



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।

सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया। यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है, जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे, जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे।



## मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को हराकर अंतिम 8 में बनाई जगह

इस बीच महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रीवा का अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिक से होगा, जो ऑल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करने के 11 साल बाद पहली बार विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इसके अलावा लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। सैमसोनोवा ने इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और अब उनका सामना इगा स्वियाटेक से होगा, जो क्लारा टॉसन को 6-4, 6-1 से हराकर दूसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। पुरुष वर्ग में मारिन सिलिच को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू हुए चौथे दौर के मैच में फ्लेवियो कोबोली से 6-4, 6-4, 6-7 (4), 7-6 (3) से हार का सामना करना पड़ा।

### भारत-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से

# लॉर्ड्स में होगी असली परीक्षा! अब तक 19 मुकाबलों में टीम इंडिया ने जीते मात्र तीन

एजेंसी ▶▶| लॉर्ड्स


भारत और इंग्लैंड के बीच हो रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज का तीसरा मुकाबला ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान में 10 जुलाई से खेला जाना है। भारत ने इस मैदान पर अभी तक 19 मैच खेले हैं, लेकिन भारत का रिकॉर्ड यहां पर इतना अच्छा नहीं है। हालांकि, टीम इंडिया के लिए अच्छी बात यह है कि शुभमन गिल की अगुवाई में भारत ने इंग्लैंड को एजबेस्टन में 336 रनों से हराया है।



### भारत का लॉर्ड्स के मैदान में रिकॉर्ड

भारत ने लॉर्ड्स में 1932 से अभी तक 19 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 3 मैच जीते हैं जबकि 12 मैच में टीम को हार मिली है। वहीं 4 मैच ड्रा हुए हैं। भारत का हार जीत का रिकॉर्ड 0.25 का है। भारत ने सबसे पहले 1932 में यहां पर मुकाबला खेला था, जिसमें उसमें 158 रनों से हरा का सामना करना पड़ा था। भारत को इस मुकाबले में पहली जीत 1986 में मिली थी, जब चेतन शर्मा, कपिल देव की शानदार गेंदबाजी और दिलीप वेंगसरकर की पहली पारी में शतकीय पारी के दम पर भारत ने जीत दर्ज की थी।

### बुमराह की वापसी की संभावना



दूसरी तरफ भारतीय टीम की बात करें तो एजबेस्टन टेस्ट में स्टार गेंदबाज कहे जानें वाले जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया था। लेकिन लॉर्ड्स टेस्ट में उनकी वापसी लगभग तय है। कप्तान शुभमन गिल ने भी संकेत दिए थे कि बुमराह अगला मैच खेलेंगे। बुमराह की वापसी से टीम इंडिया के बॉलिंग अटैक को और मजबूती मिलेगी।

### आर्चर की वापसी से बढ़ी उम्मीद



इंग्लैंड टीम के लिए एक राहत की खबर यह भी है कि स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर तीसरे टेस्ट के लिए पूरी तरह फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। ऐसे में इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में बदलाव तय माने जा रहे हैं, खासकर पेस अटैक को और मजबूत करने की दिशा में।

### वोक्स का सर्वश्रेष्ठ बीत चुका है और क्रॉली सुधार नहीं कर सकतेः बॉयकॉट

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने क्रिस वोक्स और जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैच में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय बीत चुका है जबकि सलामी बल्लेबाज में अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है। वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने अपने कालम में लिखा 'जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।' बॉयकॉट ने लिखा, ''क्रिस वोक्स को देखिए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है, जैसा कि आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं, जहां उनका रिकॉर्ड खराब है।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है लेकिन उनका मुख्य कौशल गेंदबाजी है और उनका काम विकेट लेना है।' क्रॉली के मामले में बॉयकॉट ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज इससे बेहतर नहीं हो सकता।

### आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

## दीप्ति को एक स्थान का फायदा गेंदबाजी में पहुंचीं दूसरे नंबर पर



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं।

दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई। टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है।

### अरुंधति रेड्डी 43वें स्थान पर पहुंची

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्धशतक जमाया था।

### आईएसएसएफ विश्व कप

## फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंचे भवतेग, मैराज और गनेमत





एजेंसी ▶▶| लोनाटो (इटली)

भारतीय निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने दूसरे दिन 25 के दो परफेक्ट राउंड बनाकर खुद को मैराज अहमद खान के साथ यहां आईएसएसएफ विश्व कप (शॉटगन) में पुरुषों की स्कीट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा। पहले चार क्वालीफाइंग राउंड के बाद इन दोनों का स्कोर 98 है। अभी दो क्वालीफाइंग राउंड खेले जाने बाकी हैं। महिलाओं की स्कीट में गनेमत सेखों भी 24-24 राउंड के साथ फाइनल में पहुंचने की मजबूत दावेदार बनी हुई है। उनका कुल स्कोर 96 रहा और वह अभी आठवें स्थान पर हैं।

### दो राउंड में गनेमत एक-एक निशाना चूकी

गनेमत ने सोमवार को ट्रैप कॉनकेवर्डे में अपने क्वालीफाइंग राउंड की शुरुआत 10वें स्थान से की। निर्धारित दो राउंड में वह एक-एक निशाना चूक गईं, जिससे दूसरे दिन के अंत में वह आठवें स्थान पर पहुंच गईं। छह निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। प्रतियोगिता में भाग ले रही दो अन्य भारतीय ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और राइजा ढिल्लों क्रमशः 96 और 93 के स्कोर के साथ 27वें और 28वें स्थान पर हैं। अमेरिका की डानिया जो विज्जी 98 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।

### मैराज अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए हुए

*पुरुषों की स्कीट में भवतेग ने अब तक चार में से तीन राउंड में 25 का परफेक्ट स्कोर बनाया और उन्होंने अभी अस्थायी रूप से 12वां स्थान हासिल किया है। ओलंपियन मैराज (24, 25, 24, 25) ने भी पहले दिन से अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और वह 176 खिलाड़ियों में 15वें स्थान पर हैं। भारत के एक अन्य निशानेबाज पेरिस ओलंपियन अनंत जीत सिंह नरुका (24, 24, 24, 23) 95 अंकों के साथ फाइनल की दौड़ से बाहर दिख रहे थे। महिला और पुरुष दोनों वर्गों के फाइनल से पहले मंगलवार को अंतिम क्वालीफाइंग राउंड खेला जाएगा।*



## टी-20 : मैच जीतने के लिए हरमनप्रीत और शेफाली को दिखाना होगा दम

**मैनचेस्टर।** भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही।

## फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में गुकेश और एरिगैसी को मिली शीर्ष वरीयता

### शतरंज टूर्नामेंट समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होगा





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और विश्व चैंपियन डी गुकेश को उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले चौथे फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः पहली और दूसरी वरीयता दी गई है। इस प्रतियोगिता में बढ़ी हुई पुरस्कार राशि और प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के टिकट दांव पर होंगे। नियमों के अनुसार, ओपन और महिला प्रतियोगिता दोनों में शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाएंगे। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 और जून 2025 के बीच 30 से अधिक क्लासिकल मैच खेल हो। इस कारण पूर्व विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन और विश्वनाथन आनंद जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएंगे।

### आर. प्रज्ञानानंद को चौथी वरीयता

पूर्व विश्व चैंपियन डिंग लीरेन और फैबियानो कारूआना भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे, जिसमें भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर. प्रज्ञानानंद को चौथी वरीयता दी गई ,है जो नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ठीक पीछे हैं। एक अन्य स्टार युवा खिलाड़ी 22 वर्षीय अलीरेजा फिरोजा पांचवें स्थान पर हैं।

### एशियाई जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप

## साईराज परदेसी ने जीता कांस्य पदक

**अस्ताना।** भारत के साईराज परदेसी ने मंगलवार को यहां एशियाई जूनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 86 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। खेलो इंडिया युवा खेलों में 81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले परदेसी ने कुल 338 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 152 जबकि क्लीन एवं जर्क में 186 किग्रा वजन उठाया। महाराष्ट्र के मनमाड के रहने वाले परदेसी ने दोहा में 2024 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।



### सेंट्रल कमांड अंडर-17 गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट

## एपीएस नंबर 2, जैक आरआरसी ने किया शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर।** अंडर-17 गर्ल्स के लिए सेंट्रल कमांड बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन विगत दिवस आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2, जैक आर आर सी, जबलपुर द्वारा किया गया। यह आयोजन विभिन्न आर्मी पब्लिक स्कूलों के युवा एथलीटों के बीच खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना का जीवंत प्रदर्शन था। इस आयोजन में एपीएस नंबर 1 जबलपुर, एपीएस नंबर 2 जबलपुर, एपीएस महू, एपीएस गोपालपुर ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या श्रीमती शीला पाण्डेय एवं एजुकेशन ऑफिसर एस ओ लेफ्टिनेंट कर्नल अनिरुद्ध आनंद जैक आरआरसी जबलपुर उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और समग्र विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। टूर्नामेंट के दौरान, प्रत्येक टीम ने मजबूत बास्केटबॉल कौशल, अनुशासन और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। मेजबान स्कूल ने अच्छी तरह से बनाए गए कोर्ट, जलपान, चिकित्सा सहायता और उत्साही स्वयंसेवकों के साथ मैचों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया। सेंट्रल कमांड अंडर-17 गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट एक शानदार सफलता रही। इसने न केवल उभरते एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया, बल्कि आर्मी पब्लिक स्कूलों के बीच बंधन को भी मजबूत किया। एपीएस नंबर 2, जैक आर आर सी, जबलपुर ने अपने उत्कृष्ट संगठन, आतिथ्य और खेल भावना की जीवंत भावना के लिए प्रशंसा अर्जित की।



## आईपीएल खिताब जीतकर सबसे कीमती फ्रेंचाइजी बनी आरसीबी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल खिताब के 17 साल के सूखे के अंत से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मूल्यांकन बढ़कर 26 करोड़ 90 लाख डॉलर हो गया, जिससे यह फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को पछाड़कर मूल्यांकन के मामले में शीर्ष पर पहुंच गई है।

मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। एक निवेश बैंक हुलिहान लोके की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से संचालित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मूल्यांकन 13.8 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब 90 करोड़ डॉलर हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक व्यवसाय के रूप में आईपीएल का मूल्य 12.9 प्रतिशत बढ़कर 18 अरब 50 करोड़ डॉलर हो गया है।


### खबर संक्षेप



#### सैयामी ने दो बार में पूरी की आयरनमैन 70.3 ट्रायथलन

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सैयामी खेर एक साल में दो बार आयरनमैन 70.3 ट्रायथलन पूरा करने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। आयरनमैन 70.3 दुनिया की सबसे कठिन 'एंड्यूरेंस चुनौतियों' में से एक है, जिसमें खिलाड़ियों को एक ही दिन में 1.9 किमी खुले पानी में तैराकी, 90 किमी साइकिल चलाना और 21.1 किमी हाफ मैराथन दौड़ में भाग लेना होता है। सैयामी ने पहली बार आयरनमैन 70.3 को सितंबर 2024 में पूरा किया और 6 जुलाई को स्वीडन के जोन्कोपिंग में दूसरी बार इस चुनौती को पूरा किया। अभिनेत्री ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया और दूसरी बार आयरनमैन 70.3 पूरा करने की जानकारी दी।

#### जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज मातिगिमु को लगा जुर्माना



**बुलावायो।** जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदई मातिगिमु पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन 'अनुचित और खतरनाक' तरीके से गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई जब मातिगिमु ने गेंदबाजी करने के बाद वापसी आई गेंद को रोका और बल्लेबाज लुआन डि प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो उनकी कलाई पर लगी। मातिगिमु ने खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.9 का उल्लंघन किया। आईसीसी ने कहा कि यह 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है।

#### मुंबई टीम के सहायक कोच बने राणाडे

**मुंबई।** धवल कुलकर्णी मुंबई के गेंदबाजी कोच के रूप में बने रहेंगे जबकि अतुल राणाडे को मुंबई की सीनियर पुरुष टीम का सहायक कोच और ब्राविश शेट्टी को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने यह घोषणा की।



मुंबई की टीम पिछले घरेलू सत्र में रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि 2023-24 सत्र में उसने रिकॉर्ड 43वीं बार इस खिताब को अपने नाम किया था। टीम इसके साथ ही ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी का चैंपियन बनने में सफल रही जबकि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा। एमसीए ने पहले ही ओंकार साल्वी को मुख्य कोच के रूप में बरकरार रखा था।

#### रऊफ-शादाब पाकिस्तान टी20 टीम से बाहर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और आलराउंडर शादाब खान चोटिल होने के कारण इस महीने बांग्लादेश में होने वाली टी-20 श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। रऊफ को पिछले सप्ताह अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जबकि शादाब ने हाल ही में कंधे की सर्जरी करवाई है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के दौरे के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसमें अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और सलमान मिर्जा को भी शामिल किया गया है।



हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, जबलपुर कलेक्टर, एसपी, डीएसपी ट्रैफिक पुलिस को जारी किया नोटिस

# जनहित याचिका में आरोप: ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से शहर की यातायात व्यवस्था चौपट

**▶ जबलपुर नगर निगम एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी व अन्य से भी मांगा जवाब**

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने उस जनहित याचिका पर संजीदगी दर्शाई, जिसमें जबलपुर शहर के बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नलों का मसला उठाया गया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने राज्य शासन, जबलपुर कलेक्टर, एसपी, डीएसपी ट्रैफिक पुलिस, जबलपुर नगर निगम एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी को नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने 3 सप्ताह के अंदर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।



नागरिक उपभोक्ता मंच के डॉ पीजी नाजपांडे एवं नयागांव निवासी रजत भार्गव ने यह जनहित याचिका दायर की है। याचिका में ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से शहर की यातायात व्यवस्था चौपट होने का मसला उठाया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि जबलपुर शहर में लगे लगभग सभी ट्रैफिक सिग्नल बंद हो चुके हैं। इन सिग्नलों पर लगे कैमरों से भी निगरानी नहीं हो रही है। इस कारण ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ई चालान की कारवाई नहीं हो पा रही है। इसके चलते शासन को भी लाखों रुपए की क्षति हो रही है। साथ ही ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से प्रत्येक चौराहे पर जाम लगा रहता है। नगर निगम स्मार्ट सिटी एवं यातायात विभाग एक दूसरे पर जिम्मेदारी का ठीकरा फोड़ रहे हैं, किंतु हालात सुधारनेकोई आगे नहीं आ रहा है। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई है। उन्होंने तर्क दिया कि शहर में लगे सभी ट्रैफिक सिग्नल का अनुबंध समाप्त हो चुका है। नए अनुबंध ना होने के कारण शहर में यातायात व्यवस्था अराजक बन चुकी है। शहर के मुख्य चौराहा ब्लूम चौक पर को पार करने में ही लगभग 10 से 15 मिनट लग रहा है । उन्होंने आग्रह किया कि सभी ट्रैफिक सिग्नल व ट्रैफिक व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए जाएं। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका में बनाए गए अनावेदकों को नोटिस जारी किए।

हाईकोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

## नियमविरुद्ध संचालित अस्पतालों के खिलाफ क्या-क्या कार्रवाई की गई

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि नियमविरुद्ध संचालित अस्पतालों के खिलाफ क्या-क्या कार्रवाई की गई । एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट शहर के न्यू लाइफ अस्पताल में हुए बहुचर्चित अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट पुलिस को सौंपने के निर्देश दिए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रश्नावली के जवाब देने 2 सप्ताह की मोहलत दी।

लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से कोरोना काल के समय धड़ल्ले से खोले गये अस्पतालों के मामले में वर्ष 2022 में दायर जनहित याचिका दायर की थी। इसमें नियम विरुद्ध तरीके से निजी अस्पताल संचालन की अनुमति प्रदान किये जाने को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि नियमों को ताक में रखकर, नेशनल बिल्डिंग कोड, फायर सेफ़्टी के नियम, बिल्डिंग कम्प्लीशन सर्टिफ़िकेट की अनदेखी कर, आगज़नी की स्थिति में दमकल वाहन के लिये 6 मीटर खुला क्षेत्र सहित पार्किंग स्पेस की उपलब्धता देखे बगैर कई अस्पतालों को लायसेंस जारी किए गए हैं।

### हादसे के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

मामले के लंबित रहने के दौरान अगस्त 2022 में न्यू लाइफ अस्पताल में हुए अग्नि हादसे में 8 व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गयी थी। आपातकालीन द्वार नहीं होने के कारण लोग बाहर तक नहीं निकल पाए। राज्यशासन द्वारा बनायी गई उच्च स्तरीय जाँच समिति ने भी तत्कालीन अधिकारियों को दोषी पाया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

ओ.बी.सी. एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने जताया विरोध, कहा - सभी वर्गों के अधिवक्ताओं को प्रतिनिधित्व से संबंधित नहीं किए गए प्रावधान

# महाधिवक्ता कार्यालय ने 1956 से पहली बार शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्तियों का जारी किया विज्ञापन

### चयन की पारदर्शी प्रक्रिया नहीं की गई रेखान्कित

**जबलपुर।** प्रदेश के महाधिवक्ता कार्यालय ने 1956 में स्थापना के बाद पहली बार सरकारी वकीलों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किए हैं। बीती 7 जुलाई को महाधिवक्ता कार्यालय की अधिकृत वेबसाइड पर नोटिस जारी कर, एडीशनल एडवोकेट जनरल, डिपुटी एडवोकेट जनरल, गवर्नमेंट एडवोकेट तथा डिपुटी गवर्नमेंट एडवोकेट के पदों पर नियुक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है । निर्धारित फार्मेट में आवेदन जमा करने की तारीख 7 जुलाई से 18 जुलाई नियत की गई है। विज्ञापन में रिक्त पदों की संख्या नही दी गई है। इसे लेकर विरोध का सिलसिला शुरू हो गया है। ओ.बी.सी. एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रक्रिया पारदर्शी न होने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया है।

ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि विज्ञापन में ओबीसी,एस.सी.,एस.टी व महिलाओं को अनुपातिक प्रतिनिधित्व दिए जाने का प्रावधान नहीं किया गया है

प्राप्त आवेदनों में से किस प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया जाएगा, इसका उल्लेख नियमो में नही है । मौजूदा नियम यह है की महाधिवक्ता महोदय एक पद के विरूद्ध विधि विभाग को तीन नामो की पेनल प्रेषित करेंगे। विधि विभाग, किस प्रक्रिया को अपनाकर तीन नामो में से एक नाम का चयन करेगा, इसका उल्लेख कानून में नही है । प्रेषित तीन नामो की पेनल में जिस अधिवक्ता का चयन/नियुक्ति की जानी है ,उस अधिवक्ता का नाम प्रथम कालम में उल्लिखित किए जाने की प्रथा है। उक्त तथ्य की जानकारी ओ.बी.सी. एडवोकेट्स द्वारा तत्कालीन महाधिवक्ता पुरूषेंद्र कौरव के समय सूचना के अधिकार के तहत ली गई है । वरिष्ठ अधिवक्ता सिंह ने बताया कि एसोसिएशन मध्य प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर कई वार मांग कर चुका है कि प्रदेश के महाधिवक्ता कार्यालय जबलपुर,इंदौर, ग्वालियर तथा नई दिल्ली सहित प्रदेश के समस्त निगम मंडलों, शासकीय तथा अर्धशासकीय निकायों, वित्तीय संस्थानों, बैंको सहित में की जाने वाली नियुक्तियों में प्रदेश के ओबीसी, एस.सी.,एस.टी., महिलाओं को अनुपातिक प्रतिनिधित्व दिए जाने का स्पष्ट रूप से क़ानून बनाया जाए। इस संबंध में एसोसिएशन मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में याचिकाए भी दाखिल कर चुकी है। वर्तमान में इस सामाजिक न्याय की विधिक लड़ाई उच्चतम न्यायालय में 2022 से विचाराधीन है।जिसमे मध्य प्रदेश सरकार शपथ पत्र दाखिल करके शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्तियों में ओबीसी, एस.सी, एस.टी. तथा महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिए जाने से साफ़ मुकर चुकी है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल

## दो असहाय व निराश्रित वृद्ध महिलाओं का पुनर्वास कराया

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने शहर में दो असहायत व निराश्रित वृद्ध महिलाओं से संबधित समाचार पर संज्ञान लिया। इसी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरा को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद खमरिया व पनागर थाना के बीच ग्राम घाना के वन क्षेत्र में खाट व पन्नी से बने अस्थायी निवासी में रहने की जानकारी मिली। दूसरी वृद्धा क्यू टाइप खमरिया बाजार के समीप पन्नी से निर्मित टपरी में निवास कर रही थी। दोनों असहाय निराश्रित वृद्धाएं बिना छत के बरसात में भीगती हुई अपना जीवन-यापन कर रही थीं। जिला विधिक सेवा प्रारिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने बलिराम रजक पूर्व सरपंच घाना व राजेश अहिरवार एएसआई खमिरिया थाना, बाल कल्याण अधिकारी से संपर्क साधा। इस तरह पहली असहाय वृद्धा धनमत ग्वाल उर्फ मुन्नी पति सुखलाल, जो कि बिलासपुर की निवासी है, का वन क्षेत्र चकरघटा, घाना हनुमान मंदिर के बाजू में पुनर्वास किया। दूसरी असहाय वृद्धा, जिसका नाम हल्की बाई है, कुंडम की रहने वाली है। उसका क्यू टाईप, खमरिया बाजार के सामने से पुनर्वास किया गया। पहले दोनों असहाय वृद्धाओं को निराश्रित वृद्धाश्रम, मेडिकल रोड ले जाया गया। जहां पर मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त सचिव अरविन्द श्रीवास्तव की उपस्थिति में दोनों वृद्धाओं के पुनर्वास का निर्धारण किया गया। इस दौरान अनुज शर्मा, हाउस मास्टर, बाल सम्प्रेक्षण गृह, गोकलपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कार्यालयीन स्टाफ अमर कुमार बर्मन, अजय महोबिया व अविनाश कुमार चौधरी उपस्थित रहे।

## चैक बाउंस होने पर 6 माह का कारावास

**जबलपुर।** सिविल कोर्ट की न्यायाधीश वंदना सोनी की अदालत ने धनवंतरी नगर निवासी रागिनी शुक्ला को चैक बाउन्स प्रकरण में दोषी पाते हुए 6 माह के सश्रम कारावास की सजा और चैक राशि 2 लाख 50 हजार रुपए पर 9 प्रतिशत की दर से मूल राशि पर 2 वर्ष 9 माह का ब्याज 3 लाख 11 हजार 875 रुपए का प्रतिकर तथा 5 हजार वाद व्यय जमा करने के आदेश दिए है। रागिनी ने मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा पिसनहारी मढ़िया, जबलपुर से दो लाख रूपये का कोचिंग सेन्टर चलाने के लिये ऋण लिया था और ऋण की रकम चुकाने के लिये उसने बैंक को एक चैक दिया जो अनादरित हो गया और बैंक ने परकाम्य लिखित अधिनियम के तहत उसके विरूद्ध केस लगाया जिसमें न्यायालय ने आरोपी रागिनी शुक्ला को दोषी मानते हुए उसे 6 माह की सश्रम कारावास और 3 लाख 11 हजार 875 रुपए का प्रतिकार तथा 5 हजार रुपए वाद व्यय जमा करवाने से दण्डित किया गया।। प्रकरण में बैंक की ओर से अधिवक्ता राजेश पंजवानी ने पैरवी की।

चेरीताल में दुर्घटना, 35 लाख का नुकसान

## ग्लो साइन बोर्ड दुकान में भड़की आग

**जबलपुर।** चेरीताल पारिजात बिल्डिंग के सामने एक ग्लो साइन बोर्ड की दुकान में देर रात तेज बारिश के बीच आग लगने से हड़कंप मच गया। लोगों ने आग की लपटे और धुआं निकलता देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट होना बताया गया है। दुकान संचालक के मुताबिक इस दुर्घटना में दुकान के अंदर रखी हाईटेक मशीनें, प्लास्टिक बोर्ड सहित अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया है। आग में करीब 35 से 40 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। घटना के संबंध में नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चेरीताल पारिजात बिल्डिंग के सामने स्थित अब्दुल खयूम की ग्लो साइन बोर्ड दुकान एमजेड फेविकेटर्स-क्लासिक ग्राफिक्स में कल देर रात करीब 2:30 बजे आग लग गई। इस दौरान बारिश भी हो रही थी। घटना की सूचना पर दमकल वाहन और दुकान मालिक मौके पर पहुंच गए।



## 5163 करोड़ की लागत से होगा विद्युत ट्रांसमिशन सिस्टम का सुदृढ़ीकरण : ऊर्जा मंत्री

**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्ता पूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत ट्रांसमिशन सिस्टम का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। इसके लिए वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक की कार्य योजना बनायी गयी है। इस योजना के क्रियान्वयन पर 5 हजार 163 करोड़ रूपये का व्यय अनुमानित है। ट्रांसमिशन सिस्टम के सुदृढ़ीकरण के लिए निर्माण कार्यों और संरचनाओं के उन्नयन पर 1154 करोड़, सिंहस्थ-2028 के लिए जरूरी कार्यों के लिए 185 करोड़, नवीन अति उच्चदाव उप केन्द्रों के निर्माण पर 1015 करोड़, मुरैना संभागीय मुख्यालय एवं ग्वालियर शहर के उत्तरी भाग को अनवरत विद्युत आपूर्ति के लिए नवीन अति उच्चदाब लाइनों के निर्माण पर 54 करोड़, प्रदेश में विद्यमान अति उच्चदाव ट्रांसफार्मरों की क्षमता संवर्धन पर 1280 करोड़, आरडीएसएस योजना में वितरण कंपनियों के लिए 184 नग नवीन 33 के.व्ही. में निर्माण पर 81 करोड़, डबल पोल, फोर पोल लाइन को टॉवर लाइन में रूपांतरण पर 662 करोड़ अति उच्चदब टेप लाइनों के स्थान पर लाइनों का लूप-इन, लूप-आउट किया जाना एवं एकल स्त्रोत से प्रदायित उप केन्द्रों के लिए नई लाइनों के निर्माण पर 451 करोड़ और स्काडा प्रणाली के प्रतिस्थापन सहित अन्य कार्यों पर 281 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

**अब 17 गेटों से छोड़ा जा रहा 2.92 क्यूसेक पानी**

# बरगी बांध के 4 और गेट खोले गए



हरिभूमि जबलपुर।

रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना प्रशासन ने बरगी बांध के लगातार बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने मंगलवार 8 जुलाई की शाम 6 बजे इसके चार और गेट खोलने तथा बांध से पानी निकासी की मात्रा बढाकर 2 लाख 92 हजार 514 क्यूसेक करने का निर्णय लिया है।

कार्यपालन यंत्री बरगी बांध राजेश सिंह के अनुसार कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश के कारण बरगी बांध के जलभराव क्षेत्र में पानी की आवक बढ़ती जा रही है। इसे नियंत्रित करने के लिये मंगलवार की शाम 6 बजे पानी निकासी की मात्रा 1 लाख 78 हजार 023 क्यूसेक से बढ़ाकर 2 लाख 92 हजार 514 क्यूसेक ( 8283 क्यूमेक) की जायेगी। बांध से इस मात्रा में पानी छोड़ने के लिये इसके चार गेट और खोले जायेंगे तथा सभी 17 गेट की औसत ऊंचाई 3.82 मीटर की जायेगी।

कार्यपालन यंत्री के मुताबिक बांध से जल निकासी की मात्रा बढने से निचले क्षेत्र में नर्मदा नदी का जल स्तर वर्तमान स्तर से आठ से और दस फुट और बढ़ जायेगा। उन्होंने बांध के निचले क्षेत्र के रहवासियों से नर्मदा तट और घाटों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने इस सीजन में पहली बार रविवार 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे 9 गेट औसत 1.33 मीटर की ऊंचाई तक खोले गये थे और इनसे 52 हजार 195 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। वर्षा जल की आवक को देखते हुये एक दिन बाद सोमवार 7 जुलाई को शाम चार बजे इसके चार और गेट खोले गये तथा सभी 13 गेट को औसत ऊंचाई 3.11 मीटर कर इनसे 1लाख 78 हजार 023 क्यूसेक पानी छोड़ा जाने लगा। एक बार फिर आज मंगलवार की शाम 6 बजे बांध के बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने चार और गेट खोले गए हैं तथा कुल 17 गेटों से 2 लाख 92 हजार 514 क्यूसेक पानी छोड़ा जायेगा।

मंगलवार की शाम 5 बजे बरगी बांध का जलस्तर 419.50 मीटर रिकार्ड किया गया था और इस समय 2 लाख 84 हजार 392 क्यूसेक वर्षा जल प्रवेश कर रहा था।

*इसी हफ्ते शुरू हो सकती है नई ट्रेन*

## रीवा-पुणे-रीवा ट्रेन के शुभारंभ की तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि, जबलपुर।

रीवा से पुणे-रीवा के बीच नई सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की तैयारियां तेज हो गई है। गौरतलब है कि हाल ही में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के द्वारा रीवा-पुणे-रीवा ट्रेन चलाने की घोषणा की थी। ऐसी संभावना है कि 11 जुलाई को ट्रेन का शुभारंभ हो सकता है। जबलपुर रेल मंडल में इस नई ट्रेन के संचालन की हलचल देखी जा रही है। जबलपुर रेल मंडल द्वारा तैयारियां शुरु कर दी गई है। सूत्रों की माने तो इस सिलसिले में जबलपुर रेल मण्डल के सीनियर डीसीएम डॉ. मधुर वर्मा आज 9 जुलाई को अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ रीवा दौरे पर जाने वाले हैं।



उल्लेखनीय है कि 29 मई को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रदेश में चार नई ट्रेनें चलाने की घोषणा की गई है जिसमें पश्चिम मध्य रेल के खातें में दो ट्रेनें आई हैं। एक ट्रेन जो कि जबलपुर रायपुर के बीच चलाई जाना है तो दूसरी रीवा से पुणे के बीच चलेगी, जिसका शुभारंभ होने वाला है।

बताया जाता है कि ट्रेन क्रमांक-20152/20151 रीवा-पुणे-रीवा एक्सप्रेस का शुभारंभ 9 जुलाई को होने वाला था लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते शुभारंभ की तारीख को 11 जुलाई कर दिया गया है।

इधर ट्रेन के संचालन की सभी तरह की तैयारियां शुरू हो चुकी है। ट्रेन के शुभारंभ को लेकर रीवा में वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

### ऐसा है नई ट्रेन का शेड्यूल

ट्रेन क्रमांक 20152 रीवा-पुणे एक्सप्रेस सुबह 6:45 बजे रीवा से चलेगी और अगले दिन सुबह 9:45 बजे पुणे पहुंचेगी। इसी तरह से पुणे से यह ट्रेन रेलवे समयानुसार 17:30 बजे पुणे से चलेगी और दूसरे दिन रीवा पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी सतना, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, भुशावल, मनमाड, कोपरगांव, अहमदनगर होते हुए पुणे पहुंचेगी।

''रीवा-पुणे-रीवा ट्रेन का शेड्यूल आ गया है। ट्रेन के शुभारंभ की सभी औपचारिक तैयारियां की जा रही हैं। संभव है कि इसी हफ्ते ट्रेन का संचालन हो सकता है अभी डेट फायनल नहीं है।''

**मधुर वर्मा**, सीनियर डीसीएम, जबलपुर रेल मंडल




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240